हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • रविवार • 12.01.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 171 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## धनबाद के निजी स्कूल ने छात्राओं के शर्ट उतरवा ब्लेजर और इनरवियर में भेजा घर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**धनबाद :** कोयलांचल धनबाद से एक शर्मसार कर देने वाला मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। दरअसल प्री बोर्ड के अंतिम दिन पेन डे मना रही डिगवाडीह कार्मेल स्कूल की छात्राओं का स्कूल प्रबंधन के जरिये न सिर्फ शर्ट उतरवा लिया गया, बल्कि छात्राओं को इनरवियर और ब्लेजर में ही घर जाने को मजबूर कर दिया गया। अब मामला जिलाधिकारी के पास है और मामले में जांच के आदेश दे दिए गए है।

एक वीडियो उन्ही छात्राओं की तरफ से सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया है, जिन्हें उस मानसिक ड्रामा से गुजरना पड़ा, अब वो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें छत्राओं ने पेन डे को 'ट्रामेटिक डे' बताया है।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि गुरुवार को धनबाद के डिगवाडीह स्थित कार्मेल स्कूल में छत्राए प्री बोर्ड एग्जाम के अंतिम दिन पेन डे मना रही थी। पेन डे के बारे में कहे तो स्टूडेंट परीक्षा समाप्ति के बाद अपने दोस्तों के शर्ट पर उनके भविष्य को लेकर शुभकामनाएं लिखते है और ऑटोग्राफ देते है। यही सब कुछ उस दिन डिगवाडीह कार्मेल स्कूल की छात्राएं अपने साथी छात्राओं के साथ कर रही थी। जिसपर नाराज स्कूल प्रशासन ने स्कूल परिसर में ही मेल टीचर स्टाफ और गार्ड के सामने छात्राओं के बिना अनुमति के जबरन न सिर्फ उनके शर्ट उतरवाए, बल्कि उन छात्राओं को सिर्फ इनरवियर और ब्लेजर पर ही घर भेज दिया गया।

इस शर्मसार कर देने वाली घटना से आक्रोशित छात्राओं के परिजन शनिवार को धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा से मुलाकात कर उन्हें उस घटना से अवगत कराया। इस दौरान छात्राओं के परिजन घटना को लेकर काफी आक्रोशित दिखे। उन्होंने स्कूल प्रशासन पर उनकी बच्चियों के साथ मानसिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बच्चियां इस घटना से इतनी मानसिक तनाव में है कि वो कोई भी गलत कदम भी उठा सकती थी। उन्होंने स्कूल की प्रिंसिपल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और उनके इस्तीफे की मांग की है।

वहीं घटना की सूचना पर झरिया विधायक रागिनी सिंह भी उपायुक्त से मुलाकात कर मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि वह सभी छात्राओं के साथ खड़ी है। जरूरत पड़ी तो इस मामले को लेकर वो राज्य के मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करेंगी। इस मामले के संज्ञान में आते ही धनबाद उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसमे जांच टीम गठित कर दिया है। इस जांच टीम में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, एसडीपीओ और स्थानीय थाना प्रभारी को शामिल किया गया है। जो स्कूल जाकर मामले की जांच करेंगे। साथ ही स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज को भी खंगालेंगे। क्योंकि घटना के वक्त स्कूल प्रबंधन के जरिये सभी छात्राओं का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया था, ताकि कोई इसका वीडियो न बना सके।

उपायुक्त ने बताया कि आने वाले बोर्ड एग्जाम में भी इन छात्राओं को स्कूल प्रशासन की तरफ से कोई दिक्कत ना हो इसका भी ध्यान रखा जाएगा। साथ ही मामला सही पाए जाने पर स्कूल प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सीएम, पूर्व सीएम सहित कई नेताओं ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को जन्मदिन की दी बधाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शनिवार को राज्यसभा सदस्य दिशोम गुरु शिबू सोरेन को उनके 81वें जन्मदिन पर पुष्पगुच्छ भेंटकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके सुदीर्घ जीवन और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उनका आशीर्वाद भी लिया। मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन ने भी दिशोम गुरु शिबू सोरेन को जन्मदिन की बधाई दी और आशीर्वाद लिया। इस दौरान सामूहिक रूप से केक भी काटा गया।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सुप्रीमो शिबू सोरेन से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि दिशोम गुरु और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से मिलकर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही चाची रूपी सोरेन से आशीर्वाद लिया। बाबा बैद्यनाथ से दोनों की लंबी आयु और स्वस्थ जीवन की कामना की। दोनों को जोड़ी शिव-पार्वती की तरह अखंड बनी रहे।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी शिबू सोरेन को जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को जन्मदिन की शुभकामनाएं। बाबा बैद्यनाथ से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना करता हूं। पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने भी सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर शिबू सोरेन के साथ एक तस्वीर साझा करते हुआ कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं। मरांग बुरू से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं।

इस अवसर पर मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री हफीजुल हसन, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, विधायक बसंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक लूईस मरांडी, पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की सहित मुख्यमंत्री के अन्य परिजन तथा कई गणमान्य लोगों ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को उनके जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।



## एक नजर

### एनटीपीसी सीएमपी ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड में कपकपाती ठंड को देखते हुए केऔसुब इकाई एनटीपीसी सीएमपी हजारीबाग के द्वारा चेपाकला पंचायत के पनदवां टांड़ गांव में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। कुल 100 कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण एनटीपीसी सीएमपी हजारीबाग के इकाई प्रभारी उप कमांडेंट सुरेश गोगुलोथू एवं इकाई संरक्षिका अध्यक्ष निहारिका चेपाकला पंचायत के मुखिया अनिकेत नायक व अन्य उपस्थित अतिथियों के हाथों किया गया। मौके पर मुख्य रूप से उप कमांडेंट सुरेश गोगुलोथू , इकाई संरक्षिका अध्यक्ष निहारिका, आसूचना प्रभारी, आरक्षित निरीक्षक, इकाई के बल सदस्य के अलावा चेपाकला मुखिया अनिकेत कुमार नायक, शैलेंद्र मेहता, अमृत भोक्ता, सहित दर्जनों महिला पुरुष शामिल थे।

### इंटर आर्ट्स कॉलेज में लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनी



**बड़कागांव :** थाना रोड स्थित संचालित इंटर आर्ट्स कॉलेज बड़कागांव में देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का पुण्यतिथि मनाया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य मो अली व संचालन अवधेश और मिथलेश कुमार ने किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य अली ने उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि जिस समय अकस्मात ताशकंद में 1965 भारत – पाक के बीच युद्ध विराम करते इनकी मृत्यु हो गई थी। कॉलेज के शिक्षक राजनीतिक विज्ञान के रागिब अफजल ने भी इनके जीवन से जुड़ी बातों को बच्चो के सामने रखा अन्य शिक्षको में उपस्थित थे संजय, अवधेश, रागिब, मिथलेश, सुमित, रेणु और अकाउंटेंट जफर इकबाल ने भी बच्चो को जानकारी दी।

### बसरिया मुखिया मंजु देवी ने पीसीसी पथ निर्माण का किया उद्घाटन



**चौपारण :** बसरिया पंचायत के ग्राम कठम्बा में पीसीसी पथ निर्माण का मुखिया मंजू देवी ने विधिवत फीता काटकर किया उद्घाटन। जहां पीसीसी सड़क निर्माण को लेकर जानकारी देते हुए मंजू देवी ने कहा कि सड़क 15वें वित्त आयोग की राशि के अंतर्गत निर्माण किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गांव की सड़क निर्माण से गांव का विकास होता है उन्होंने कहा कि इस सड़क निर्माण को लेकर इस स्थान में रहने वाले ग्रामीणो सड़क पर चलने वाले ग्रामीणों को सुविधा होगी इधर मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि सड़क नहीं होने के कारण हम सभी ग्रामीणों को बरसात के दिनों में काफी परेशानी हो रही थी। वहीं अब इस सड़क के बन जाने से हमारी समस्या दूर हुई ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया को उद्घाटन को लेकर धन्यवाद किया मौके पर स्थानीय वार्ड सदस्य पूनम देवी वजीर रजक बैजनाथ ठाकुर रेशमी देवी और सभी ग्रामीण उपस्थित थे।

# विस्थापित नेता के हत्यारे राहुल का रामगढ़ में हुआ एनकाउंटर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** मोस्ट वांटेड अपराधी राहुल तुरी उर्फ आलोक और उसका साथी आकाश करमाली रामगढ़ जिले में एक बड़ी वारदात को अंजाम देने पहुंचा था। जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी शुरू की, तो उन दोनों लोगों ने हवा में हथियार लतराते हुए पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इसकी पुष्टि रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने शनिवार को की है। उन्होंने बताया कि दोपहर में ही राहुल और आकाश के कुजू क्षेत्र में छुपे होने की सूचना मिली थी। जब उसे गिरफ्तार करने के लिए हजारीबाग की पुलिस की सहायता से छापेमारी शुरू की गई, तो दोनों ने पुलिस पर ही गोलियां चला दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई शुरू की तो वे लोग मुरपा बस्ती के जंगलों में जाकर छुप गए। इसी दौरान दोनों तरफ से गोलियां चली। पुलिस की गोली से राहुल मारा गया। उसकी मौत के बाद उसका साथी आकाश करमाली गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने जब तलाशी ली तो उन दोनों के पास से दो पिस्तौल और गोलियां बरामद हुई। साथ ही उनके पास से दर्जनों मोबाइल भी मिले हैं। मूल रूप से लातेहार जिले का रहने वाला राहुल तुरी उर्फ आलोक मोस्ट वांटेड अपराधी था। उसने रांची, हजारीबाग और रामगढ़ जिले में कई वारदातों को अंजाम दिया था। रंगदारी वसूलने के लिए वह लगातार व्यापारियों और ठेकेदारों को फोन करता था। रंगदारी नहीं देने पर वह गोलियां भी चलता था। उसने कई गाड़ियों को भी खलारी थाना क्षेत्र में जलाया था। दो दिन पहले ही हजारीबाग जिले के उरिमरी थाना क्षेत्र में उसने विस्थापित नेता संतोष सिंह को गोली मारी थी।

### अपराधी छोड़ दें अपना रास्ता या फिर झारखंड : एसपी

**रामगढ़ :** राहुल तुरी का एनकाउंटर करने के बाद रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने अपराधियों को सीधा फरमान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि अपराधी अपना रास्ता छोड़ दें या फिर वे झारखंड छोड़कर कहीं और चले जाएं। अगर यहां की धरती पर वे अपराध करेंगे, तो उनका नतीजा भी राहुल तुरी की तरह ही होगा। उन्होंने शनिवार को कहा कि उनके कार्यकाल में लगातार संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई हुई है। पांडे गिरोह , श्रीवास्तव गैंग, अमन साहू गैंग और अन्य आपराधिक संगठनों को उन्होंने तोड़ कर रख दिया है। जिस भाषा में अपराधी बात समझाना चाह रहे हैं, उसी भाषा में अब उन्हें समझाया जा रहा है। अगर वह गोलियां चलाना जानते हैं, पुलिस भी इस मामले में कम नहीं है। ठेकेदारों, कंपनियों के मालिको और आम व्यवसायियों से रंगदारी मांगने के लिए फोन पर धमकी दी जा रही है।

## मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में निर्माण कार्यों का डीसी ने लिया जायजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अधिष्ठापित अत्याधुनिक मॉड्यूलर गायनी ओटी के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने उपायुक्त नैंसी सहाय ने आज 11 जनवरी को सदर अस्पताल का दौरा किया। नए ट्रॉमा सेंटर में उपायुक्त के प्रयास से सीएसआर मद से सीसीएल द्वारा अधिष्ठापित किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रसव गृह को उच्चस्तरीय आधुनिक सुविधाओं के साथ सौ फीसदी संक्रमण मुक्त शल्य चिकित्सा के निमित्त अधिष्ठापित कराया जा रहा है। इस गायनी ओटी के क्रियाशील होने के उपरांत मेडिकल कॉलेज के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे जिले तथा आस पास के महिलाओं के लिए उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। मौके पर उपायुक्त ने कार्यकारणी एजेंसी को निर्माण की सभी औपचारिकताएं 20 जनवरी तक पूर्ण करने का निर्देश दिया है ताकि आसन्न 26 जनवरी को हजारीबाग जिला को अत्याधुनिक मॉड्यूलर गायनी ओटी को जिलेवासियों की सुविधा के लिए उपलब्ध कराया जा सके। इस दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल के अन्य विभागों का भी भ्रमण कर इलाजरत मरीजों को उपलब्ध कराई जा रहे मेडिकल सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। मौके पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, सिविल सर्जन सरयू प्रसाद,जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी व अन्य मौजूद रहे।

## रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर विधायक के कार्यालय में विशेष आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** प्रभु श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के पावन अवसर पर हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यालय के समक्ष एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं और आम जनमानस के बीच लड्डू का वितरण किया गया। पूरे आयोजन में भक्तिभाव और उत्साह का माहौल छाया रहा। राम मंदिर का निर्माण और रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा न केवल हमारे धर्म का गौरव है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है। यह अवसर हमें भगवान श्री राम के आदर्शों और मयार्दाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। रामलला का यह मंदिर केवल पत्थरों का नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस अवसर पर समाज में एकता, सद्भाव और मयार्दा के आदर्शों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम के आदर्शों को आत्मसात कर हम एक सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने रामलला के जयघोष के साथ उत्सव को और भी अधिक भव्य बनाया। लड्डू वितरण के दौरान सभी ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। सभी उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद और लड्डुओं का वितरण। श्रद्धालुओं द्वारा जय श्री राम के उद्घोष से कार्यक्रम स्थल गुंजायमान रहा।

## डीएसडब्ल्यू बनने पर डॉ विकास कुमार का विभावि एलुमनाई एसोसिएशन ने किया स्वागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विकास कुमार को छात्र कल्याण संकायअध्यक्ष बनाए जाने पर शनिवार को उन्हें बधाई देने वालों का ताता लगा रहा। दोपहर होते-होते उनके कार्यालय कक्ष रंग बिरंगे वह खूबसूरत पुष्पगुच्छ और पुष्प स्तबक से भर गए। आज सबसे पहले विनोबा भावे विश्वविद्यालय एलुमनाई एसोसिएशन के सदस्यों ने उनका स्वागत किया और बुके देकर बधाई दी। एलुमनाई एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डॉ विकास कुमार को बधाई दी और उम्मीद जताई कि विश्वविद्यालय में छात्र हित के कार्य प्रारंभ होंगे। संघ के सदस्यो ने कहा कि डॉ विकास कुमार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। इस अवसर पर एलुमनाई एसोसिएशन के सदस्यों ने एलुमनाई एसोसिएशन के पंजीयन की प्रक्रिया को जल्द पूरा कराने तथा संघ को उचित स्थान पर कार्यालय उपलब्ध करने की मांग की। नये छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष ने एसोसिएशन को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द एसोसिएशन की पंजीयन की मांगों पर विचार किया जाएगा। मौके पर एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ मंसूर आलम फाखरी, सचिव डॉ सनी कुमार मेहता, उपाध्यक्ष डॉ अमिता, कोषाध्यक्ष डॉ प्रभात कुमार प्रधान, सदस्यों में डॉ कुमारी भारती, मोहम्मद फजल, धर्मेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे। इसके अलावा बधाई देने वाले में कई अवकाश प्राप्त शिक्षक, स्नातकोत्तर एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों की टोली, विश्वविद्यालय के पूर्व पदाधिकारी, शिक्षककेत्तर कर्मचारी संघ के पदाधिकारी, अलग-अलग विभाग के शोधार्थी, विद्यार्थी तथा विश्वविद्यालय में कार्यरत तृतीया वह चतुर्थ वर्ग के कर्मी भी शामिल थे।

## 21वां नेशनल कुंग फू यूसु चैंपियनशिप में कुंदन कुमार ने जीता स्वर्ण पदक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में केडब्ल्यूएआई 21वां नेशनल कुंग फू यूसु चैंपियनशिप 2025 में बड़कागांव पिपराडीह निवासी कुंदन कुमार पिता संजय ठाकुर ने भाग लिया। और इस नेशनल चैंपियनशिप में कुंदन कुमार ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। फाइनल में कुंदन का मुकाबला असम के खिलाड़ी से हुआ था जिसे अखाड़े में हराकर स्वर्ण अपने नाम किया। आगे उन्होंने बताया कि इस मुकाबले के बाद मेरा चयन इंटरनेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है जिसका आयोजन अगस्त माह 2025 में होने वाली है। बड़कागांव पहुंचने पर कुंदन की टीम के द्वारा बड़कागांव में भव्य स्वागत किया गया। बता दें कि कुंदन बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल के मैदान में प्रशिक्षण लेते हैं।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं के बीच एक दिवसीय उन्नमुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** समाज कल्याण विभाग के द्वारा से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत राष्ट्रीय युवा दिवस 2025 के अवसर पर युवाओं के बीच लैंगिक भेदभाव, भ्रुण हत्या, पीसीपीएनडीटी एक्ट, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह आदि विषयों पर एक दिवसीय उन्नमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन नेहरू युवा केन्द्र, हजारीबाग के सहयोग से रिंग एण्ड रोजेज बैंक्वेट हॉल, हजारीबाग में की गई। कार्यशाला का उद्घाटन शिप्रा सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग द्वारा स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा अपने आसपास के 50-50 लोगों के बीच पोक्सों एक्ट, लैंगिक भेदभाव, भ्रुण हत्या के रोकथाम हेतु प्रचार-प्रसार करें। बाल विवाह जैसी कुरिति से मुक्ति के लिए लोगों में जागरूकता फैलाये कि बाल विवाह से बच्ची का भविष्य के साथ-साथ परिवार को भी काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बालिकाओं के लिए सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अन्तर्गत मिलने वाले आर्थिक सहायता राशि की भी विस्तृत जानकारी देते हुए अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया,ताकि सरकार की महत्वकांक्षी योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं को सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी सहित नेहरू युवा केन्द्र के युवागण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वास्थ्य विभाग की स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न



**बड़कागांव :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव में टीवी उन्मूलन को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार एवं संचालन बीपीएम नवीन कुमार ने किया। मौके पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से डॉ अविनाश कुमार ने सहयोग करने की अपील की। टीवी को हराने को लेकर गहन विचार विमर्श की गई। चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि बड़कागांव प्रखंड के कुल जनसंख्या का 70 प्रतिशत लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है जिसमें 1100 लोग संदेहास्पद थें। इनमें से 400 लोगों का एक्सरे किया गया जिसमें 11 नए टीवी के मरीज पाए गए, जिनका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव के द्वारा शुरू कर दी गई है। बैठक को संबोधित करते हुए मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि आप स्वास्थ्य कर्मी जिस पंचायत में जाएं, वहां के जनप्रिंधियों को आवश्य जानकारी दें ताकि वे बढ़ चढ़कर आपका सहयोग कर सके। टीवी उन्मूलन को लेकर हम लोग हमेशा स्वास्थ्य विभाग के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया बेबी कुमारी, नीलम मिंज, उप मुखिया राजदेव महतो, भाग्यवंती देवी, पंचायत समिति सदस्य कृष्ण राम के अलावा दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति की अहम बैठक आज, विधायक होंगे शामिल

**बड़कागांव :** खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति के लंगातु कार्यालय में आज रविवार को 12 :00 बजे एक आवश्यक बैठक रखी गई है। जिसमें रोशन लाल चौधरी का 1:00 बजे आगमन होगा। उक्त आशय को लेकर अध्यक्ष गोविंद महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विधायक रोशन लाल चौधरी के दिशा निर्देश में हमारे आंदोलन को एक नई ऊर्जा मिलेगी। इस बैठक में आप सभी विस्थापित प्रभावित ग्रामीण, नेता, जनप्रतिनिधि का आना एवं अपना विचार देना अति आवश्यक है। आप सभी से विनम्र आग्रह है कि अपने हक व अधिकार के लिए इस बैठक में ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने का कष्ट करें। ताकि हम आप सभी के सहयोग से आंदोलन में नई ऊर्जा का संचार कर सके।

### लापता महिला का शव मिला, जांच में जुटी पुलिस

**बड़कागांव :** बड़कागांव बीते 28 दिसंबर को जुगरा गाँव से लापता 28 वर्षीय महिला किरण देवी की लाश शनिवार को 11:00 बजे जुगरा गाँव से सटे जंगल से मिला। घटना की जानकारी मिलते हीं डाड़ी कलां थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। शव मिलने के बाद मृतिका की माँ ने अपने दामाद अजय साव पर हत्या करने का आरोप लगाई है। मामले को लेकर डाड़ीकलां थाना में मृतका की मां ने आवेदन देकर पुलिस से कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं डाड़ीकला थाना प्रभारी पिंटू कुमार से पूछे जाने पर बताया कि शव को हजारीबाग पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हीं हत्या के कारणों का पता चल पाएगा। जो भी इसमें दोषी होंगे उन पर निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पति अजय साव को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताते चले कि डाड़ीकला थाना में पत्नी की गुमशुदगी को लेकर पति नापोखुर्द निवासी अजय साव ने 28 दिसंबर को आवेदन देकर सनहा दर्ज कराया था।

### संजय सिंह ने शिबू सोरेन के 81वें जन्मदिन पर 200 कंबलों का किया वितरण



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पंचायत सैहदा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन के 81वां जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर जरूरतमंदों के बीच लगभग 200 कंबल का वितरण किया गया। ज्ञात हो की संजय सिंह प्रतिवर्ष शिबू सोरेन के जन्मदिन पर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करते आ रहे हैं । संजय सिंह ने पिछले 5 वर्षों में लगभग 7000 से अधिक जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कर चुके हैं। मौके पर संजय सिंह ने लोगों को सुझाव दिया कि ठंड का मौसम दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है,कंबल को अच्छा तरह से प्रयोग कीजिएगा। मौके पर झामुमो पंचायत अध्यक्ष चूरामन गंझु, सचिव राजेश हंसदा, मो कोमली, संजय सोरेन, कलावती देवी, महेन्द्र सोरेन, कुलदीप गंझू, संगीता देवी इत्यादि सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थें।

### प्रखंडस्तरीय बैठक में जल सहिया को पीएचईडी से दी गयी साड़ी



**कटकमसांडी :** कटकमसांडी प्रखंड मुख्यालय में जल सहिया की बैठक में पीएचईडी से ड्रेस कोड के तहत साड़ियों का वितरण किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष सरिता देवी ने किया। बैठक मे मुख्य रूप से उपस्थित जिला समन्वयक रंजीत कुमार ने बताया कि क्षेत्र मे कार्यरत सभी जल सहियाओं के खाते में बतौर प्रोत्साहन राशि 12 हजार रूपए दी गई है। बैठक में उपस्थित सभी जल सहिया को निर्देश दिया गया कि अपने अपने पंचायत क्षेत्र में सर्वे कर शौचालय निर्माण की प्रगति की रिपोर्ट विभाग को दें और जिनके घरों मे शौचालय का निर्माण किसी कारण अब तक नही हो सका है, उनके घरों में शौचालय निर्माण कराया जाए। बताया कि विभाग से प्रति शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार की राशि उपलब्ध है। बैठक मे जल सहिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सरिता देवी, सचिव कोरैशा खातुन, शोभा देवी, यशोदा देवी, रेशमी, रिंकू देवी, गौरी देवी, मिन्कू देवी, कौशल्या देवी, बसंती देवी, किरण देवी, विनीता देवी, सुनीता, उर्मिला देवी, कपूर देवी, आशा कुमारी, अंजनी कुमारी, रूबी खातुन, ममता देवी, विद्या देवी, बबीता देवी, शांति लिंडा, अनिता देवी सहित दर्जनों जल सहिया उपस्थित थे।

## एक नजर

### उपायुक्त ने शिबू सोरेन को जन्मदिन की दी बधाई



**रांची** : उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के आवास पर जाकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके खुशहाल और स्वस्थ जीवन के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### श्री राम मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव पर की गई पूजा-अर्चना

**रांची** : अयोध्या के श्री राम मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव पर शनिवार को श्री महावीर मंडल, बड़ा तालाब के प्रांगण में श्री रामलला एवं महाबली हनुमान की पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात सुंदरकांड पाठ किया गया। इसके बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक सीपी सिंह, विश्व हिन्दू परिषद के वीरेंद्र साहू, वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे एवं डॉ प्रकाश कुमार ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान मरांडी ने सभी पुजारियों को शाल देकर सम्मानित किया। साथ ही राज्यवासियों को वार्षिकोत्सव की बधाई दी। इस मौके पर मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, वरिष्ठ समाजसेवी रतन जालान, श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह एवं श्री चैती दुगार्पूजा महासामिति के महामंत्री सह विश्व हिन्दू परिषद के महानगर उपाध्यक्ष गोपाल पारीक और श्री महावीर मंडल हिंदपीढ़ी के रमेश केडिया मौजूद रहे।

### बाबूलाल मरांडी ने केक काटकर मनाया जन्मदिन

**रांची** : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं और परिवार के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। मरांडी ने समर्थकों और पार्टी नेताओं की शुभकामनाएं स्वीकार करते हुए सभी के प्रति आभार जताया। मरांडी को सोशल मीडिया पर कई नेताओं ने जन्मदिन की बधाई दी है। साथ ही बैनर पोस्टर के जरिये भी जगह-जगह उन्हें बधाई दी गयी है। उल्लेखनीय है कि गिरिडीह के कोदाईबांक गांव में 11 जनवरी, 1958 को जन्मे बाबूलाल मरांडी वर्तमान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं और राजधनवार से विधायक हैं।

### पेट्रोलियम पदार्थों में मिलावट और अवैध भंडारण के खिलाफ मामला दर्ज

**रांची** : पेट्रोलियम पदार्थों में मिलावट और अवैध भण्डारण करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन ने शनिवार को कार्रवाई की है। जिला प्रशासन की टीम ने 4200 लीटर पेट्रोल, 250 लीटर डीजल एवं लगभग 13 लीटर स्प्रिट बरामद किया है। इस मामले में दो आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। बताया गया है कि उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री को गुप्त सूचना मिली थी कि बालालौंग के पास पेट्रोलियम पदार्थों की वाहनों से चोरी कर मिलावट और अवैध भण्डारण किया जा रहा है। उपायुक्त के निर्देश पर दलबल के साथ जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, नगड़ी ने जांच के दौरान 4200 लीटर पेट्रोल, 250 लीटर डीजल एवं लगभग 13 लीटर स्प्रिट बरामद किया। पेट्रोलियम पदार्थों में मिलावट एवं अवैध भण्डारण के आरोप में मोसाहिद मंसूरी एवं तौसिफ रजा के खिलाफ विधानसभा थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

# देश के इतिहास में महिलाओं का योगदान अद्वितीय और प्रेरणादायक रहा : राज्यपाल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि देश के इतिहास में महिलाओं का योगदान अद्वितीय और प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले, रानी लक्ष्मीबाई और झारखंड की वीर नायिकाएं, जैसे फूलो-झानो, इस बात के प्रतीक हैं कि महिलाओं ने हमेशा समाज को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

राज्यपाल शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित भारतीय इतिहास लेखन में महिला विमर्श विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि इन महान महिलाओं के योगदान को इतिहास में उचित स्थान दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक महिला इतिहासकार इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास कर रही हैं और महिलाओं की भूमिका को नए दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत कर रही हैं। यह न केवल इतिहास लेखन को समृद्ध करता है, बल्कि समाज के समग्र विकास में सहायक भी है।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिला सशक्तिकरण के प्रति समर्पण का उल्लेख करते हुए कहा कि "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" जैसी योजनाओं ने महिलाओं को न केवल अधिकार और अवसर प्रदान किए हैं, बल्कि समाज में उनकी एक नई पहचान भी स्थापित की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महिलाएं केवल इतिहास का हिस्सा न बनें, बल्कि इतिहास के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। राज्यपाल ने रांची विश्वविद्यालय के जरिये स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड की नायिकाएं विषय पर आयोजित संगोष्ठी की सराहना की और इसे झारखंड तथा भारत की ऐतिहासिक परंपराओं को उजागर करने की दिशा में एक मील का पत्थर बताया।

इस अधिवेशन में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा, महिला इतिहासकार परिषद की अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) सुस्मिता पाण्डे, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. बालमुकुंद पाण्डेय, रांची विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुजाता सिंह सहित देशभर के प्रख्यात इतिहासकारों, शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों ने हिस्सा लिया।

## कला हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा : राज्यपाल



**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि कला हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। चित्रकला के माध्यम से बच्चे अपने विचारों, भावनाओं और कल्पनाओं को व्यक्त करते हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों ने अपनी अद्वितीय रचनात्मकता और प्रतिभा का परिचय दिया है। राज्यपाल शनिवार को परीक्षा पे चर्चा, 2025 के प्रति बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए टेंडर हार्ट सेकेंडरी स्कूल में आयोजित "आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता" के पुरस्कार वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उनकी सृजनात्मक क्षमता को निखारने में सहायक होती हैं। गंगवार ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। साथ ही कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल विजेता बनना नहीं है, बल्कि इसमें भाग लेना और सीखना अधिक महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने इस आयोजन के लिए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की सक्रिय भूमिका की सराहना की। उन्होंने स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रयासों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों में आत्मविश्वास और उत्कृष्टता का विकास ऐसे आयोजनों से ही संभव है। समारोह में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, टेंडर हार्ट सेकेंडरी स्कूल के अध्यक्ष सुधीर तिवारी समेत विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, प्रतिभागी और अभिभावक उपस्थित थे।

## सेल और एमटीआई ने टीम निर्माण अभ्यास और सम्मान समारोह का किया आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की आंतरिक इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी शाखा, सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) ने आरडीसीआईएस ऑडिटोरियम में प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) के साथ मिलकर टीम निर्माण अभ्यास का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सीईटी के कर्मचारियों और उनके परिवारों के साथ-साथ एमटीआई के संकाय सदस्यों ने भी भाग लिया, जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों के बीच टीम वर्क, सहयोग और बंधन को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में शाबाश योजना के तहत विजेताओं का सम्मान भी शामिल था, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में सीईटी कर्मचारियों के उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों को मान्यता दी गई और पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, ईडी (सीईटी), श्रवण कुमार वर्मा ने संगठनात्मक विकास और सफलता को आगे बढ़ाने में टीम निर्माण और उत्कृष्टता की मान्यता के महत्व पर जोर दिया।

कार्यक्रम के बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ, जिसमें प्रतिभागियों की प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रदर्शित किया गया और रात्रिभोज के साथ समापन हुआ। यह आयोजन बहुत सफल रहा तथा प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना की तथा भविष्य में इस प्रकार के अन्य आयोजनों की प्रतीक्षा की।

## टुसु स्थापित कर महोत्सव का शुभारंभ, नागपुरी गानों में झूमे लोग

**रांची** : टुसु पर्व झारखंड के प्रमुख त्योहारों में से एक है। इसे बड़े धूमधाम व उल्लास के साथ मनाया जाता है। इसी कड़ी में शनिवार को अल्बर्ट एक्का चौक के समीप अगहन संक्रांति से शुरू होने वाली टुसु स्थापित की गयी। इस दौरान हजारों लोग मौजूद रहे। महिलाओं ने धान की बालियों से सरवा बनाया और पारंपरिक विधियों के तहत काजल, टीका और सिंदूर को पांच स्थानों पर सरवन पर लगाया।

## मानव तस्करी के बाद अफीम का बड़ा बाजार बनता जा रहा झारखंड : बैधनाथ कुमार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन के सचिव बैधनाथ कुमार के नेतृत्व में शनिवार को बाल विवाह और मानव व अफीम तस्करी पर जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर सचिव बैधनाथ कुमार ने कहा कि आज बच्चों का जीवन खतरों से भरा है। बच्चों को अफीम की तस्करी में भी शामिल किया जा रहा है। गांव-गांव में प्लेसमेंट एजेंसी के दलाल घूमते हैं और आसानी से बच्चे इसके शिकार हो रहे। झारखंड मानव तस्करी के बाद अफीम तस्करी का बड़ा बाजार बनता जा रहा है।

### बच्चों से अफीम की खेती के साथ-साथ तस्करी भी करायी जा रही

सचिव ने कहा कि किसान लोग थोड़ा मुनाफा के लिए अपनी जमीन को बंजर बना रहे हैं। जिस जमीन पर अफीम की खेती होती है, उस जमीन पर फिर दूसरा उपज नहीं हो पाता है। अफीम की तस्करी से मिले पैसों से लोग बाइक खरीद कर लाते हैं। इसके बाद नशा कर गाड़ी चलाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं होती है और लोगों की जान जाती है। कहा कि ग्रामीण इलाकों में भी दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़ रही है। नाबालिग से अफीम की खेती के साथ-साथ तस्करी भी करायी जा रही है।

### पंजाब-हरियाणा से लोग झारखंड के गांव की ओर आते

बैधनाथ कुमार ने बाल विवाह पर कहा कि पंजाब-हरियाणा से लोग झारखंड के गांव की ओर आते हैं और दलालों के सहयोग से लड़कियों को शादी कर पंजाब और हरियाणा लेते हैं। कहा कि मंईयां योजना के आने से झारखंड की लड़कियों की तस्करी में कमी आयेगी और वे महानगरों में काम करने नहीं जायेंगी।

### लोगों को जागरूक कर दिलायी गयी शपथ

जागरूकता अभियान में पुलिस, बस चालक, ऑटो चालक, बस कंडक्टर, स्थानीय दुकानदारों के साथ-साथ आसपास के लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही लोगों को शपथ दिलायी गयी कि सभी लोग मिलकर काम करें, ताकि इस तरह की घटना पर रोक लगाया जा सके। कार्यक्रम में चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन के बैधनाथ कुमार, चंदन कुमार, अनुज शर्मा, खादगढ़ा टीओपी के एएसआई भीम सिंह, अन्य पुलिसकर्मी और खादगढ़ा बस स्टैंड के ठेकेदार व सैकड़ों बस के चालक एजेंट, खलासी स्थनीय दुकानदार व निवासी शामिल हुए।

# डीसी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को किया रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची डीसी ने मंजूनाथ भजंत्री ने शुक्रवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए परिसर से सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। बता दें कि 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है। इस दौरान सदर सीओ उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक रांची, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची, अखिलेश कुमार, सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी अधिकारी/ पदाधिकारी एवं संबंधित सभी अधिकारी मौजूद थे।



### सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ का उद्देश्य

जागरूकता रथ रांची जिले के सभी प्रखंडों की पंचायतों और गांवों में जाकर आमजनों, छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करेगा। लोगों को दुर्घटना से कैसे बचना है, यातायात के नियमों की जानकारी इस जागरूकता रथ के माध्यम से दिया जाएगा। इस रथ में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सभी यातायात संबंधित जानकारी दी जाएगी।

### कला दल के द्वारा आकर्षक प्रस्तुति

जिला परिवहन कार्यालय द्वारा लोगों को आकर्षक रूप से जागरूक करने के लिए कला दल के सदस्यों ने नृत्य और नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहें है। इनका रंगा रंग प्रस्तुति लोगों को अपने ओर आकर्षित कर रहा है। लोग रुक कर इनका प्रदर्शन देख रहें है।

परिवहन विभाग, झारखंड सरकार की अधिसूचना सं.- 163, दिनांक- 18/04/22 के अनुसार सड़क दुर्घटना में हिट एण्ड रन (वाहन द्वारा दुर्घटना कर भाग जाने के परिस्थिति में) मामलों में पीड़ित पक्ष को मुआवजा दिलाने का प्रावधान है। सड़क दुर्घटना से मृत्यु होने पर यह 2,00,000/- रुपए तथा गंभीर रूप से घायल होने पर यह 50,000/- रुपए निर्धारित किया गया है। मुआवजा दिलाने के लिए जिला स्तर पर डीसी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है।

रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने रथ रवाना करने के दौरान कहा की शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ चलेगा जो लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक करेगा। उन्होंने कहा की सड़क सुरक्षा को नियमित रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है, दुर्घटना ना हो इसको लेकर यातायात नियमों का पालन करें। सड़क सुरक्षा आज बढ़ती आबादी और शहरीकरण में सड़क सुरक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण गतिविधि हम सभी के लिए हो जाती है। आज सड़को में बहुत से वाहन की संख्या बढ़ चुकी है। जिस कारण दुर्घटना हो रही है। उपायुक्त रांची, ने विशेष रूप से कहा की दो पहिया वाहन से (यात्रा करते समय) 86 प्रतिशत मृत्यु हो रही है, चार पहिया वाहन से 80 प्रतिशत की मृत्यु आवगमन के समय सीट बेल्ट नही लगाने के कारण हो रही है। इसलिए कुछ छोटी सावधानीयां आपको बड़े शारीरिक नुकसान से बचा सकती है। इसलिए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर लगाए, चार पहिया चलाते वक्त सीट बेल्ट जरूर लगाए।

### सभी वाहन चालकों से अपील

रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सभी वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा की सभी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें। दुर्घटना होने पर किसी भी घायल व्यक्ति को गोल्डन समय पर अस्पताल पहुचाऐ ताकि उनकी कीमती जान को बचाया जा सकें। बताया गया की ग्रामीण क्षेत्र में भी सड़क सुरक्षा से सम्बंधित आयमों को स्थापित करने की आवश्यकता है, प्रायः देखा जाता है ग्रामीण अपने पालतू जानवर सड़क पर ही छोड़ देते है, सड़क पर ही धान सुखाते है, जिस कारण सड़क संकरी हो जाती है। जिस कारण दुर्घटना होती है।


## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल ने बाबा वैद्यनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना



**देवघर** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। उन्होंने बाबा भोलेनाथ से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने राज्यपाल का स्वागत किया।

### दशम फॉल की संवरेगी सूरत और सीरत मंत्री ने किया मुआयना



**रांची** : राज्य सरकार दशम फॉल को पर्यटन के मामले में सुंदर और अनोखा बनाने की योजना बना रही है। इस योजना के तहत दशम फॉल के एक छोर से दूसरे छोर तक ग्लास ब्रिज बनाने की सहमति बन गयी है। इसके अलावा, रोपवे, पार्किंग, टॉयलेट की सुविधा और पर्यटकों के लिए ठहरने की व्यवस्था भी की जायेगी। पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा मामले के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने शनिवार को पूरे इलाके का मुआयना किया। कहा कि दशम फॉल को बेहद सुंदर और अनोखा बनाने के लिए सरकार काम कर रही है। 2025 के अंत तक निर्माण कार्य दिखने लगेगा।

### उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर की बैठक, दिए निर्देश



**रांची** : उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर शनिवार को समाहरणालय सभागार में बैठक की। इस दौरान उन्होंने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों और सफल संचालन को लेकर विचार-विमर्श किया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल-1 को मैदान के दोनों ओर वाटरप्रूफ पण्डाल, गैलरी, कुर्सी की व्यवस्था, मैदान समतलीकरण, बैरिकेडिंग, स्टेज एवं साउंड बॉक्स के लिए टॉवर निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला नजारत उपसमाहर्त्ता को मंच के दोनों तरफ वाटरप्रूफ पंडाल, मंच पर वीवीआईपी के बैठने की व्यवस्था, मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम, परेड में शामिल कैडेटों के लिए अल्पाहार एवं पुष्प सज्जा की व्यवस्था आदि से संबंधित तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल को विद्युत व्यवस्था एवं साउण्ड प्रूफ जेनरेटर की व्यवस्था को लेकर अंतिम रूप से तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने मोरहाबादी की ओर जाने वाली सड़कों की मरम्मत एवं साफ-सफाई, चिकित्सा मेडिकल कैंप और अग्निशमन की व्यवस्था को लेकर ससमय पूरी तैयारी करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। साथ ही गणतंत्र दिवस समारोह की झांकी और परेड से संबंधित जानकारी भी संबंधित पदाधिकारी से ली। उपायुक्त ने पार्किंग व्यवस्था को लेकर रांची के पुलिस अधीक्षक (यातायात) को निर्देश देते हुए कहा कि वे मोरहाबादी मैदान में वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था, झांकी के लिए ट्रेलर/बड़े वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सिविल सर्जन (सदर) को निर्देश देते हुए कहा कि वे चिकित्सा व्यवस्था, मेडिकल कैंप एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

### पंकज मिश्र बने जयप्रकाश जनता दल के राष्ट्रीय सचिव



**रांची** : जयप्रकाश जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज सहाय ने झारखण्ड के संगठन मंत्री पंकज मिश्र को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। श्री मिश्र को राज्य के दायरे से हटा कर राष्ट्रीय टीम में अपने साथ रखा है। अध्यक्ष के निर्देश पर राष्ट्रीय सचिव रेखा सिंह के हस्ताक्षर से निर्गत पत्र में पंकज मिश्र को सूचना दी गई। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज सहाय ने फोन कर व्यक्तिगत रुप से श्री मिश्र को बधाई देते हुए दायित्वबोध कराया। नये दायित्व को स्वीकार करते हुए पंकज मिश्र ने दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि वह दल की नीतियों का पालन करते हुए संगठन के विस्तार पर ध्यान देंगे। श्री मिश्र को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर दल के राष्ट्रीय संगठन मंत्री शशि कुमार सिंह , सचिव रेखा सिंह, मुन्ना साहू, कन्हैया झा, संजय ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह, नीरज कुमार, संजय जायसवाल, बिजय सिंह, अमर कुमार झा, अवध झा सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

### भारत सरकार दिशोम गुरु शिबु सोरेन को भारत रत्न से नवाजे : विजय शंकर नायक

**रांची** : आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने उनके जन्मदिन के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ईमेल भेजकर मांग किया कि झारखंड राज्य निर्माण के लिए आंदोलनरत पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन अपने युवाकाल से ही एक संघर्षशील एवं अधिकार से वंचित आदिवासी मूलवासी समाज के हक और अधिकार के लिए जीवन भर संघर्ष और भूमिगत आन्दोलन किया महाजनो के विरुद्ध लागातार आन्दोलनो कि नेतरीतव किया है। वे झारखंड के आदिवासी मूलवासी के सर्वमान्य जननेता के रुप मे आज पदस्थापित है, वे हमेशा सदियों से शोषित पीड़ित अधिकार से वंचित अंतिम पायदान मे बैठे दलित आदिवासी मूलवासी समाज के लोगों के लिए सदैव बुलंदी से आवाज उठाते रहे हैं। महाजनो के अन्याय और जुल्म के खिलाफ ही राजनीतिक जीवन की शुरूआत कि है। राज्य निर्माण मे गुरुजी का संघर्ष ऐतिहासिक रहा है जिसे नकारा नही जा सकता। वे राज्य के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री तक कई बार बने इनका देश की राजनीति मे काफी योगदान रहा है जिसे भुलाया नही जा सकता है।

## एक नजर

### पिकनिक से लौट रही स्कॉर्पियो झील में गिरी

**धनबाद** : तोपचांची झील के पास शुक्रवार देर रात एक बड़ा हादसा हुआ, जब पिकनिक मनाकर कतरास लौट रही दस युवकों से भरी स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर झील में गिर गई। हादसे में चालक नीरज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि स्कॉर्पियो में सवार बाकी युवक मौके से फरार हो गए। घायल चालक अस्पताल में भर्ती तोपचांची पुलिस ने सूचना मिलने पर तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर घायल चालक नीरज कुमार को साहूबहियार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद नीरज को धनबाद के अस्पताल में रेफर कर दिया गया। घायल नीरज कुमार मधुबन थाना क्षेत्र के बिलबेड़ा बस्ती का रहने वाला है। नशे में धुत थे स्कॉर्पियो पर सवार कई युवक मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्कॉर्पियो में सवार अधिकांश युवक शराब के नशे में थे। चालक काफी तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था। इसी दौरान लीची बगान के पास वाहन एक पेड़ से टकराते हुए झील में जा गिरी। झील से स्कॉर्पियो निकालने का काम रुका अंधेरा होने के कारण झील से स्कॉर्पियो को नहीं निकाला जा सका। पुलिस ने बताया कि शनिवार को वाहन को झील से बाहर निकाला जाएगा। इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है, और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मां खेलाय चंडी मेला के सफल आयोजन को लेकर हुई बैठक

**चास** : चास के बांधगोड़ा साइड स्थित मां खेलाय चंडी मंदिर परिसर में शनिवार को आवश्यक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राज किशोर गोप व संचालन रणजीत कुमार महतो ने किया। इस दौरान मंदिर परिसर में मेला आयोजन करने को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई। वही मंदिर परिसर में उपस्थित लोगों ने अपने-अपने सुझाव दिए, जिसके अनुसार मंदिर का काम करने का निर्णय लिया गया। बताया कि हर साल की भांति इस साल भी भव्य तरीके से मेले का आयोजन किया जाएगा। गुप्त मेले में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय युवकों को वालंटियर बनाया जाएगा। साथ ही पिंड्राजोरा पुलिस का भी सहयोग लिया जाएगा। मौके पर अरविंद गोप, बीरबल सिंह, विनोद कुमार गोप, मनोज कुमार रजवार, रामकुमार रजवार, विष्णु रजवार, भगवान दास महतो, काली पद महतो, शांति सिंह, रूपलाल गोप, धीरेंद्र रजवार, लालू गोप, मनोज ठाकुर, राजू केवट, सुनील केवट, खगेन रजवार, विजय सिंह, देवेन्द्र तिवारी भीम केवट, निवारण गोप, भूतनाथ माहथा, गोविंद गोप, धीरज गोप, राखाल गोप आदि उपस्थित थे।

### डीपीएस के पूर्व छात्र छात्र हिमांशु बने श्रम प्रवर्तन अधिकारी




**बोकारो** : डीपीएस बोकारो से निकले एक और प्रतिभावान छात्र ने राष्ट्रीय स्तर पर इस विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। वर्ष 2015 बैच का मेधावी छात्र रहे हिमांशु कुमार का चयन श्रम प्रवर्तन अधिकारी के रूप में किया गया है। जल्द ही उसकी पोस्टिंग की जाएगी। यूपीएससी ईपीएफओ परीक्षा में 224वीं रैंक लाकर हिमांशु ने यह उपलब्धि अर्जित की है। देश की सबसे कठिनतम परीक्षाओं में से एक संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में एक बार पुन: अपने विद्यालय से निकले छात्र की इस उपलब्धि पर डीपीएस बोकारो परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने हिमांशु को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास की कटिबद्धता के लगातार सार्थक परिणाम दिख रहे हैं।

# भाजपा विधायक रागिनी सिंह के कार्यालय के बाहर फायरिंग




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : धनबाद के झरिया में भाजपा विधायक रागिनी सिंह के कार्यालय पर शनिवार की सुबह बदमाशों ने हमला कर दिया। यह हमला कतरास मोड़ स्थित कार्यालय में सुबह करीब 5 बजे हुआ। हमलावरों ने कार्यालय में तोड़फोड़ की और कंप्यूटर समेत कई सामान भी चुरा लिए। हालांकि, पुलिस को फायरिंग की कोई सूचना नहीं मिली है,लेकिन मौके पर फायरिंग के निशान मिले हैं। विधायक रागिनी सिंह ने इस घटना को विरोधियों की साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा उन्हें डराने, धमकाने और रोकने का प्रयास किया जा रहा है। शुक्रवार की शाम भी उनके कार्यालय के बाहर स्टाफ के साथ मारपीट की गई थी, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन अलर्ट है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि यह हमला किसने और किस मकसद से किया।

## पूर्व विधायक पूर्णिमा सिंह के देवर ने मेरे कार्यालय पर कराया हमला : रागिनी सिंह



**धनबाद** : झरिया विधायक रागिनी सिंह के झरिया के कतरास मोड़ स्थित पुराने कार्यालय में शनिवार को अपराधी घुसे और जाते समय कार्यालय के बाहर फायरिंग कर फरार हो गए। पूरी वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। जानकारी मिलते ही रागिनी सिंह कार्यालय पहुंचीं और झरिया थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रागिनी सिंह ने आरोप लगाया कि यह हमला पूर्व विधायक पूर्णिमा सिंह के देवर एकलव्य सिंह व हर्ष सिंह ने कराया है। ये लोग चुनाव हारने के बाद हताश होकर मुझे नुकसान पहुंचाना चाहते है। विधायक ने कहा कि पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो चुकी है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि 14 वर्षों से फरार रामधीर सिंह का पुत्र शशि सिंह व नवीन सिंह उर्फ रतीश सिंह मुझे डराने के उद्देश्य से कार्यालय में घुसे और कुछ देर बाद कार्यालय से निकल कर फायरिंग कर फरार हो गए। उन्होंने राज्य सरकार से मामले की गंभीरता से जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर विधायक सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा का क्या हाल होगा इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए है।

## कस्तूरबा की छात्रा के साथ छेड़खानी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कसमार** : प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में अध्यनरत सातवीं क्लास की एक छात्रा के साथ स्कूल के गार्ड के द्वारा जबरदस्ती किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार कल सुबह स्कूल की एक शिक्षिका चंदा मैडम ने छात्रा को ऑफिस का चाबी लाने के लिए गार्ड उत्तम कुमार उपाध्याय के आवासीय परिसर में भेजा । आवासीय बिल्डिंग के तीसरे तल्ले में रहने वाले गार्ड ने चाबी लेने पहुंची छात्रा के साथ जबरदस्ती किया। तथा उसके साथ छेड़खानी की गई। लड़की ने विरोध जताया तथा किसी तरह वहां से जान बचाकर भाग गई । दिनभर छात्र स्कूल में रोती रही, किसी ने सुध नहीं लिया। अंततः शाम 4:30 बजे स्कूल में निर्माण कार्य में संलग्न एक मिस्त्री के मोबाइल से छात्रा ने अपनी मां को फोन किया। जिसके बाद उसकी मां आज सुबह स्कूल परिसर में अपनी बेटी से मुलाकात करने के लिए पहुंची। स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्ची से भेंट करने नहीं दिया गया। जिसके बाद छात्रा की मां सामाजिक कार्यकताओं के साथ कसमार थाना पहुंची। जहां थाना प्रभारी ने कहा कि आप लोग प्रखंड विकास पदाधिकारी नम्रता जोशी मैडम से मुलाकात कीजिए । आप लोग का मामला का समाधान हो जाएगा। इसके बाद छात्रा की मां प्रखंड विकास पदाधिकारी के पास गई। जिसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी कसमार स्कूल परिसर पहुंची। तथा पीड़ित छात्र को मन को सौंप दिया गया तथा जबरदस्ती छात्र का परित्याग प्रमाण पत्र स्कूल की वार्डन के द्वारा मां को सौप जा रहा था।

## आउटसोर्सिंग में स्थानीय असंगठित मजदूरों को काम देना होगा : अशोक




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** शनिवार को तेतुलमारी दुर्गा मंदिर ग्राउंड में असंगठित मजदूर मोर्चा की बैठक कॉमरेड पवन महतो व मुख्य अथिति असंगठित मजदूर मोर्चा के महामंत्री निताई महतो की अध्यक्षता में हुई, नव निर्वाचित अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा की कतरास कमिटी द्वारा रैयत, विस्थापित व मजदूर समस्या को निदान करने के लिये संघर्ष करने की बात कही,केंद्रीय महामंत्री निताय महतो ने कहा कि आज पूरे कोयलांचल में वृहद पैमाने पर असंगठित मजदूरों का शोषण दोहन हो रहा है। असंगठित मजदूरों की संख्या बढ़ रहा है कोलियरी अब निजी हाथों में जा रहा है। एरिया चार का कमेटी की विस्तार हुई । जिसमें अशोक यादव को कतरास क्षेत्र का अध्यक्ष , सुनील कुमार चौहान उपाध्यक्ष, पंकज कुमार सचिव प्रिंस सिंह, सह सचिव अधिक कुमार यादव, कोषाध्यक्ष कारू यादव, मोहन चौहान, प्रमोद वर्मा, दीपू भगत, ललन यादव, बासुकीनाथ सोनार, टिंकू शर्मा, बिगन वर्मा, विष्णु साह, संगठन सचिव सौरभ सिंह, राजेश यादव, पंकज भुइयां, मोहन महतो, सुरेश दास, रवि भुईया, पप्पू यादव, दीपक चौहान, शत्रुघ्न चौहान, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एसपी कार्यालय के समीप डीजी जेनरेटर में लगी भीषण आग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : एसपी कार्यालय के समीप डीजी जेनरेटर मे भीषण आग लग गयी। आग लगने के बाद अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। आग की लपटे इतनी तेज थी की देखते देखते स्टोर तक को अपने आगोश मे ले लिया। इस आगलगी की घटना मे स्टोर मे रखे गए कई कागजाततथा कई उपकरण उपष्कर जलकर खाक हो गये। घटना की सूचना तत्काल अग्निश्मन को दी गयी, मौके पर पहुंचे अग्निश्मन की गाड़ियों ने फायर ब्रिगेड के ततपरता से आग पर काबू पाया गया। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं शेयर पाई है, आशंका जताई जा रही है कि शॉट सर्किट से ही आग लगी होगी।

### सड़क हादसे में एक की मौत



**बोकारो** : पेटरवार कसमार थाना क्षेत्र के ओरमो गांव के निकट पेटरवार-कसमार मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित होकर बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि कसमार थाना क्षेत्र के मायापुर गांव निवासी 28 वर्षीय उमेश ठाकुर पेटरवार बाजारटांड़ से साप्ताहिक हाट कर अपने घर लौट रहे थे कि ओरमो गांव के निकट अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार में भर्ती कराया गया। दुर्घटना में उमेश के चेहरे और सर पर चोटें आई हैं। जहां डॉक्टर ने इलाज के बाद घर भेज दिया ।

## स्टील प्लांट की हरित भविष्य की ओर पहल




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : स्टील प्लांट ने पर्यावरणीय संरक्षण और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक नई दिशा प्रदान करते हुए भारतीय उद्योग परिसंघ की ग्रीनको रेटिंग प्रणाली को अपनाने की पहल की है। यह पहल पर्यावरणीय स्थिरता और नेट जीरो उत्सर्जन लक्ष्यों की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। ग्रीनको रेटिंग प्रणाली कंपनियों की हरित गतिविधियों का समग्र मूल्यांकन करती है और ऊर्जा प्रबंधन, जल प्रबंधन, सामग्री संसाधन प्रबंधन, कार्बन लेखांकन, हरित आपूर्ति श्रृंखला, और नवाचार जैसे मापदंडों पर आधारित है। यह प्रणाली संगठनों को उनके पर्यावरणीय प्रदर्शन में सतत सुधार लाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती है। बोकारो स्टील प्लांट ने इस दिशा में एक अग्रणी कदम उठाते हुए ग्रीनको रेटिंग प्रणाली के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया है और क्रॉस फंक्शनल टीमों का गठन किया है। इस पहल का उद्देश्य ग्रीनको प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करने और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को सशक्त बनाने के लिए गहन जानकारी प्राप्त करना है। बीएसएल, SAIL की पहली इकाई है, जिसने इस प्रणाली के तहत कार्य आरंभ किया है। यह उल्लेखनीय है कि ग्रीनको रेटिंग अब तक 1100 से अधिक सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की इकाइयों के पर्यावरणीय प्रदर्शन में सुधार लाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी है। इसे भारत सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान के तहत मान्यता दी है और यह संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन द्वारा वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं में शामिल है।

# सरकारी भवनों में अलग-अलग हो महिला एवं पुरुष शौचालय : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक हुई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि ग्राम स्तर पर ठोस, तरल, प्लास्टिक सहित अन्य प्रकार के कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन के लिए कार्य योजना तैयार करें। फाइव स्टार श्रेणी में गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने हेतु शत-प्रतिशत लक्ष्य का निर्धारण करें। सभी सरकारी भवनों में महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने प्रखंडवार विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। साथ ही ज्यादा से ज्यादा सामुदायिक सोकपिट, कम्पोस्ट पीट, ट्रेंच का निर्माण स्वच्छता प्रबंधन करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता पेयजल 1 एवं 2, राज्य समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में ओडीएफ एवं ओडीएफ प्लस के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी दी गई। वहीं उनके द्वारा ओडीएफ प्लस के अंतर्गत धनबाद जिले में एस्पायरिंग, राइजिंग व मॉडल के अंतर्गत गांव की हुई रेटिंग की भी जानकारी दी गई।
बैठक में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति का अनुश्रवण, फाइव स्टार श्रेणी में गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने, माहवार लक्ष्य का निर्धारण करने आदि बिंदुओं की समीक्षा की गयी। प्रखंडवार ओडीएफ प्लस सहित अन्य बिंदुओं पर बारी-बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, राज्य समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन आजाद खान, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी जिला समन्वयक, सभी कनीय अभियन्ता, सहायक अभियन्ता व अन्य लोग उपस्थित थे।


## संक्षिप्त खबरें

### ठाकुरकुल्ही में श्री रामचरितमानस पाठ का हुआ आयोजन



**धनबाद** : श्री राम जन्म तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में श्री राम मंदिर की स्थापना दिवस हिंदी तिथि पौष शुक्ल द्वादशी के अनुसार शनिवार को मनाया जा रहा है। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा मंदिर ठाकुर कुल्ही में रामचरितमानस पाठ का आयोजन आचार्य प्रकाश पाठक, रंजीत पाठक एवं उनके सहयोगियों द्वारा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मदन मोहन सिंह के नेतृत्व में किया गया। शनिवार को कार्यक्रम में माननीय विधायक राज सिंहा जी की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में भोलानाथ पांडे, श्रवण चौरसिया, जयंत मिश्रा, जगन्नाथ पाठक, मनीष मिश्रा, निमाई दा, रंजीत जायसवाल, संजय मिश्रा, सुशील मिश्रा, शशिकांत पांडे, प्रसून पांडे, मनोज सिंह, विकास राय, संतोष रजक, विमल कुमार, सुनील साव, उमेश जायसवाल, अरविंद बर्नवाल, नीरज सिंह, सुमित पाठक, गणेश मंडल, अमित अरोड़ा, संतोष राम गुप्ता, कौशल कुमार, मुन्ना शर्मा, अश्वनी चौरसिया, गोपाल सिंह ने अहम भूमिका निभाई।

### सांसद पर झूठा मुकदमा करने के विरोध में आजसू का 13 को धरना



**धनबाद**: पिछले दिनों मधुबन थाना अंतर्गत बाघमारा में गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के कार्यालय में की गई आगजनी,सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी पर झूठा मुकदमा करने के विरोध में आजसू पार्टी ने सड़क पर उतर जोरदार आंदोलन करने की चेतावनी दी है ।शनिवार को सरायढेला दुर्गा मंदिर में प्रेस कॉन्फ्रेस के माध्यम से आजसू पार्टी के प्रदेश संयोजक हीरालाल महतो ने कहा कि सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने पूर्व में मधुबन थाना क्षेत्र के रैयत, स्थानीय लोगों के नियोजन देने की मांग पर बीसीसीएल एरिया जीएम से वार्ता की थी। बगैर एम ओ यू के हिलटॉप आउट सौर्सिंग को खनन का कार्य देने का विरोध किया था ।सांसद रैयतों के हक अधिकार की लड़ाई लड़ रहे थे। इसी बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा के समर्थकों गुंडा तत्वों के द्वारा गोली बम चलाया गया जिसमे सांसद के कार्यालय में अगजनी की गई। बाघमारा एसडीपीओ पर हमला कर उन्हें घायल किया गया। इसके विरोध में आजसु पार्टी 13 जनवरी को रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आजसू पार्टी के प्रदेश संयोजक हीरालाल महतो, केंद्रीय सदस्य कुल्लू चौधरी, केंद्रीय सदस्य रतिलाल महतो, महानगर अध्यक्ष पप्पू सिंह, सौरव महतो, भोला चौधरी, धनंजय महतो, प्रेम पांडे, विकी हरि, प्रमोद महतो ,आकाश पांडे, गौरव तिवारी ,विकास कुमार, राजीव सिंह ,अनुराग वर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### 15 जनवरी को होने वाले सर्वधर्म सामूहिक विवाह स्थल पर हुआ भूमि पूजन




**धनबाद**: शनिवार को सर्वधर्म सामूहिक विवाह के लिए गोल्फ ग्राउंड हीरापुर धनबाद में भूमि पूजन और शादी के जोड़ों को कपडे दी गई। समिति के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की आगामी 15 जनवरी को 101 जोड़े का विवाह की जानी है। उसी के निमित्त आज भूमि पूजन की गई। मुख्य जजमान के रूप विक्रम सिंह व धर्मपत्नी पिंकी सिंह और साथ में प्रदीप सिंह व धर्मपत्नी जया सिंह ने विधि विधान से पूजन की। कपड़ा वितरण समारोह में टुंडी विद्यायक मधुरा प्रसाद महतो के द्वारा शादी के जोड़ो को कपड़ा दी गई। सामूहिक विवाह के उपलक्ष्य पर 14 जनवरी को प्रात: 10 बजे आशाए महिला ग्रुप ब्लड डोनेशन कैंप लगाएगी। संध्या 4:30 बजे से मेहंदी और संगीत का कार्यक्रम की जायगी। सामूहिक विवाह में बारात के लिए 100 टोटो से बारात निकली जायगी और बैंड बाजा रामगढ़ से मगवाई गई है। जयमाला के लिए 180/30 का भव्य मंच तैयार की जा रही है। 15 जनवरी को शादी के दिन लगभग 10,000 बारात और सरात के लिए भोजन तैयारी की जाएगी। कार्यक्रम में प्रकाश चौधरी, विभूती शरण,मनजीत सिंह, दिलिप सिंह, द्वारिका प्रसाद तिवारी, भरतजी भगत, प्रवीण कुमार,राधे श्याम, सुशील श्रीवास्तव,संजय तिवारी, अशोक पंडित आदि मौजूद थे।

### झारखंड क्रांतिकारी मजदूर यूनियन के वार्षिक राज्य सम्मेलन का हुआ आयोजन



**बोकारो**: बीरसा सेवा आश्रम बोकारो में सुबह 9:00 बजे से झारखंड क्रांतिकारी मजदूर यूनियन का वार्षिक राज्य सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में राज्य के बोकारो इस्पात संयंत्र, बीपीएससीएल, टाटा स्टील प्लांट,यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया , हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, किरिबुरू-मेघातुबुरू खदान, रुंगटा स्टील एवं माइंस, बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन वर्क, वेदांता स्टील एंव मनरेगा से जुड़े मजदूरों के तमाम शाखा प्रतिनिधि भाग लेंगे। झारखंड क्रांतिकारी मजदूर यूनियन के महामंत्री डीसी गोहाई ने कहा कि मजदूरों का वेतन और देश में मजदूरों के समक्ष जो चुनौतियां है उसके विरुद्ध संघर्ष करने का संकल्प लिया जाएगा। इस सम्मेलन में विशेष रूप से डी. वृग्गापन,श्री कुमार, एन वासुदेवन ,अशोक चौधरी अभिजीत चैटर्जी , प्रदीप रॉय एवं अभिजीत रॉय, डॉ देवेंद्र शर्मा, ध्रुव नारायण, सुभाष देव एवं औरअन्य राज्य से भी नेतृत्व साथी उपस्थित होंगे। टी .यू .सी .आई के संगठन से पाच प्रतिनिधि शामिल होंगे। उक्त सम्मेलन में वर्तमान देश एवं प्रदेश की परिस्थिति का विश्लेषण एवं मजदूरों के हालात पर विस्तार रूप से चर्चा कर मजदूर वर्ग की संघर्षों पर संकल्प लिया जाएगा और देशभर के से आए हुए तमाम नेतृत्वकर्ता साथियों के साथ विचार विमर्श के उपरांत देशव्यापी मजदूर संगठनों की नई एकता बनाने की कोशिश की जायेगी।

# भारत की सभ्यता और संस्कृति मनमोहक है इसकी तुलना कोई नहीं कर सकता : डॉ बलराम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लोहरदगा :** अविराम कालेज आफ एजुकेशन टिको कुडू में शनिवार को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ किया गया। वैश्विक संस्कृत मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतराष्ट्रीय सेमिनार का थीम एन ई पी 2020 के माध्यम से भारतीय परंपरा, संस्कृति और ज्ञान प्राणाली को पुनर्जीवित करने पर आधारित है। अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के मुख्य अतिथि यू मास डार माउथ और इन्स्टीट्यूट आफ एडवांस साइंस यूएसए अमेरिका के प्रोफेसर बलराम सिंह तथा विशिष्ट अतिथियों मे शिक्षाविद, प्रोफेसर तथा पद्मश्री से सम्मानित अतिथि शामिल थें। अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। अंतरराष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि यूएसए अमेरिका से पहुंचे डॉ बलराम सिंह ने कहा कि अमेरिका में शिक्षा को जन्म देने वाले थामस जेंफशान का अमेरिका की शिक्षा में सुधार को लेकर उतना ही महत्व है जितना भारत को अंग्रेजी हुकूमत से निजात दिलाने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भारत में नाम है। भारत की सभ्यता और संस्कृति मनमोहक है इसकी तुलना कोई नहीं कर सकता है। 12 हजार मील से चलकर भारत पहुंचे तथा भारत के छोटे से गांव टिको में संचालित अविराम कालेज ऑफ एजुकेशन टिको कुडू में जो सम्मान मिला इसकी परिकल्पना नही कर



सकते हैं। योगाभ्यास आज विश्व की मांग हो गई है। अमेरिका के 86 प्रतिशत लोग स्वास्थ्य रहने के लिए योगाभ्यास करते हैं। अविराम में आदिवासी सभ्यता तथा संस्कृतिक की झलक देख मन मंत्रमुग्ध हो गया है। आदिवासी कल्चरल से आत्मा को शांति मिलती है. नारी का सम्मान सबसे उपर है। विज्ञान प्राकृतिक से अलग हैं दोनों की तुलना नहीं हो सकतीं हैं। अयोध्या की संस्कृति सीता माता पर केन्द्रित है ठीक इसी तरह जीवन में मां का स्थान सर्वोपरि होता है। मां से बेहतर कोई शिक्षक तथा गुरू नहीं हो सकता है। नारी कल भी पूजनीय थी आज भी हैं तथा सदेव पूजनीय रहेगी। परीक्षा का मतलब चारों तरफ से देखने वाला तथा दक्षता की जानकारी रखने वाला होता है। मौके पर कालेज के सचिव इंद्रजीत कुमार भारती ने कहा कि हजारों आंदोलनकारियों तथा नौजवानों ने जवानी काल मे अपनी कुबार्नी दी तब जाकर देश आजाद हुआ तथा आज खुली हवा में सांस ले रहे हैं। टिको की धरती पवित्र तथा सैकड़ों आंदोलन कारियों की खून से सींची हुईं धरती है। इस पवित्र माटी पर कालेज का संचालन हो रहा है। अविराम की पहचान अनुशासन तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा से होती है। अनुशासन ही इंसान को महान बनाता है इसे बरकरार रखने की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में शामिल शिक्षाविद तथा गणमान्य पद्मश्री मधु मंसुरी, यूएसए अमेरिका से डॉ बलराम सिंह, माता सुंदरी कालेज फार वुमेन दिल्ली युनिवर्सिटी की प्रोफेसर हरप्रीत कौर, चाइना के क्वांगटोंग विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ विवेक मणि त्रिपाठी, वैश्विक संस्कृत मंच के सचिव डॉ राजेश कुमार मिश्रा, माता सुंदरी विश्वविद्यालय दिल्ली में सहायक प्रोफेसर डॉ कल्पना शर्मा, कालेज के सचिव इंद्रजीत कुमार भारती, कालेज की प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी सहित अन्य शामिल थे।

## टेंपो पलटने से युवक की मौत



**बोकारो :** बोकारो के जरीडीह थाना अंतर्गत बहादुर पुर के बारू गांव के निकट सड़क दुर्घटना में 52 वर्षीय व्यक्ति शंकर महतो की मौत हो गई। मृतक शंकर महतो जैनामोड़ से अपने गांव कसमार के खैराचातर जा रहे थे, इसी क्रम में तेज गति से आ रही अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिस कारण ऑटो पलट जाने से चालक शंकर महतो की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई पुलिस मौके पर पहुंच चालक को सदर अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दी। परिजनो का कहना है कि शंकर महतो की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है हम सरकार से मांग करते हैं कि जो भी उचित मुआवजा हो मृतक के परिवार को दिया जाय।वही पुलिस अधिकारी ने बताया की शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## थाना के खिलाफ काला बिल्ला लगाकर पत्रकार संघ ने किया मौन विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर में एक अखबार विक्रेता होकर के साथ दुर्व्यवहार और गाड़ी जप्त करने के मामले ने पत्रकारों के बीच रोष पैदा कर दिया है। इस मामले को लेकर चैनपुर पत्रकार संघ ने एक आवश्यक बैठक चैनपुर के कुमुद बागान में की और चैनपुर थाना के खिलाफ कला बिल्ला लगाकर मौन विरोध किया। बैठक में पत्रकारों ने बताया कि चैनपुर थाना में चैनपुर पुलिस का पत्रकारों के साथ रवैया ठीक नहीं रहता है। और उन्हें सम्मान नहीं दिया जाता है। इसके अलावा, अखबार विक्रेताओं के साथ भी दुर्व्यवहार और गाड़ी जप्त करने के मामले ने पत्रकारों के बीच रोष पैदा कर दिया है। चैनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष बजरंग कुमार ने बताया कि शुक्रवार को एक होकर का मोटरसाइकिल जप्त कर लिया गया



।जिसके बाद इसकी जानकारी मुझे दिया। जिसके बाद मैंने चैनपुर थाना प्रभारी से दूरभाष पर बात कर उन्हें वाहन छोड़ने का अनुरोद किया। जिस पर थाना प्रभारी के द्वारा मुझसे बात करने का रवैया ठीक नहीं था। मैंने काफी अनुरोध किया लेकिन वे कड़वे भाषा का प्रयोग करते हुए वाहन नहीं छोड़ने की बात कहने लगे। चुकी होकर भी पत्रकार समुह का ही अंग होते हैं ।जिसके उपरांत मैंने चैनपुर पुलिस के रवैए की जानकारी जिला प्रेस संगठन को दिया।मांग की है कि अखबार विक्रेता के साथ दुर्व्यवहार करने वाले पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई हो। इसके अलावा, पत्रकार संघ ने यह भी निर्णय लिया है कि आने वाले समय में चैनपुर थाना के किसी भी कार्यक्रम का न्यूज कवर नहीं किया जाएगा। इस मामले को लेकर चैनपुर के पत्रकारों में काफी रोष है और उन्होंने चैनपुर थाना के खिलाफ मौन विरोध किया है।

## मिथिला अकादमी में स्कूली पत्रिका का हुआ विमोचन

**बोकारो :** मिथिला अकैडमी पब्लिक स्कूल सेक्टर 4/I में स्कूल पत्रिका स्पार्क का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि सचिव श्री प्रमोद कुमार झा, महासचिव श्री नीरज चौधरी मिथिला सांस्कृतिक परिषद के गणमान्य अतिथि एवं प्राचार्य अशोक कुमार पाठक अध्यक्षा महिला समिति सीमा झा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरूआत गीता चैंटिंग से की गई, जिसमें अध्याय 5 के श्लोक को गाया गया। बच्चों द्वारा समूह नृत्य एवं कविता पाठ किया गया। बच्चों की उपलब्धियां एवं उनके सकारात्मक सोच का प्रतिबिंब स्पार्क मैगजीन में देखने को मिला। इसके साक्षी विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं एवं हमारे विद्यालय के छात्र छात्राएं रही। अध्यक्ष श्री हरिमोहन झा ने अपने संदेश में कहा कि स्पार्क सिर्फ एक मैगजीन ही नहीं है वह हमारा प्रतिबिंब है जो हमें समाज से रूबरू कराता है। महासचिव श्री निरज चौधरी ने विद्यालय में हो रही उन्नति की प्रशंसा की ।

## हिंडालको ने मरीजों के बीच पोषण किट एवं कंबल का किया वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**मुरी/सिल्ली :** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड मुरी के द्वारा शनिवार के दिन सिल्ली प्रखंड के सभी मरीजों के बीच पोषण किट एवं कंबल का वितरण किया गया। आज के आयोजित कार्यक्रम में लगभग 120 मरीजों ने लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिंडालको मुरी प्लांट के प्लांट हेड संदीप पाटिल उपस्थित रहे एवं उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी कंपनी सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रतिबद्ध एवं कटिबद्ध है। हम लोग हमेशा ऐसे कार्यों के जरिए अपने समुदाय के साथ जुड़ने का प्रयास करते हैं। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सिल्ली की अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का ने हिंडाल्को के सीएसआर विभाग के द्वारा किए गए प्रयासों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कड़ाके की ठंड में हिंडाल्को द्वारा वितरित किए गए कंबल से सभी लोग काफी लाभान्वित होंगे। यह कदम सचमुच सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। वहीं सिल्ली अस्पताल की प्रमुख डॉक्टर प्रियंका सिन्हा ने हिंडालको द्वारा वितरित किए जा रहे पोषण किट की सराहना की और कहा कि यह कदम समुदाय के लोगों का स्वास्थ्य सुधार के लिए काफी महत्वपूर्ण होगी। कार्यक्रम को प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक ने भी संबोधित किया। हिंडाल्को के एचआर हेड अरुण राय ने कहा कि हिंडालको हमेशा अपने सामुदायिक कार्यों के जरिए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास करता है। कार्यक्रम में हिंडालको के सीएसआर हेड अनिल सिंह,आईआर हेड कुमार अभिषेक एवं भरत सिंह समेत अन्य प्रमुख अधिकारी भी उपस्थित रहे साथ ही बंसारूली,लुपुंग,बिसरिया और पिस्का पंचायत के मुखियाओं ने भी हिंडाल्को के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में छात्र-छात्राओं के बीच सर्टिफिकेट का किया गया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर गोंदलीपोखर अनगड़ा में सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया सर्टिफिकेट वितरण में करीबन 50 छात्र छात्राओं को दिया गया और संस्थान की ओर से सभी का मंगल भविष्य की कामना किए । मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज महतो जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा माधुरी देवी ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश साहू रामसाय मुंडा रेखा महतो जी सुनील महतो विशेश्वर चौधरी जी शिवलाल महतो जलेश महतो जी ।

## झारखंड प्रदेश का मान सम्मान बढ़ाया, बर्फ के पहाड़ों पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज



**अनगड़ा :** रांची लोक सेवा समिति के सदस्य वा समाजसेवी साजिद खान के पुत्र अपने देश भारत अपने राज्य झारखंड समेत गढ़वा जिले का बढ़ाया मान सम्मान हिमाचल प्रदेश के मनाली में बर्फ के पहाड़ों कि चोटियों पर खड़े होकर माइनस नौ डिग्री सेल्सियस में भारत कि आन बान और शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को लहराया शान से राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के तहत और अपने पिता तिरंगा वाले शौकत खान के सपनों को किया। साकार। लोक सेवा समिति समस्त परिवार अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद महासचिव प्रो. हरविंद बीर सिंह, प्रो. हरि उराव संगीत सिंह अनिता लिंडा ने बधाई दि देश की आन बान शान राष्ट्रीय ध्वज के प्रति हम सब का प्रेम इसी तरह बना रहे और उज्वल भविष्य की कामना की ।

# शहर के बीचोंबीच टुसू का महिमा जागरण आवश्यक : देवेंद्र नाथ महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड पहाड़ पर्वत नदी झरना प्रकृति के गोद में है। यहां के लोगों प्रकृति पूजक है। राज्य में सबसे लंबे समयावधि तक मनाए जाने वाले टुसू पर्व है। यह पाव राज्य विभिन्न क्षेत्रों में मनाया जा रहा है। इसी सिलसिले में आज राजधानी रांची शहर के बीचो-बीच टुसू महोत्सव भव्य तरीके से मनाया गया। मेन रोड अल्बर्ट एक्का चौक में अपने पुरखेनी रीति-रिवाज से देवेंद्र नाथ महतो ने श्यामा प्रसाद विश्वविद्यालय,रांची विश्वविद्यालय और रांची विमेंस कॉलेज के छात्रा एवं शिक्षिका के साथ डीनीयानी टुसू मनी का स्थापना किया गया। पारम्परिक



लाल पाईर के साड़ी और धोती आदि वेशभूषा लोग खुब थिरके। शहर में लंबे समय तक जाम की स्थिति बनी रही। सड़क में आवाजाही लोग भी रुक कर टुसू संगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रमों और छौह नाच का लुप्त उठाने लगे। राज्य के कई प्रसिद्ध क्षेत्रीय कलाकार जैसे बब्बन देहाती, श्याम बडाइक, सावित्री कर्मकार, मजबूल खान, इगनेश आदि ने कला एवं संगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्यसभा पूर्व सांसद महुआ मांझी, तरुण महतो, विजय सिंह, अयूब अली, फुलेसर बैठा, बेरोजगार पवनेश्वर, दमयंती मुंडा, बेबी महतो, रूपा महतो, रूपेश विराट, अर्जुन रजवार, सूरज नारायण महतो, राजू चैड़ी आदि हजारों लोग जूटे। टुसू स्थापना- पुरखैर्नी रीति रिवाज नैगाचारी कुंवारी कन्या माता बहनों ने गुड्डी,अरवा चावल,साल पत्ता का दोना, सिंदूर, काजल, गोबर, सरवा, दिया, दूब घास, गुलांची फूल गेंदा फूल, जोबा फुल आदि सामग्रियों के साथ डीनीयानी टुसूमनी का सेवन किया गया। तत्पश्चात पारंपरिक गीत के साथ सामूहिक रूप से स्थापना किया गया। राजधानी टुसू महोत्सव के आयोजक श्री देवेंद्र नाथ महतो ने मीडिया से वार्ता में बताया कि राज्य की इस टुसू पर्व के महिमा जागरण के लिए राजधानी रांची शहर की बीचो-बीच पूर्व वर्ष से ही 11 जनवरी को मनाया जा रहा है। हम अपने क्षेत्रीय रीति रिवाज भाषा सभ्यता और संस्कृति के लिए इसे और भी बृहद रूप से मनाने का काम करेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि स्थापित डीनी मनी को मकर संक्रांति की तिथि में संपूर्ण लोकाचारी से नदी में प्रवाहित कर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अनगड़ा मुखिया संघ की हुई बैठक, पेशा कानून अभिलंब लागू करने की मांग



**अनगड़ा :** अनगडा में मुखिया संघ की बैठक प्रखंड मुख्यालय में जोन्हा पंचायत के मुखिया कृष्णा मुंडा किया के नेतृत्व में किया गया। बैठक में पेशा कानून 2016 पर चर्चा किया गया और झारखंड सरकार से मांग किया है कि अभिलंब पेशा कानून 2016 लागू किया जाए। जो आदिवासियों के हित में है जिससे ग्राम सभा ओर भी सशक्त होगा और जल जंगल जमीन की रक्षा होगा। साथ ही ग्राम स्वराज स्थानीय स्वशासन व्यवस्था और अधिक मजबूत होगा। ग्रामीण संरचना के विकास को गति मिलेगा। पेशा कानून लागू होने से ही केन्द्रीय वित्त अनुदान की राशि पंचायतों को मिलेगा। बैठक में उपस्थित सिरका पंचायत के मुखिया रोशनलाल मुंडा, सावित्री देवी,भुवनेश्वर बेदिया,सीमा देवी,शांति मुंडा, डोली देवी, क्रिस्टीना तिर्की,राजेश पहान आदि ।

### विधायक ने आवास में वनभोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का किया आयोजन



**अनगड़ा :** रांची खिजरी विधानसभा क्षेत्र नामकोम लूपुंग टोली में विधायक राजेश कच्छप ने दूसरी बार जीत की खुशी पर वन भोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का कार्यक्रम काआयोजन अपने आवास में किए । इस अवसर पर पूरे खिजरी विधानसभा क्षेत्र से लोग भारी संख्या में शामिल हुए विधायक ने अपने कार्यकताओं से कहा की आप लोगो सनेह प्यार मिला आज दूसरी बार आपलोगो का सेवा करने का मौका मिला जब भी आप लोगो को कोई भी समस्या हो आप हमें संपर्क करें अवश्य निदान करने का प्रयास करते रहेंगे इस वन भोज्य कार्यक्रम पर मुख्य रूप से राजेन्द्र मुंडा दीपा उरांव अब्दुल इमाम अंसारी रजाक अंसारी युनूस अंसारी सचिन नायक कुलेश्वर मुंडा मिन्हाज अंसारी रोहित नायक आदि शामिल थे।

### एसएस +2 विद्यालय में टुसू उत्सव मनाया गया



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत एस एस (+2) विद्यालय में शनिवार के दिन शिक्षक गण एवं बच्चों के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय प्रांगण में टुसू उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने आकर्षक ढंग से सजाये हुए टुसू को विद्यालय लेकर पहुंचे जिसको देखकर शिक्षकों ने काफी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जिसको देखकर सभी मंत्र मुग्ध हो गए और शिक्षकों ने विद्यार्थियों की भूरि भूरि प्रशंसा की। विद्यार्थियों के द्वारा एक से बढ़कर एक गीतों पर सांस्कृतिक और पारंपरिक नृत्य किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक पवन कुमार पांडे, सोमा देब, भारती महतो, मोना कुमारी, उषा कुमारी, निभा कुमारी, पुष्पांजलि गाड़ी, सरिता कुमारी, मुकेश कुमार महतो, ओमप्रकाश मिश्रा, रामानंद सिंह, आनंद प्रसाद, रविंद्र नाथ महतो, आदित्यनाथ झा, कृष्णा उरांव, सेमत सभी शिक्षकगण का सराहनीय योगदान रहा।


कार्यालय:–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ................................/ दिनांक ................................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 18.11.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम–जाड़दा सिसई–भरनो मुख्य पथ के पास से 07 पीस साल बोटा सहित एक पीकअप सं०–JH01T1943, को वनकर्मियों के द्वारा जब्त कर सिसई नर्सरी परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जब्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरुद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जब्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 21.01.2025 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

PR 344099 Forest, Environment and Climate Changes(24-25).D
: वन है,तो जीवन है :
प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,गुमला वन प्रमंडल



कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(जिला भू-अर्जन शाखा)
दूरभाष (मो०) सं०– Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
(3G Award के तहत् घोषित)
**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–98
(NH 98 कि०मी० 23.284 हरिहरगंज से कि०मी० 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण )

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 98) कि०मी० 23.284 हरिहरगंज से कि०मी० 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन०एच०ए०आई०–98 अन्तर्गत मौजा–कउवल, थाना–छत्तरपुर, थाना नं०–205
पत्रांक– 32 (A)/भू०अ०, दिनांक– 08.01.2025

| क्र० स० | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | कउवल | 40 | 49/34 | गै०मा० | परती कदीम | 0.000 | 1 | सूर्य मंदिर, कउवल | मंदिर |
| | | | | | कुल | 0.000 | | | |

PR.NO.344059 Palamu(24-25):D
कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू।
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू।
अपर समाहर्त्ता पलामू।
उपायुक्त पलामू।



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला
mail-rdsdgumla123@gmail.com

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई निविदा सूचना संख्या RDD/SD/GUMLA/26/2024-25
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला जिला अंतर्गत सिसई प्रखण्ड के ग्राम–चेगरी, पंचायत भुरसो, में सुनील साहु के घर से मुनेश्वर साहु के घर तक (1750 फीट) एवं चामू साहु के घर से चरवा उराँव के घर(1380 फीट) तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 58,96,900.00 | 1,18,000.00 | 10,000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –20.01.2025
3. ई निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक 20.01.2025 से दिनांक 27.01.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.01.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06524223013 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 344096 Rural Development (24-25)_D
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

# स्वास्थ्य संकट : चीन में बढ़ रहा नए वायरस का आतंक : फ्लू या कुछ और?



योगेश कुमार गोयल

**विशेषज्ञों का सुझाव है कि शिशुओं और बुजुर्गों, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है, उनमें मेटान्यूमोवायरस के कारण गंभीर बीमारी होने का खतरा अधिक होता है। इससे बचाव के उपायों में हाथों को बार-बार साबुन और पानी से धोना, खांसते और छींकते समय मुंह और नाक ढ़ंकना, संक्रमितों लोगों से दूरी बनाना, स्वस्थ आहार और पर्याप्त नींद लेना, फ्लू के टीके लगवाना इत्यादि शामिल हैं।**

चीन में एचएमपीवी का प्रकोप कोरोना के बाद नया खतरा...

2020 में चीन से हुई कोरोना की शुरूआत के बाद इसने पूरी दुनिया में जो दहशत मचाई, उसे याद करके आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। कोरोना महामारी के भयावह दौर में दुनियाभर लाखों लोग मारे गए, लाखों परिवार उजड़ गए, अनेक बच्चे अनाथ हो गए। अभी तक कोरोना का खौफ बरकरार है और कोरोना की शुरूआत के करीब 5 साल बाद अब चीन से ही एक और ऐसे ही खतरनाक वायरस की दस्तक की खबरें दुनिया के सामने आ रही है, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि यह वायरस कोरोना से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है। भारत में कर्नाटक, गुजरात और पश्चिम बंगाल में कुछ बच्चों में नए वायरस के मामले मिल चुके हैं, जिसके बाद भारत में सतर्कता बढ़ा दी गई है। बताया जा रहा है कि यह वायरस बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहा है। कमजोर प्रतिरक्षा वाले रोगियों में यह संक्रमण निमोनिया में परिवर्तित हो जाता है और उनमें मौत का जोखिम बढ़ जाता है। हाल के दिनों में कई रिपोर्टों में बताया जा चुका है कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) नामक इस वायरस ने इन दिनों चीन में दस्तक देकर वहां दहशत फैला रखी है और इस खतरनाक वायरस के कारण वहां के अस्पताल में मरीजों की संख्या बहुत बढ़ गई है तथा ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के कारण बड़ी संख्या में मरीज मर भी रहे हैं लेकिन कोविड की ही भांति चीन द्वारा इसे लेकर भी लीपापोती की जा रही है। हालांकि कुछ रिपोर्टों में दावा किया जा रहा है कि इस वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

दरअसल विदेशी मीडिया पर लगे प्रतिबंधों के कारण चीन से कोई भी खबर दुनिया तक आसानी से नहीं पहुंच पाती, केवल चीन की सरकारी समाचार एजेंसी ही खबरों का एकमात्र जरिया है, जो दुनिया को वही खबर बताती है, जो वहां की सरकार चाहती है। बताया जा रहा है कि उत्तर चीन के प्रांतों में 14 वर्ष से कम उम्र के लोगों में एचएमपीवी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और इस खतरनाक वायरस के हमले से चीन में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। खचाखच भरे अस्पताल और श्मशान में बढ़ती बेतहाशा भीड़ इस संकट के कोरोना जैसा या उससे भी बदतर होने




की पुष्टि कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर 'सार्स-सीओवी-2 (कोविड-19)' नामक एक एक्स हैंडल द्वारा पोस्ट में लिखा गया है कि चीन इस समय एचएमपीवी, इन्फ्लूएंजा ए, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया और कोविड-19 सहित कई वायरस के मामलों में उछाल का सामना कर रहा है और वहां के अस्पताल विशेष रूप से निमोनिया और 'व्हाइट लंग' के मामलों से परेशान हैं।

पूरी दुनिया के लिए महासंहारक साबित हुए कोविड-19 वायरस की उत्पत्ति को लेकर भले ही चीन आरोपों को खारिज करता रहा लेकिन बार-बार यह पुष्टि होती रही कि वह वायरस चीन के वुहान शहर से ही दुनिया में फैला था लेकिन वुहान में यह कैसे फैला था, उस रहस्य से पर्दा अब तक नहीं उठ सका है और अब एचएमपीवी वायरस का प्रकोप भी सबसे पहले चीन में ही शुरू हुआ है। दरअसल बर्ड फ्लू से लेकर सार्स और कोविड तक सभी प्राणाघातक और महासंहारक वायरल रोगों की उत्पत्ति चीन से ही होती रही है लेकिन इसका रहस्य दुनिया आज तक पता नहीं लगा पाई है। चूंकि सभी वायरस चीन में ही पैदा हो रहे हैं, इसलिए ऐसे वायरस हमलों को लेकर पूरी दुनिया में चीन को लेकर संदेह का माहौल बना हुआ है कि कहीं कोविड-19 के बाद खतरनाक होता एचएमपीवी भी चीन की जैविक प्रयोगशालाओं में रची जा रही साजिश तो नहीं है। कोविड संकट के दौरान विश्व के तमाम देशों की औद्योगिक गतिविधियों सहित जनजीवन भी पूरी तरह ठप्प हो गया था। उस दौरान चीन को छोड़कर तमाम देशों की अर्थव्यवस्था लगभग खत्म होने के कगार पर आ गई थी। कई देश तो इसका खामियाजा आज तक भुगत रहे हैं।

एचएमपीवी वायरस के संक्रमण की तेज गति को देखते हुए इसके अन्य देशों में फैलने के खतरों से इन्कार नहीं किया जा सकता। हालांकि डच शोधकर्ताओं ने 2001 में सबसे पहले श्वसन संबंधी बीमारियों से पीड़ित बच्चों में इस वायरस की खोज की थी और हर साल कई देशों में इसके कुछ मामले सामने आते रहे हैं लेकिन इन दिनों चीन में जिस तरह इस वायरस ने आतंक मचाया हुआ है, ऐसे में चीन में इसके बेतहाशा बढ़ते मामलों को देखते हुए भारत ने भी सतर्कता बढ़ा दी है और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए है तथा लगातार अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मौसमी इन्फ्लुएंजा और सांस संबंधी संक्रमणों की निगरानी की जा रही है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डा. अतुल गोयल का कहना है कि खबरों में कहा जा रहा है कि चीन में मेटान्यूमोवायरस वायरस का एक आउटब्रेक है, जो गंभीर है। हालांकि उनका कहना है कि हमें ऐसा नहीं लगता कि भारत में किसी गंभीर स्थिति की संभावना है। वहीं, दिल्ली मेडिकल काउंसिल के चेयरमैन और बाल रोग विशेषज्ञ डा. अरूण गुप्ता का कहना है कि भारत में इस वायरस के कारण बीमारी बढ़ने की अभी संभावना नजर नहीं आ रही है।

अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र के अनुसार, एचएमपीवी सभी उम्र के लोगों में अपर और लोअर रेस्पिरेटरी डिजीज का कारण बन सकता है। यह वायरस संक्रमित व्यक्ति के खांसने और छींकने से निकलने वाले स्राव या नजदीकी संपर्क जैसे हाथ मिलाने से भी फैलता है। एचएमपीवी वायरस न्यूमोवायराइड और मेटान्यूमोवायरस जीनस का हिस्सा है, जो एक सिंगल-स्ट्रैंडेड नेगेटिव-सेंस आरएनए वायरस है। चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, इस वायरस का संक्रमण काल तीन से पांच दिन होता है। इस वायरस के संक्रमण से रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, जिससे यह बार-बार संक्रमण का कारण बन सकता है। एचएमपीवी भी कोरोना की ही भांति श्वसन पथ को संक्रमित करता है, हालांकि कोरोना के मुकाबले इस वायरस के कारण ऊपरी और निचले दोनों श्वसन पथ में संक्रमण का खतरा हो सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह एक कम पहचाना गया वायरस है लेकिन यह दुनियाभर में मौसमी श्वसन बीमारियों में योगदान कर रहा है। एचएमपीवी में कोरोना ही भांति फ्लू जैसे लक्षण दिखते हैं। इससे जुड़े सामान्य लक्षणों में खांसी, बुखार, नाक बंद होना, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ शामिल हैं। विशेषज्ञों का सुझाव है कि शिशुओं और बुजुर्गों, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है, उनमें मेटान्यूमोवायरस के कारण गंभीर बीमारी होने का खतरा अधिक होता है। इससे बचाव के उपायों में हाथों को बार-बार साबुन और पानी से धोना, खांसते और छींकते समय मुंह और नाक ढ़ंकना, संक्रमितों लोगों से दूरी बनाना, स्वस्थ आहार और पर्याप्त नींद लेना, फ्लू के टीके लगवाना इत्यादि शामिल हैं।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## संपादकीय

### इंडिया का अंतर्विरोध

दिल्ली विधानसभा चुनाव ने विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया में आई दरार को और अधिक चौड़ा कर दिया है। इसकी शुरू आत कांग्रेस नेता अजय माकन के उस बयान से हुई जिसमें उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल को फर्जी वालों और राष्ट्रद्रोही बताया था। इसकी प्रतिक्रिया में आप ने कांग्रेस पार्टी को इंडिया गठबंधन से बाहर करने की धमकी दी थी। अब तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और शिवसेना (उद्धव) ने आप को समर्थन देने की घोषणा की है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने कहा था कि इंडिया गठबंधन लोक सभा चुनाव के लिए ही था। इसके बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि लोक सभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन का गठन किया गया था, लेकिन लोक सभा चुनाव के दौरान यह गठबंधन कोई न्यूनतम साझा कार्यक्रम तैयार नहीं कर सका और ना किसी को संयोजक ही बन सका। इसने राष्ट्रीय स्तर पर कोई अभियान भी नहीं चलाया। हालांकि तथ्य यह है कि इसके बावजूद इंडिया गठबंधन भाजपा को लगातार तीसरी बार बहुमत पाने से रोक दिया। यह सच है कि क्षेत्रीय दलों के समर्थन से कांग्रेस लोक सभा में 99 सीटें पाने में सफल रही। इंडिया के घटक दलों का आरोप है कि कांग्रेस अपनी जीत का श्रेय गठबंधन को न देकर अपनी नीतियों और अपने नेता को दे रही है। विपक्षी दलों का यह भी आरोप है कि कांग्रेस संसद में अपने दलीय हितों से जुड़े मसले को उठाती रही जबकि उसे अपने सहयोगियों के साथ राष्ट्रीय मुद्दों पर आम सहमति बनानी चाहिए थी। इंडिया गठबंधन के घटक दल कांग्रेस के नेतृत्व पर भी सवाल उठने लगे हैं। इस क्रम में सबसे पहले ममता बनर्जी ने सवाल उठाया और खुद नेतृत्व करने का दावा पेश किया और लालू यादव ने उनके सुर में सुर मिलाया। गठबंधन के घटक दल अपने-अपने राज्यों में कांग्रेस को पांव जमाने का मौका नहीं देना चाहते। दूसरी ओर कांग्रेस भी जिन राज्यों में मजबूत है वहां इंडिया में शामिल क्षेत्रीय दलों से तालमेल करना नहीं चाहती। इसी अंतर्विरोध को देखते हुए उमर अब्दुल्ला को कहना पड़ा कि यदि गठबंधन केवल लोस चुनाव तक ही था तो इसे समाप्त कर देना चाहिए। कांग्रेस गठबंधन से भले अलग-थलग पड़ती जा रही हो, लेकिन वास्तविकता यही है कि भाजपा को हराने के लिए जो भी विपक्षी गठबंधन बनेगा उसमें कांग्रेस की प्रमुख भूमिका को दरकिनार नहीं किया जा सकता।



## चिंतन-मनन

### उद्यम में है लक्ष्मी का वास

काम का ढेर देखकर कभी घबराना नहीं। मनुष्य काम करने के लिए ही जन्मा है। वह नहीं चाहेगा तो भी उसे काम करना ही पड़ेगा। जो कर्तव्य-कर्म करने में उत्साही है, वही दूसरों के लिए उपयोगी होने का सुख भोग सकता है। उद्यम में लक्ष्मी का वास है और आलस्य में अलक्ष्मी का। उद्यमी को देखकर कमनसीबी डरके भाग जाती है। उद्यम करने पर भी कभी ध्येय सिद्ध न हो तो भी उदास न हों, क्योंकि पुरुषार्थ अथवा प्रयत्न स्वयं ही एक बड़ी सिद्धि है। दुःख से कभी डरें नहीं, बल्कि उसे देखकर उसके सामने हँसें। आपको हँसते देखकर दुःख स्वयं ही डरके भाग जाएगा। मानव को दुःख का शिकार नहीं होना चाहिए, न ही सुख में फूलना चाहिए।

सुख सपना दुःख बुलबुला, दोनों हैं मेहमान।
दोनों बीतन दीजिए, जो भेजें भगवान?

## सूक्ति

अपनी भूल अपने ही हाथों से सुधर जाए तो यह उससे कहीं अच्छा है कि कोई दूसरा उसे सुधारे।
- प्रेमचंद

जो वर्तमान में कमाया हुआ धन जोड़ता नहीं, उसे भविष्य में पछताना पड़ता है।
- चाणक्य

# विवेकानंद जयन्ती : युवाओं के आध्यात्मिक शक्ति पुंज थे स्वामी विवेकानंद !

युवाओं के सबसे बड़े प्रेरक और स्वयं भी युवा संत रहे स्वामी विवेकानंद संसार की एक ऐसी दिव्य आत्मा मानव रूप में हुई है जिन्होंने बहुत कम आयु में जीवन के कई जन्मों का पुरुषार्थ कर युवाओं के सामने एक सार्थक उदाहरण प्रस्तुत किया था।स्वामी विवेकानंद न सिर्फ एक संत थे बल्कि एक सोच थे,एक राष्ट्रवादी विचारधारा थे, एक नवक्रांति है,एक नवनिर्माण की मशाल थे तो अपनी वाकपटुता व बौद्धिक कौशल से दुनिया का दिल जीतने वाले एक महान कर्मयोगी भी।उन्हें नैतिक मूल्यों के विकास एवं युवा चेतना के जागरण हेतु प्रतिबद्ध माना गया तो मानवीय मूल्यों के पुनरुत्थान के सजग प्रहरी, अध्यात्म दर्शन और संस्कृति को जीवंतता देने वाली संजीवनी बूटी के रूप में एक महारथी भी।वे वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हुए। स्वामी विवेकानन्द को युवाओं के आदर्श के रूप में देखा जाता हैं। उनकी सोच रही कि युवको को शारीरिक प्रगति से ज्यादा आंतरिक प्रगति की आवश्यकता है। उन्होंने युवकों को प्रेरणा देते हुए कहा था कि पहले हर अच्छी बात का मजाक बनता है, फिर उसका विरोध होता है और अंत में उसे स्वीकार कर लिया जाता है। वे युवकों में जोश भरते हुए कहा करते थे कि, उठो मेरे शेरों ! इस भ्रम को मिटा दो कि तुम निर्बल हो। जो तुम सोचते हो वह हो जाओगे। ऐसी ही कुछ प्रेरणाएं हैं जो आज भी युवकों को आन्दोलित करती हैं, पथ दिखाती हैं और जीने का दर्शन प्रदत्त करती हैं।

स्वामी रामकृष्ण परमहंस के परम शिष्य स्वामी विवेकानंद एक ऐसे संत हुए जिनका रोम-रोम राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत था। राष्ट्र के दीन-हीनजनों की सेवा को ही वे ईश्वर की सच्ची पूजा मानते थे।

इस युवा संन्यासी ने निजी मुक्ति को जीवन का लक्ष्य नहीं बनाया था, बल्कि करोड़ों देशवासियों के उत्थान को ही अपना जीवन-लक्ष्य बनाया। उनके सदवचन, किसी की भी जिंदगी परिवर्तित कर सकते है।उनके



शब्दों में, ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हमी हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। जिस तरह से विभिन्न स्त्रोतों से उत्पन्न धाराएं अपना जल समुद्र में मिला देती हैं, उसी प्रकार मनुष्य द्वारा चुना हर मार्ग चाहे वह अच्छा हो या बुरा, भगवान तक जाता है।

किसी की निंदा न करें। यदि आप मदद के लिए हाथ बढ़ा सकते हैं, तो जरूर बढ़ाएं। यदि नहीं बढ़ा सकते हैं, तो अपने हाथ जोड़िए, अपने भाइयों को आशीर्वाद दीजिए और उन्हें उनके मार्ग पर जाने दीजिए।आत्मा के लिए कुछ असंभव है। ऐसा सोचना सबसे बड़ा विधर्म है। अगर कोई पाप है, तो वो यही है; ये कहना कि तुम निर्बल हो या अन्य निर्बल हैं। अगर धन दूसरों की भलाई करने में मदद करे, तो इसका कुछ मूल्य है अन्यथा ये सिर्फ बुराई का एक ढेर है और इससे जितना जल्दी छुटकारा मिल जाए, उतना बेहतर है।जिस समय जिस काम के लिए प्रतिज्ञा करो, ठीक उसी समय पर उसे करना ही चाहिए, नहीं तो लोगों का विश्वास उठ जाता है।उस व्यक्ति ने अमरत्व प्राप्त कर लिया है, जो किसी सांसारिक वस्तु से व्याकुल नहीं होता। हम वह हैं, जो हमें हमारी सोच ने बनाया है इसलिए इस बात का ध्यान रखिए कि आप क्या सोचते हैं। शब्द गौण हैं, विचार रहते हैं, वे दूर तक यात्रा करते हैं।जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते, तब तक आप भगवान पर विश्वास नहीं कर सकते। सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा। विश्व एक व्यायामशाला है, जहां हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं।जिस दिन आपके सामने कोई समस्या न आए, आप यकीन कर सकते हैं कि आप गलत रास्ते पर सफर कर रहे हैं।यह जीवन अल्पकालीन है, संसार की विलासिता क्षणिक है, लेकिन जो दुसरों के लिए जीते हैं, वे वास्तव में जीते हैं। भगवान की एक परम प्रिय के रूप में पूजा की जानी चाहिए, इस या अगले जीवन की सभी चीजों से बढ़कर। स्वयं में विश्वास करना और अधिक विस्तार से पढ़ाया और अभ्यास कराया गया होता, तो मुझे यकीन है कि बुराइयों और दुःख का एक बहुत बड़ा हिस्सा गायब हो गया होता।बाहरी स्वभाव केवल अंदरुनी स्वभाव का बड़ा रूप है।हम जितना ज्यादा बाहर जाएं और दूसरों का भला करें, हमारा हृदय उतना ही शुद्ध होगा ।युवाओं के प्रेरणादायक स्वामी विवेकानंद का वास्तविक नाम नरेन्द्र नाथ दत्त है। उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन 1893में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। भारत का आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वेदान्त दर्शन अमेरिका और यूरोप के हर एक देश में स्वामी विवेकानन्द के कारण ही पहुँचा। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी ,यह संस्था आज भी सक्रिय है। वे रामकृष्ण परमहंस के परमशिष्य थे।

कोलकत्ता के एक कुलीन परिवार में जन्मे स्वामी विवेकानंद आरंभ से ही आध्यात्मिकता की ओर झुके हुए थे। वे अपने गुरु रामकृष्ण देव से काफी प्रभावित थे वे मानव जाति की सेवा को परमात्मा की सेवा मानते थे।स्वामी रामकृष्ण की मृत्यु के बाद विवेकानंद ने भारतीय उपमहाद्वीप का दौरा किया और ब्रिटिश भारत में मौजूदा स्थितियों का प्रत्यक्ष ज्ञान हासिल किया। उन्होने ने संयुक्त राज्य अमेरिका, इंग्लैंड और यूरोप में हिंदू दर्शन के सिद्धांतों का प्रसार किया और कई सार्वजनिक और निजी व्याख्यानों का आयोजन किया।तभी तो आज भी स्वामी विवेकानंद को लोग उनके काम से जानते है।उनकी आध्यात्मिक शक्ति को पहचानते है और युवाओं के लिए प्रेरक मानते है।स्वामी विवेकानंद होने का अभिप्राय ही मानव कल्याण कहा जा सकता है।या फिर युवाओं का आध्यात्मिक शक्ति पुंज भी हम स्वामी विवेकानंद को मान सकते है।

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट (लेखक वरिष्ठ साहित्यकार व 21 पुस्तको के रचयिता है)**

# नक्सली गतिविधि: सरकार को मिली निर्णायक सफलता



प्रमोद भार्गव

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिला मुख्यालय से 55 किमी दूर अंबेली गांव के पास नक्सलियों द्वारा बिछाए गए अति तीव्र विस्फोटक की चपेट में आकर एक आरक्षित गार्ड समेत आठ जवान शहीद हो गए। विस्फोटक इतना तीव्र था कि जवानों के वाहन स्कार्पियों के परखच्चे उड़ गए। नक्सलियों की यह चुनौती उस समय मिली है, जब नक्सलियों के संगठनों के खत्म होने की उम्मीद की जा रही है, लेकिन इस चुनौती ने साफ कर दिया है कि नक्सलियों का वैसा दमन अब तक नहीं हो सका है, जैसी उम्मीद की जा रही है। हालांकि केंद्र सरकार ने 2026 तक नक्सलवाद का पूर्ण सफाया करने का संकल्प लिया हुआ है, लेकिन नक्सलियों का अस्तित्व अब तक बना है तो इसलिए क्योंकि कुछ देशविरोधी ताकतें उन्हें धन, विस्फोटक और उत्तम गुणवत्ता की संचार प्रणाली उपलब्ध करा रहे हैं।

यह वाकई चिंता का विषय है कि नक्सली अपने विरुद्ध चल रहे सुरक्षाबलों के अभियानों को निशाना बनाने में बार-बार क्षति पहुंचाने में सफल हो जाते हैं। अतएव लगता है कि वनवासियों और ग्रामीणों पर



उनकी पकड़ अभी भी बनी हुई है। वहीं सुरक्षाबलों की मुखबिरी करके सटीक जानकारी पहुंचाते हैं। नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। नई रणनीति के अंतर्गत अब सरकार की कोशिश है कि सीआरपीएफ की तैनाती उन सब अज्ञात क्षेत्रों में कर दी जाए, जहां नक्सली अभी भी ठिकाना बनाए हुए हैं।

केंद्र सरकार की कोशिश है कि 31 मार्च 2026 तक इस क्षेत्र को पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाए। इतनी बड़ी संख्या में सैन्यबलों को अज्ञात क्षेत्र में पहुंच का मतलब है कि अब इस उग्रवाद से अंतिम लड़ाई होने वाली है। मजबूत और कठोर कार्य योजना को अमल में लाने का ही नतीजा है कि इस साल सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 153 नक्सली मारे जा चुके हैं। शाह का कहना है कि 2004-14 की तुलना में 2014-24 के दौरान देश में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 53 प्रतिशत की कमी आई है। 2004-14 में नक्सली हिंसा की 16,274 वारदातें दर्ज की गई थीं, जबकि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 10 वर्षों में इन घटनाओं की संख्या घटकर 7,696 रह गई। इसी अनुपात में देश में माओवादी हिंसा के कारण होने वाली मौतों की संख्या 2004-14 में 6,568 थीं, जो पिछले दस साल में घटकर 1990 रह गई है और अब सरकार ने जो नया संकल्प लिया है, उससे तय है कि जल्द ही इस समस्या को निर्मूल कर दिया जाएगा। जिस तरह से मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आतंक और अलगाववाद खत्म करने की निर्णायक लड़ाई लड़ी थी, वैसी ही स्थिति अब छत्तीसगढ़ में अनुभव होने लगी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र कमजोर हुआ है, लेकिन उसकी शक्ति अभी शेष है। अब तक पुलिस व गुप्तचर एजेंसियां इनका सुराग लगाने में नाकाम होती रही थीं, लेकिन नक्सालियों पर शिकंजा कसने के बाद से इनको भी सूचनाएं मिलने लगी हैं। इसी का नतीजा है कि सैन्यबल इन्हें निशाना बनाने में लगातार कामयाब हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं और इनका कार्यक्षेत्र वह आदिवासी बहुल इलाका हैं, जिससे ये खुद आकर नक्सली बने हैं। इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुश्किल होता है, लेकिन ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर लेते हैं। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों, छिपने के स्थलों और जल स्रोतों से भी ये खूब परिचित हैं। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही है। हालांकि अब इनके हमलों में कमी आई है।

जब किसी भी किस्म का चरमपंथ राष्ट्र-राज्य की परिकल्पना को चुनौती बन जाए तो जरूरी हो जाता है, कि उसे नेस्तनाबूद करने के लिए जो भी कारगर उपाय उचित हों, उनका उपयोग किया जाए? हालांकि देश में तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा है, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। यह न केवल उनको वैचारिक खुराक देकर उन्हें उकसाने का काम करता था, बल्कि उनके लिए धन और हथियार जुटाने के माध्यम भी खोलता था। बावजूद इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था। माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते हैं। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता है, उसकी बोलती बंद कर दी जाती है, लेकिन अब इस चरमपंथ पर अंकुश लगाना जरूरी है।

## एक नजर

### पहाड़ी की चोटी में मिली हनुमान की प्राचीन प्रतिमा

**चतरा :** जिले के पत्थलगडा स्थित पर्यटन स्थल मोरशेरवा पहाड़ी में प्राचीन प्रतिमाओं और अन्य कलाकृतियों का मिलना जारी है। चौथे दिन पहाड़ी की चोटी में हनुमान जी की प्राचीन प्रतिमा मिली है। शनिवार संध्या के आसपास जेसीबी से परिसर की सफाई और समतलीकरण कराई जा रही थी। इसी क्रम में जमीन के नीचे से पौने दो फीट ऊंचा और 1 फीट चौड़ा ग्रे स्टोन का बना प्रतिमा निकला। हनुमान जी की प्रतिमा का स्वरूप संकट मोचन का है। जेसीबी से समतलीकरण के दौरान प्रतिमा का एक एक हाथ क्षतिग्रस्त हो गया है। मोरशेरवा पहाड़ी की चोटी में अष्टभुजी मंदिर के उतरी भाग में यज्ञ मंडप निर्माण के लिए पिछले चार दिनों से समतलीकरण का कार्य चल रहा है। दो जेसीबी मशीन से यहां सफाई किया जा रहा था। इसी के क्रम में तीन दिन पहले यहां लगभग 200 साल प्राचीन माता लक्ष्मी की एक प्राचीन प्रतिमा मिली थी। उसके बाद यहां अष्टधातु का एक वजनी घंटा भी मिला था। सफाई के दूसरे दिन यहां मिट्टी के बने कई कलश और दीये भी मिले थे। इन कलाकृतियों के पहाड़ी की चोटी में शिव मंदिर में रखकर पूजा अर्चना की जा रही है। चौथे दिन जिस स्थान में अन्य कलाकृतियां मिल रही थी वहां हनुमान जी की भी प्राचीन प्रतिमा मिली है। इसके बाद इस स्थल की महत्व बढ़ गई है। आसपास के ग्रामीण इसे पूर्वजों की धरोहर बता रहे हैं।

### रिटायर्ड फौजी नशे में वर्दी पहनकर सीओ और थाना प्रभारी से भिड़ा

**पलामू :** पलामू जिले के पड़वा थाना क्षेत्र के गाड़ीखास गांव में एक रिटायर्ड फौजी नशे में वर्दी पहनकर सीओ और थाना प्रभारी से भिड़ गया। पूछताछ के बाद उसे थाना लाया गया और फिर मेडिकल जांच कराई गई। रिटायर्ड आर्मी जवान की पहचान बिहार के जहानाबाद जिले के मकदुमपुर निवासी विशाल सिंह के रूप में हुई है। उसने छतरपुर के डाली के रहने वाले रिटायर्ड आर्मी के जवान शंभू सिंह की वर्दी पहन रखी थी। जानकारी के अनुसार शनिवार को पड़वा थाना क्षेत्र के गाड़ीखास गांव में अंचलाधिकारी अमित कुमार झा और थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव नेशनल हाईवे की जमीन से संबंधित विवाद मामले को लेकर जांच के लिए पहुंचे थे। इसी क्रम में चारपहिया वाहन से गुजर रहे रिटायर्ड आर्मी के जवान विशाल कुमार ने भीड़ भाड़ देखकर अपनी गाड़ी रोक दी। गाड़ी से उतरकर थाना प्रभारी और अंचलाधिकारी से भिड़ गया। शराब के नशे में रहने के कारण सीओ और थाना प्रभारी ने उससे पूछताछ की। यह भी कहा कि रिटायर्ड होने के बाद वर्दी पहनकर नहीं घूमना चाहिए। वर्दी के ऊपर कई मेडल लगे हुए थे और सारे मेडल आर्मी जवान खुद का बता रहा था।

### पेट्रोल पंप पर लगेगा नो हेलमेट, नो फ्यूल का बोर्ड : डीटीओ

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वश ने एक अनोखी पहल शुरू की है। शनिवार को उन्होंने पेट्रोल पंप के मालिकों के साथ बैठक की और कहा कि नो हेलमेट, नो फ्यूल का बोर्ड अवश्य लगाएं। इससे ग्राहकों में जागरुकता आएगी और वे बिना हेलमेट के सड़क पर नहीं चलेंगे। सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के सबसे बड़ी वजह यह है की वाहन चालक लापरवाही बरतते हैं। वहीं इस निर्देश का कड़ाई से अनुपालन करते हुए बिना हेलमेट लगाए आने वाले दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल ना देने का निर्देश दिया।

# गोमिया में पुल निर्माण कार्य में लगे मुंशी का नक्सलियों ने किया अपहरण, सर्च ऑपरेशन जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बेरमो :** झारखंड के गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र में स्थित नरकंडी गांव से एक गंभीर घटना सामने आई है, जहां पुल निर्माण कार्य में लगे मुंशी झा जी को नक्सलियों ने गुरुवार रात अगवा कर लिया। घटना के 18 घंटे बाद भी पुलिस मुंशी का कोई सुराग नहीं लगा सकी है। इस अपहरण के बाद गोमिया पुलिस ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है, लेकिन अभी तक मुंशी का कोई पता नहीं चला है।

**कंस्ट्रक्शन साइट पर नक्सलियों का हमला**

सूत्रों के अनुसार, चिपरी और नरकंडी गांव के बीच कोणी नदी पर एक उच्च स्तरीय पुल का निर्माण हो रहा था। गुरुवार रात को हथियारों से लैस नक्सली दस्ते ने मुंशी झा जी का अपहरण कर लिया और उन्हें जंगल की ओर ले गए। इस दौरान मुंशी के साथ मारपीट की गई थी, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि अपहरण का उद्देश्य कुछ और हो सकता है।

> 18 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**बॉडीगार्ड और मजदूरों में दहशत**

मुंशी झा जी के साथ काम करने वाले मजदूरों ने बताया कि गुरुवार को काम खत्म करने के बाद मुंशी उनके साथ थे, लेकिन शुक्रवार को जब वे काम पर पहुंचे तो निर्माण साइट पर पुलिस को देखकर चौंक गए। पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि मुंशी को रात में अपहरण कर लिया गया था। बताया जा रहा है कि मुंशी पुल के पास एक किराए के मकान में रहते थे और उनके अपहरण से निर्माण स्थल के अन्य कर्मचारी भी भयभीत हैं।



**पुलिस कार्रवाई और सर्च ऑपरेशन**

घटना के बाद गोमिया पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर महेश प्रसाद सिंह और चतरोचट्टी थाना प्रभारी दीपक राणा सहित अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपहृत मुंशी को जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा। हालांकि, सर्किल इंस्पेक्टर ने नक्सलियों की ओर से इस घटना को अंजाम देने की बात से इंकार करते हुए कहा कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और घटना की गहराई से पड़ताल की जा रही है।

## डीसी के निर्देशानुसार फूड सेफ्टी ऑफिसर ने चलाया जांच अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** आगामी मकर संक्रांति पर्व के मद्देनजर उपायुक्त नैंसी सहाय एवं एसीएमओ पदाधिकारी डॉ शशि जायसवाल के निदेर्शानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों में नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी के द्वारा शहरी क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने ए.के.इंटरनेशनल होटल, होटल श्री विनायक,त्रिपाल होटल,न्यू फ्रंटियर बेकरी,संजय तिलकुट भंडार एवं पंजाबी चाप कॉर्नर आदि खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच के क्रम मिठाईयों की गुणवत्ता की जांच को लेकर तिलकुट, पनीर एवं खोवा का सैंपल संग्रह किया गया। जांच अभियान के क्रम खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा संचालकों को निर्देश दिया गया कि अपने रसोईघर को अच्छी तरह से हाईजीन कंडीशन में रखेंगे। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे ताकि आम लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर नहीं पड़े। साथ ही सभी संचालकों को फूड कलर 100 पीपीएम तक ही इस्तेमाल करने की सलाह दी।

## होटलों में अवैध मादक पदार्थ की बिक्री रोकने के लिए प्रशासन ने चलाया छापेमारी अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** बरही डीएसपी के नेतृत्व में चौपारण के विभिन्न लाइन होटलों में अवैध मादक पदार्थ की बिक्री रोकने के लिए छापेमारी अभियान चलाया गया। यह अभियान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल बरही के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान में चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, सहायक अवर निरीक्षक बादल महतो व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। आपको बता दें कि इन दिनों प्रतिबंधित मादक पदार्थ डोडा का अवैध कारोबार खुलेआम किया जा रहा है। अफीम व डोडा के अवैध कारोबार का चौपारण से कनेक्शन है। जहां तस्करों का मेला लगा रहता है। पुलिस द्वारा पहले भी जीटी रोड के जरिए मादक पदार्थों की अंतरराज्यीय तस्करी का बड़ा खुलासा किया जा चुका है। चौपारण के अलावा बरही व इटखोरी में भी सड़क किनारे डोडा की खरीद-बिक्री होती है। मुख्य रूप से ट्रक चालक ही इसके खरीदार होते हैं। खासकर लाइन होटल इसके लिए सुरक्षित स्थान माना जाता हैं। चौपारण थाना जीटी रोड इसके लिए सेफ जोन माना जाता है। चौपारण से डोडा जिले से सटे जंगलों से जिले के विभिन्न इलाकों में पहुंचता है। इस कारोबार में कई एजेंट भी शामिल हैं। इनके माध्यम से लाइन होटलों में इसकी सप्लाई होती है। बता दें कि चौपारण के कई इलाकों के जंगली इलाकों में बड़ी मात्रा में अफीम का पौधा लगा होता है। इसी पौधे से डोडा बनाया जाता है। अफीम के पौधे से तना, पत्ता और पोस्त निकालने के बाद बचे छिलके को मशीन में पीसकर पाउडर बना लिया जाता है। इसे ही डोडा कहते हैं। इसी तरह पौधे से निकाले गए लाह को अफीम कहते हैं। जिसकी कीमत लाखों में होती है। डोडा के अलावा छोटे तस्कर भी इन इलाकों से अफीम लाते हैं। जिसे बिचौलिए काफी कम कीमत पर खरीदकर अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊंचे दामों पर बेचते हैं। स्थानीय स्तर पर इसके खरीदार लाइन होटल मालिकों के साथ-साथ अंतरराज्यीय वाहन चालक भी होते हैं। सूत्र यहां तक बताते हैं कि कुछ बड़े कारोबारियों ने चौपारण के जंगलों में छोटे पैमाने पर फैक्ट्री लगा रखी है। जिसका तार विभिन्न राज्यों से जुड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों की मानें तो स्थानीय युवा इस कारोबार में अहम भूमिका निभा रहे हैं। अगर समय रहते इस अवैध कारोबार को नहीं रोका गया तो आने वाले समय में यह कारोबार फलता-फूलता रहेगा। वहीं दूसरी ओर जिन युवाओं के कंधों पर देश की जिम्मेदारी है, वे नशे की गिरफ्त में होंगे।

## लाल बहादुर शास्त्री भारत-पाक युद्ध के कारण सदैव स्मरण में रहेंगे : शैलेन्द्र यादव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 59 वीं पुण्यतिथि उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि छोटी मूर्ति पर महान कीर्ति इन शब्दों में जिनके 18 माह के प्रधानमंत्रित्व काल का वर्णन किया जाता है, वे लाल बहादुर शास्त्री 1965 के भारत-पाक युद्ध के कारण सदैव स्मरण में रहेंगे । नेहरूजी की मृत्यु के बाद देश को नेतृत्वहीन समझ कर पड़ोसी पाकिस्तान ने भारत पर आक्रमण कर दिया था। पर शास्त्रीजी के नेतृत्व मे अभूतपूर्व संगठन एंव देशभक्त का परिचय देकर भारतीय जवानों एंव जनता ने आक्रमकों को घुटने टेकने को विवश किया। राष्ट्रपिता महत्मा गांधी के अनुयायियों में से एंव लाल बहादुर शास्त्री आत्मसम्मान के रक्षार्थ जीवन अर्पन करने वाले एक महान देशभक्त रहे । मौके पर प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव, अकील अहमद, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, मकसूद आलम, अजय गुप्ता, बिनोद सिंह, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, लाल बिहारी सिंह, जावेद इकबाल, रघु जायसवाल, कैलाश पति देव, सदरूल होदा, गुड्डू सिंह, परवेज अहमद, भैया असीम कुमार, अनिल कुमार भुईयां, रंजीत यादव, नरसिंह प्रजापति, अजित सिंह, अजय कुमार प्रजापति, अशोक कुमार, साजिद हुसैन, राजू चौरसिया, सुनिल अग्रवाल, अधिवक्ता इजहार हुसैन, देवधारी प्रसाद मेहता, बाबर अंसारी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## अफीम खेती के आरोप में ग्राम प्रधान सहित तीन गिरफ्तार

प्रत्यूषन वबिहार संवाददाता

**खूंटी :** अफीम की खेती के खिलाफ खूंटी जिला पुलिस की ओर से चलाए जा रहे अभियान के दौरान शनिवार को अफीम के खेत में काम कर रहे एक ग्राम प्रधान सहित तीन लोगों को मौके पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में सायको थानांतर्गत ग्राम रोंगों के ग्राम प्रधान सिमोन नाग तथा अड़की थाना क्षेत्र के मोसंगा का गांव निवासी बीरखोदर मुंडा और बुधु मुंडा शामिल हैं। इनके अलावा अफीम खेती के पुराने मामले में वांछित मुरहू थाना क्षेत्र के दो आरोपित ओदर ओड़ेया और दोचा ओड़ेया को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह जानकारी एसपी अमन कुमार ने शनिवार शाम अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। एसपी ने बताया कि अफीम की खेती के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा 11 दिसंबर से चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक माह में अब तक 1080.41 एकड़ जमीन में लगी अफीम की खेती को ट्रैक्टर आदि संसाधनों से नष्ट किया गया है। इस दौरान ग्रामीणों को लगातार जागरूक भी किया जा रहा है। विभिन्न थाना क्षेत्र के कई गांव में ग्रामीण जागरूक भी हुए हैं और स्वयं से लगभग 150 एकड़ में लगी अफीम की फसल को नष्ट किया है। एसपी ने कहा कि अगर ग्रामीण स्वयं से अफीम की फसल को नष्ट करेंगे तो उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। और अगर पुलिस अफीम की खेती को नष्ट करती है तो जमीन मालिकों के साथ ही खेती करने वाले ग्रामीणों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि अफीम की अवैध खेती में संलिप्त पाए जाने पर किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा चाहे वह ग्रामीण जनप्रतिनिधि ही क्यों ना हों।

# न्यायालयों में लंबित वादों से संबंधित तथ्य विवरणी ससमय कराएं उपलब्ध : डीडीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर शनिवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) गिरजा शंकर प्रसाद ने माननीय उच्चतम न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय, अवमानना वाद एवं अन्य न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा बैठक की। मौके पर डीपीएलआर निदेशक मेनका, जियाडा के क्षेत्रीय उप निदेशक मनोज कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा प्रभाष दत्ता, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी, अंचलाधिकारी आदि उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त ने क्रमवार माननीय उच्च न्यायालय, झारखंड रांची में जिले के विभिन्न विभागों/पदाधिकारी से संबंधित लंबित वादों की जानकारी ली। विभागवार सभी मामलों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा किया। संबंधित पदाधिकारियों को वादों से संबंधित तथ्य विवरणी विभाग द्वारा कार्यालय को ससमय समर्पित करने का निर्देश दिया। इसमें किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। वहीं, बैठक में उपस्थित प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा प्रभाष दत्ता ने सभी अंचल पदाधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को तथ्य विवरणी (एसओएफ) में संबंधित एनेक्सचर का उल्लेख स्पष्ट रूप से करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने विभागवार कुल 102 लंबित मामलों की प्रगति का समीक्षा किया। जिसमें पुलिस अधीक्षक कार्यालय से संबंधित 04 मामले, वन प्रमंडल पदाधिकारी कार्यालय से संबंधित 07 मामले, उप विकास आयुक्त सह सीईओ जिलापरिषद से संबंधित 01 मामले, क्षेत्रीय निदेशक जियाडा बोकारो प्रक्षेत्र से 01 मामले, अनुमंडल पदाधिकारी चास से संबंधित 04 मामले, भूमि सुधार उपसमाहर्ता चास से संबंधित 02 मामले, भूमि सुधार उपसमहर्ता बेरमो (तेनुघाट) से संबंधित 01 मामले, निदेशक परियोजना भूमि एवं पुनर्वास बोकारो से संबंधित 03 मामले, अपर नगर आयुक्त चास नगर निगम से संबंधित 02 मामले, जिला भू अर्जन पदाधिकारी बोकारो से संबंधित 05 मामले, विशेष भूर्जन पदाधिकारी बोकारो से संबंधित 02 मामले, स्थापना उप समाहर्ता बोकारो से संबंधित 02 मामले, जिला आपूर्ति पदाधिकारी 01 मामले, जिला सामान्य शाखा के 02 मामले, जिला शिक्षा पदाधिकारी बोकारो (नीति निर्धारण से संबंधित मामले) से संबंधित 01 मामले, जिला शिक्षा पदाधिकारी बोकारो से संबंधित 06 मामले, जिला शिक्षा अधीक्षक बोकारो से (नीति निर्धारण से संबंधित मामले) 03 मामले, जिला शिक्षा अधीक्षक बोकारो से संबंधित 08 मामले, प्रखंड विकास पदाधिकारी चास से संबंधित 01 मामले, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदनकियारी से संबंधित 02 मामले, प्रखंड विकास पदाधिकारी जरीडीह का 01 मामले, अंचल अधिकारी चास से संबंधित 14 मामले, अंचल अधिकारी चंदनकियारी से संबंधित 02 मामले, अंचल अधिकारी जरीडीह से संबंधित 01 मामले, अंचल अधिकारी बेरमो से संबंधित 04 मामले, अंचल अधिकारी कसमार से संबंधित 05 मामले, अंचल अधिकारी पेटरवार से संबंधित 03 मामले, अंचल अधिकारी गोमिया से संबंधित 01 मामले, अंचल अधिकारी नावाडीह से 01 मामले, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल बोकारो से संबंधित 03 मामले, जिला खनन पदाधिकारी बोकारो से संबंधित 06 मामले, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चंदनकियारी से संबंधित 02 मामले, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल चास से संबंधित 01 शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### समाज के हर व्यक्ति को कपूरी ठाकुर के आदर्शों और विचारों को अपनाना चाहिए : इंद्रदेव ठाकुर



**बरही :** बरही में समेकित नाई समाज की बैठक पिंडारकोन में केशव ठाकुर के आवास के पास आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता देवधारी ठाकुर ने की, जबकि संचालन अध्यक्ष इंद्रदेव ठाकुर ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 24 जनवरी को जननायक कपूरी ठाकुर जी की जयंती भव्य रूप से मनाई जाएगी। इस अवसर पर अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए रणनीति तैयार की गई। बैठक के दौरान अध्यक्ष इंद्रदेव ठाकुर ने कहा कि समाज के हर सदस्य को जननायक कपूरी ठाकुर के आदर्शों और विचारों को अपनाना चाहिए। उनकी जयंती मनाने का उद्देश्य उनके योगदान को याद करना और नई पीढ़ी को उनके संघर्ष व उपलब्धियों से परिचित कराना है। बैठक में बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे, जिनमें प्रमोद ठाकुर, संतोष शर्मा, छोटन शर्मा, शुभम ठाकुर, देवधारी ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर, केशव ठाकुर, जागेश्वर ठाकुर, मुकेश ठाकुर, रामधनी ठाकुर, केदार ठाकुर, बसंत ठाकुर, विनोद ठाकुर, दिवाकर ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, काली ठाकुर, शैलेंद्र ठाकुर, रामजी ठाकुर, किंकर कुमार शर्मा समेत अन्य गणमान्य सदस्य शामिल थे। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों ने सहयोग और सहभागिता का वचन दिया।

### केसरवानी आश्रम में श्री राम जानकी मंदिर की प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई



**बरही :** बरही के केसरवानी आश्रम में श्री राम जानकी मंदिर की प्रथम वर्षगांठ धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। यह शुभ अवसर पुश शुक्ल पक्ष द्वादशी, संवत 2081 को आयोजित हुआ। इस दौरान विशेष पूजा-पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया, जिससे कार्यक्रम में आनंद और भक्ति का वातावरण बना रहा। मंदिर की वर्षगांठ को खास बनाने के लिए मुख्य पुजारी राजेश प्रसाद केसरी और उनकी पत्नी ने पूजा की अगुवाई की। पुरोहित दिनेश पंडित ने मंत्रोच्चारण और विधिवत पूजा संपन्न कराई। इस अवसर पर क्षेत्र के कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे, जिनमें जगदीश साहू, रत्नेश्वर मास्टर, बाल गोविंद केसरी, मेवालाल केसरी मीडिया प्रभारी एवं प्रशासनिक सहयोगी, उमेश केसरी बरहीडीह पंचायत अध्यक्ष, विनोद केसरी आश्रम निर्माण अध्यक्ष, आशीष केसरी, राजेश केसरी गया रोड पंचायत अध्यक्ष, महेंद्र केसरी पूर्व संगठन मंत्री, सरस्वती केसरी, दिनेश पंडित, उमेश केसरी, पायल केसरी, पत्नी केसरी, मुन्नी केसरी, नीतू कुमारी, लखन केसरी, अशोक केसरी, विजय केसरी, सरस्वती केसरी प्रमुख रूप से शामिल थे। महिलाओं और बच्चों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। आयोजन के दौरान प्रशासनिक सहयोग भी सराहनीय रहा। इस तरह की भक्ति और समर्पण से मंदिर की पहली वर्षगांठ को यादगार बनाया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर अपनी आस्था और प्रेम व्यक्त किया और भगवान श्री राम और माता जानकी का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन ने क्षेत्र के धार्मिक और सामाजिक वातावरण को प्रोत्साहित किया।

### प्रदेश कांग्रेस ने मो. रुस्तम अली को देवघर गोड्डा और साहेबगंज का प्रभारी नियुक्त किया



**बरही :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अल्पसंख्यक विभाग ने संगठन को और मजबूत करने के लिए नए कदम उठाते हुए महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। इस दिशा में बरही कोनरा निवासी और पार्टी के प्रदेश सचिव मो. रुस्तम अली को देवघर, गोड्डा और साहेबगंज जिलों का प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी की पहल पर की गई है। मंजूर अंसारी ने कहा कि पार्टी जल्द ही अल्पसंख्यक विभाग की नई कमिटी गठित करेगी, और इस प्रक्रिया में मो. रुस्तम अली की सक्रिय भूमिका होगी। इस जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए मो. रुस्तम अली ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश महतो से मुलाकात कर अपनी नियुक्ति पर आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा, मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का प्रयास करूंगा। मैं पार्टी संगठन को मजबूत करने और अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव योगदान दूंगा। मो. रुस्तम अली की इस नियुक्ति पर उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस कदम से इन तीन जिलों में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और अल्पसंख्यक समुदाय का पार्टी के प्रति विश्वास और मजबूत होगा। गौरतलब है कि मो. रुस्तम अली लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं और अपनी सक्रियता और मेहनत से पार्टी में एक मजबूत पहचान बनाई है। उनकी नियुक्ति को संगठन के लिए एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

### पुलिस और वन विभाग ने छह एकड़ में लगी पोस्ता की खेती को किया नष्ट

**पलामू :** पलामू जिले के नावा जयपुर और मनातू थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाकों में शनिवार को पोस्ता-अफीम की खेती को लेकर अभियान चलाया गया। नावाजयपुर के बुढ़ी गांव में एक एकड़ में लगी पोस्ता की खेती नष्ट की गयी। इस क्रम में 10 से 15 गांजा के पौधों को भी विनष्ट किया गया। इसी तरह मनातू थाना क्षेत्र के ग्राम उरु के जंगल में पुलिस एवं वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए करीब 5 एकड़ में अवैध रूप से की गई पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किया। नावा जयपुर में कार्रवाई का नेतृत्व थाना प्रभारी कमल किशोर पांडे ने किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिलने पर दलबल के साथ ग्राम बुढ़ी के जंगल में पहुंचे एवं करीब एक एकड़ में लगी पोस्ता-अफीम की खेती को नष्ट किया। इसी दौरान 10 से 15 गांजा के पौधों को नष्ट किया। वहां के आमजनों एवं बच्चों से मिलकर पुलिस और पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित किया। वहीं दूसरी ओर मनातू थाना क्षेत्र के ग्राम उरु के जंगल में पुलिस और वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए करीब पांच एकड़ में अवैध रूप से की गई पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जंगल में छापा मारा और अवैध पोस्ता खेती का खुलासा किया।

## एक नजर

### तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से गिरने से तीन लोग हुए घायल

**साहिबगंज/राजमहल :** तीनपहाड़ राजमहल मुख्य मार्ग पर बेगमपुरा, मंडई पेट्रोल पंप के पास बीते रात्रि तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से तीन लोग गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बेगमपुरा के ही छोटू यादव 30 वर्षीय, इमरान शेख 24 वर्षीय, सोनू शेख 22 वर्षीय, एक ही मोटरसाइकिल में सवार होकर कहीं जा रहा था। उसी दौरान मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर तीनों गिरकर घायल हो गया,जिसे अपने-अपने परिजनों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया गया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

### आपसी विवाद में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**साहिबगंज/राजमहल :** थाना क्षेत्र अंतर्गत जामनगर में बीते रात्रि आपसी विवाद में हुए मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार निखिल मंडल 35 वर्षीय का पड़ोसी के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी होते-होते बात मारपीट तक पहुंच गया जिसमें निखिल मंडल घायल हो गया। जहां परिजनों के द्वारा इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज किया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

### अपहृत किशोरी के साथ आरोपी युवक पकड़ाया

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के मोहनपुर से अपहृत किशोरी समेत कथित आरोपी युवक को बीते रात्रि पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट थाना क्षेत्र से बरामद किया गया। जहां कांड के अनुसंधान कर्ता हसनैन अंसारी ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निर्देश पर रामपुरहाट से दोनों को हिरासत में लेकर आया है। जहां शनिवार को अपहृत किशोरी का साहिबगंज सदर अस्पताल में मेडिकल जांच करवाने के लिए लाया गया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### जंगल में अवैध कोयला खनन में लगे 2 ट्रैक्टर जब्त

**गोड्डा :** गोड्डा जिला वन विभाग की टीम ने डांगापाड़ा के घने जंगलों में अवैध कोयला खनन व कोयला की तस्करी में लगे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया है। सुंदरपहाड़ी प्रखंड के वन पदाधिकारी की लिखित शिकायत पर दो अलग-अलग केस दर्ज किया गया है। एक मामले में डमरूहाट निवासी कैलाश साह व सुशील हेंब्रम को आरोपी बनाया गया है, जबकि दूसरे मामले में अगियामोड, देवदांड निवासी विकास मंडल के खिलाफ केस किया गया है। दोनो कांडों में शामिल ट्रैक्टर मालिक और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है। बताया गया कि घने जंगल मे बुलडोजर लगाकर अवैध कोयले की खुदाई करवाई जा रही थी।

### चोरी से बिजली जलाते 23 लोग पकड़ाए, केस दर्ज

**साहिबगंज :** साहिबगंज के विद्युत अधीक्षण अभियंता नत्थन रजक के निर्देश पर विभाग की टीम ने शुक्रवार को साहिबगंज विद्युत प्रमंडल क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान 23 लोगों को चोरी से बिजली जलाते पकड़ा गया। विभाग ने उनके खिलाफ संबंधित थाने में बिजली चोरी का केस दर्ज कराया है। उन पर कुल 3 लाख 13 हजार रुपए फाइन किया गया है। कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी ने बताया कि विभिन्न प्रतिष्ठानों व घरों में छापेमारी कर बिजली की चोरी पकड़ी गई।

# पुस्तकें केवल ज्ञान का स्रोत नहीं, बल्कि हमारे जीवन की अमूल्य धरोहर हैं : राज्यपाल

### राज्यपाल ने 22वें देवघर पुस्तक मेला का किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**देवघर :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को बाबा बैद्यनाथ की पावन भूमि पर 22वें देवघर पुस्तक मेला का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने पुस्तक मेले को ज्ञान, संस्कृति और साहित्य के प्रसार का एक महत्वपूर्ण मंच और झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बताया। राज्यपाल ने इस मेले को डिजिटल युग में पुस्तक संस्कृति को पुनर्जीवित करने का एक उत्कृष्ट प्रयास बताते हुए कहा कि पुस्तकें केवल ज्ञान का स्त्रोत नहीं, बल्कि हमारे जीवन की अमूल्य धरोहर हैं। राज्यपाल ने कहा कि देवघर की यह भूमि न केवल बाबा बैद्यनाथ धाम जैसे आध्यात्मिक केंद्र के लिए विख्यात है, बल्कि यहां महान संत ठाकुर अनुकूल चंद्र जी ने समाज को अपने विचारों और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से प्रेरित किया। यह पावन भूमि सांस्कृतिक, साहित्यिक और ऐतिहासिक धरोहर का एक प्रेरणास्त्रोत है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी देवघर का योगदान अत्यंत प्रेरणादायक रहा है। असहयोग आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान यहां की जनता और क्रांतिकारियों की भूमिका अतुलनीय रही है। इस भूमि ने हमेशा समाज को प्रेरणा और ऊर्जा दी है। राज्यपाल ने कहा कि आज जब युवा पीढ़ी पुस्तकों से दूरी बना रही है, ऐसे में इस प्रकार के आयोजन उनका ध्यान अध्ययन और लेखन की ओर पुनः आकर्षित करने में सहायक होंगे। उन्होंने बरेली में अपनी ओर से स्थापित किए गए पुस्तकालय का भी उल्लेख किया, जो अध्ययनशील समाज के निर्माण की दिशा में उनका व्यक्तिगत प्रयास है। राज्यपाल ने कार्यक्रम में कई पुस्तकों का विमोचन किया और साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विद्वानों को सम्मानित किया। उन्होंने मेले को युवाओं की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने का एक आदर्श मंच बताया और युवाओं से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'पढ़ेगा इंडिया, बढ़ेगा इंडिया' जैसे मंत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पुस्तक मेला उनकी सोच को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्यपाल ने पुस्तक मेला समिति को इसके सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं और सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस मेले का अधिकतम लाभ उठाएं और ज्ञान के इस महोत्सव का हिस्सा बनें। इस अवसर पर लोकसभा सदस्य डॉ. निशिकांत दुबे, स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, साहित्यकार, शिक्षाविद् और पुस्तक मेला समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## सरायकेला में सरकारी कामकाज में मीडिया का फीडबैक जरूरी : डीसी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** सरायकेला खरसावां जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा शनिवार को जनसंपर्क कार्यालय में प्रेस सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लूणायत समेत जिले के तमाम पत्रकार मौजूद थे। प्रेस सम्मेलन में मौजूद उपायुक्त रविशंकर शुक्ल ने कहा कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में त्रुटि से संबंधित खबरें मीडिया में प्रमुखता से आने के बाद जिला प्रशासन को भी इसकी जानकारी होती है। लिहाजा मीडिया फीडबैक सरकारी योजनाओं के लिए काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। पत्रकारों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत मीडिया सम्मेलन में उपायुक्त ने पत्रकारों के समस्याओं को जानते हुए उनके निदान की बात कही। उपायुक्त ने कहा कि जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड और आंचलिक पत्रकारों को किस प्रकार सहायता मिले इस पर जिला प्रशासन बेहतर प्रयास करेगी। कार्यक्रम में मौजूद पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लूणायत ने कहा कि कई बार मीडिया में ऐसी खबरें प्रकाशित होती है जिसकी भनक तक हमें नहीं होती। लिहाजा मीडिया हमारे लिए आंख-कान का भी काम करती है। कार्यक्रम में सरायकेला जिला प्रशासन के कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे।

## जय संविधान अभियान मार्च के तहत कांग्रेस ने गांवों का किया भ्रमण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरहरवा :** देश के संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से साहिबगंज जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में जय बापू, जय भीम, जय संविधान, अभियान मार्च की शुरूआत शनिवार को बरहरवा प्रखंड से हुई। अभियान का नेतृत्व साहिबगंज जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने किया।कार्यक्रम का प्रारम्भ बिंदुपाड़ा पंचायत के बिंदुपाड़ा मोड़ से पंचायत भवन तक किया गया।मौके पर जिला अध्यक्ष बरकत खान ने कहा कि देश संविधान से चलेगा ना कि भाजपा के विचारधारा से, हम सभी को संविधान द्वारा जो अधिकार और हक देने का कार्य डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने किया है उनके प्रयास को खत्म करने का काम भारतीय जनता पार्टी अनवरत रूप से कर रही है, कर रही है, देश के गृह मंत्री ने डॉ अंबेडकर का अपमान करने का जो काम किया है इससे पूरा देश मर्माहित है। देश डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान से चलेगा, यह देश डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान को कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगा। यही वजह है कि हम डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रति भाजपा के कुचक्र को जन जन तक पहुंचाएंगे। इस कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष रणजीत टुडू, छोटेलाल रामानी, दौरान चौधरी, मोफाक खैरुल इस्लाम, सुभाजित मिश्रा, मोती अंसारी, अकबर खान, सरीफुल अंसारी,अशफाक शेख, मृदुल भट्टाचार्य, बाबुल खान, मसलू शेख, डबलू शेख, दिलावर शेख, मंगल प्रकाश मरांडी, सुभो दास, हसन अंसारी, फते टुडू, दुखू बागती, अल्फा मोमीन, अशोक कुड़ियाल, सनाउल अंसारी सहित सैकड़ों कार्यकर्त्ता तथा आम जन उपस्थित थे।

## ग्रामीणों के बीच हुआ कंबल का वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा एवं परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास ने प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ पहाड़िया गांवों का मैराथन दौरा किया। इस दैरान पदाधिकारीयों ने मंडरो प्रखंड के करम पहाड़, कोदे पहाड़ व बोरियो प्रखंड के दुले पहाड़ व बिजुलिया पहाड़ में सैंकड़ों आदिम जनजाति महिला-पुरुष से मुलाकात कर सरकार की योजनाओं का हाल जाना। उन्होंने इन गांवों में पेयजल, शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य सुविधा, सड़क, राशन की उपलब्धता, आवास, खेल के मैदान व अन्य व्यवस्था की जानकारी ली। पीएम आवास, जनमन योजना, एसबीएम सहित अन्य योजनाओं का भी हाल जाना। वहीं सैंकड़ों महिला-पुरुष आदिम जनजाति पहाड़िया ग्रामीणों के बीच कंबल व फलदार पौधों का वितरण किया। जबकि प्रत्येक गांव में युवाओं की टीम को फुटबॉल भी दिया। उन्होंने ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुर्गी, बकरी, बतख, सुअर पालन, बांस की खेती, व फलदार पौधा लगाने, मत्स्य पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामीणों ने आवेदन आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की टीम का आदिम जनजाति पाहड़िया गांवों के भ्रमण का उद्देश्य सरकार की योजनाओं की धरातल पर स्थिति का आकलन करना था। सभी विभाग के अधिकारियों ने संबंधित योजनाओं का निरीक्षण किया है। जहां कहीं भी कमी है, उसे दूर किया जाएगा। कमियों के अनुरूप विभागों को कार्य करने का लक्ष्य दिया गया है। अगले दौरे में लक्ष्य के अनुरूप कार्यों का आकलन किया जाएगा। डीडीसी ने बताया कि बिजुलिया में ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र नहीं होने एवं राशन के लिए दूर जाने की शिकायत की है। इसके बाद उन्होंने वहीं आंगनबाड़ी केंद्र बनवाने एवं पीडीएस दुकान की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। भ्रमण के दौरान ठंड को देखते हुए प्रशासन की टीम ने घर-घर पहुंचकर पहाड़िया ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया है। प्रशासन बिचौलिया संस्कृति को पूरी तरह से खत्म करने की कोशिश में लगा है ताकि ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर दिया जा सके। ग्रामीणों से अपील भी की गई है कि ग्रामीण सीधे किसी भी जरूरत को लेकर प्रशासन से संपर्क करें।

## बरहरवा में गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** प्रखंड में गणतंत्र दिवस को भव्य तरीके से मनाने को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायती राज सभागार कक्ष में शनिवार को प्रमुख सुशीला हांसदा की अध्यक्षता में बैठक कि गई। इस अहम बैठक में बरहरवा थाना के पुलिस प्रशासन, बरहरवा जीआरपी एवं आरपीएफ तथा शिक्षा विभाग एवं नगर पंचायत सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि के अनुपस्थित रहने पर मौजूद लोगों ने नाराजगी जताई। बैठक की कार्यवाही शुरू करते हुए 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बरहरवा प्रखंड में भव्य तरीके से कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में पिछले वर्ष की तरह ही निर्धारित समय पर सभी स्थानों पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही 26 जनवरी के दिन नगर के पतना चौक से स्टेशन चौक तक तिरंगा यात्रा निकलने पर भी आम सहमति बनाई गई। बैठक में बताया गया कि रेड क्रॉस सोसायटी की बैठक 10 वर्षों से नही होने की स्थिति में पुनः सोसाइटी को पुनर्जीवित करने का प्रस्ताव लिया गया। इसके साथ ही 26 जनवरी को सुबह पांच बजे से दोपहर 12 बजे तक नगर में भारी वाहन की परिचालन पर रोक लगाने का भी निर्णय लिया गया है। इस मौके पर निवर्तमान नगर अध्यक्ष श्यामल दास, गुलाम रब्बानी, अशोक गुप्ता, अश्विनी आनंद, डॉ नवल किशोर साहा, जयचंद दास, संजीव गुप्ता, नुरुल इस्लाम के अलावे नाजिर कमरुज्जमां, बीपीओ विजय कुमार, जनसेवक गौतम कुमार, चंदन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# जिले में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी माघी पूर्णिमा मेला का होगा आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिले के राजमहल प्रखंड में आयोजित होने वाले माघी पूर्णिमा मेला की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह उपस्थित थे।



**उपायुक्त ने राजमहल प्रखंड में माघी पूर्णिमा आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए**

साहिबगंज जिले के राजमहल प्रखंड में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी माघी पूर्णिमा मेला का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। इस आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला प्रशासन ने इस आयोजन को लेकर विशेष तैयारियां की हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। आवश्यक दिशा-निर्देश और तैयारियां

**यातायात व्यवस्था**

माघी पूर्णिमा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए उपायुक्त ने यातायात प्रबंधन पर विशेष जोर दिया है। वाहनों की पार्किंग के लिए अलग स्थान निर्धारित किए गए हैं, जिससे आयोजन स्थल के पास जाम की स्थिति न बने। इसके साथ ही पुलिस कर्मियों को प्रमुख चौराहों और मार्गों पर तैनात किया जाएगा।

**सुरक्षा व्यवस्था**

आयोजन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक कदम उठाए गए हैं। आयोजन स्थल और उसके आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। सुरक्षा बलों की पर्याप्त तैनाती के साथ-साथ महिला पुलिसकर्मियों को भी ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा ताकि महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**स्वच्छता और स्वास्थ्य सुविधाएं**

आयोजन स्थल पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। शौचालयों की सफाई और कचरा प्रबंधन पर ध्यान दिया जाएगा। साथ ही, किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सा टीम और एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थल पर प्राथमिक चिकित्सा केंद्र भी स्थापित किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क सुरक्षा जागरूकता वैन को जिला परिवहन पदाधिकारी ने किया रवाना



**साहिबगंज :** सड़क सुरक्षा माह 2025 के उपलक्ष में सड़क सुरक्षा जागरूकता एलईडी वैन को रवाना किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी, जिला भुर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर दास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साहिबगंज जिले में शनिवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत जिला परिवहन कार्यालय परिसर से सड़क सुरक्षा जागरूकता एलईडी वैन को रवाना किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि जनवरी माह 1 से 31 तारीख के दौरान जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान नुक्कड़ नाटक, प्रभात फेरी, खेल प्रतियोगिताएं, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आज सड़क सुरक्षा जागरूकता ऐलईडी वैन के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के प्रति प्रेरित किया जाएगा। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाना, दुर्घटनाओं में पीड़ित परिवारों को सहायता प्रदान करना, और लोगों को यातायात नियमों का महत्व समझाना है। जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह ने बताया कि यह कार्यक्रम सिर्फ आंकड़ों को कम करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों को जीवन के प्रति अधिक जिम्मेदार बनने का संदेश देता है। सड़क सुरक्षा रथ जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों का दौरा करेगा। इसमें ऑडियो-विजुअल संदेशों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा, इन प्रमुख गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, कार्यालय लिपिक अभिषेक कुमार, सड़क सुरक्षा योद्धा समाज सेवी ओम प्रकाश पंडित उर्फ (प्रजापति बाबा), रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस एवं समाहरणालय के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

### श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर मंदिरों में हुए कार्यक्रम



**साहिबगंज/बोरियो :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर आज शनिवार को बोरियो प्रखंड के महावीर टोला स्थित चैती दुर्गा मंदिर, पुराना शिवालय, चांदनी चौक स्थित शनि मंदिर सहित अन्य विभिन्न मंदिरों में सामाजिक समरसता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वही इस्कॉन मंदिर की ओर से सभी मंदिरों में श्रीराम एवं कृष्ण की प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण किया गया। नमस्ते रोड इस्कॉन मंदिर से पुराना दुर्गा मंदिर बस स्टैंड स्थित शिवालय, महावीर टोला स्थित चैती दुर्गा मंदिर आदि का भ्रमण किया गया। सभी मंदिरों में श्रीराम और सामाजिक समरसता के विषय पर चर्चा एवं पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही श्रीराम मंदिर निर्माण के पहले वर्षगांठ पर वक्तव्य, खिचड़ी प्रसाद आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर इस्कॉन मंदिर के चंदन प्रभु, वसंत केवट, रूबी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी मालोती देवी, साधन दास, विश्व हिंदू परिषद के किशोर कुमार आदि अन्य शामिल थे।

### उपायुक्त ने किया राखडीह आंगनबाड़ी में सुविधाओं के अभाव का अवलोकन



**पटमदा :** उपायुक्त के निर्देश पर जिला के अपर उपायुक्त भागीरथ प्रसाद ने पटमदा प्रखंड के राखडीह आंगनबाड़ी केंद्र ,माचा सीएचसी पटमदा का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि डीसी के निर्देश पर पटमदा सीएचसी का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएचसी में बेहतर संस्थागत प्रसव और तकनीकी सुविधा उपलब्ध है। पटमदा सीएचसी में सात चिकित्सक का पद सृजित है। लेकिन मात्र तीन चिकित्सक से सीएचसी चल रहा हैं। स्पेशलिस्ट डॉक्टर का जरूरत है।सर्वाइकल कैंसर मशीन उपलब्ध है। वही राखडीह आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया। जिसमे शौचालय,पाइप लाइन पेयजल का अभाव है। आंगनबाड़ी में पंजी सुधार का निर्देश दिया। लाभुको को मिलने वाले पौषाहार, टी एच आर, धातृ,किशोरी,गर्भवती को मिलने वाले लाभ को सही ढंग चलाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान निरीक्षण में बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग,सीओ डॉ राजेंद्र कुमार दास,सीडीपीओ सुनीता केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

### डीसी ने किया बाबा मंदिर का निरीक्षण

**देवघर :** देवघर डीसी विशाल सागर गुरुवार को बाबा बैद्यनाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने मकर संक्रांति व बसंत पंचमी को लेकर मंदिर परिसर में की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए बाबा मंदिर को जोड़ने वाले संपर्क पथों की स्टील से बैरिकेडिंग करने का निर्देश संबंधित कार्यपालक अभियंता को दिया, ताकि गलियों में दुकानदारों के अतिक्रमण की वजह से श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। डीसी ने कहा कि मंकर संक्रांति व सरस्वती पूजा पर बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं की ज्यादा भीड़ रहती है। इसे देखेते हुए मंदिर प्रांगण व आसपास के क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई व कचरे के उठाव का निर्देश दिया। अधिकारियों से कहा कि मंदिर प्रांगण को अतिक्रमण मुक्त रखें और साफ-सफाई पर ध्यान दें। श्रद्धालुओं की सुविधा व उनके लिए स्वास्थ्य व्यवस्था का विशेष ख्याल रखें। डीसी ने शीघ्रदर्शनम काउंटर का भी जायजा लिया। संबंधित अधिकारी को काउंटर की व्यवस्था को और पारदर्शी बनाने का निर्देश दिया। मौके पर एसडीएम रवि कुमार, गोपनीय प्रभारी मुकेश कुमार, डीपीआरओ राहुल कुमार भारती, सहायक मंदिर प्रभारी सह जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# तेजस्वी बोले- नीतीश थक चुके हैं डीके सरकार चला रहे

## सुपर सीएम कह सकते हैं; बगहा में कहा– गठबंधन कर पैर में कुल्हाड़ी नहीं मारेंगे

**बगहा।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार को थका हुआ बताया है। बगहा में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि 'बिहार में DK टैक्स चल रहा है, DK बॉस की सरकार है। सुपर उट भी कहा जा सकता है।' उन्होंने ये भी कहा कि 'आनेवाले समय में हमलोग ये भी बताएंगे कि डीके कौन हैं, कैसे वसूली होती है। आज की तारीख में वो इतने शक्तिशाली हैं कि उनके बचाव के लिए मंत्री को उतरना पड़ता है। दरअसल सभी पार्टनर हैं।' इससे पहले शुक्रवार को पटना में मीडिया से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पहली बार डीके टैक्स की चर्चा की थी। इस बयान के बाद से सियासत गरमाई हुई है। तेजस्वी यादव ने दावा किया कि बिहार में 'डीके टैक्स' का खेल चल रहा है, इससे राज्य की जनता पर बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है और



आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। तेजस्वी ने तंज कसते हुए कहा कि 'नीतीश कुमार अब पूरी तरह थक चुके हैं। सरकार पर उनकी नियंत्रण खत्म हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि राजद कभी भी नीतीश कुमार से गठबंधन कर अपनी राजनीतिक जमीन पर कुल्हाड़ी नहीं मारेगा।' राजद नेता तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि 'बिहार आज भी देश के सबसे पिछड़े राज्यों में से एक है, जहां लोग रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने नीतीश कुमार को देश का सबसे खचीर्ला मुख्यमंत्री बताया।' तेजस्वी ने अरविंद केजरीवाल का किया बचाव इसके साथ ही तेजस्वी यादव ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का बचाव करते हुए कहा कि 'उन्हें गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा है।' तेजस्वी ने कहा कि केजरीवाल ने कभी भी बिहारी समाज का अपमान नहीं किया। 'उनके फर्जी वोटर के संदर्भ



में दिए गए बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है।' तेजस्वी यादव ने अपने इन बयानों से एक ओर सरकार पर भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन का आरोप लगाया है, वहीं दूसरी ओर अरविंद केजरीवाल के बचाव में उतरकर राष्ट्रीय राजनीति में भी अपनी स्थिति मजबूत करने का प्रयास किया है। बीजेपी कोटे के मंत्री बोले- भ्रम फैला रहे तेजस्वी वहीं बिहार सरकार में बीजेपी कोटे से PHED मंत्री नीरज सिंह बबलू ने कहा कि 'तेजस्वी यादव जब डिप्टी CM थे, उस समय कौन-कौन सा टैक्स लिया जाता था। ये उनको अच्छे से पता होगा। अभी जो नया टैक्स के बारे में बता रहे हैं, ये वही बताएंगे कि कौन सा टैक्स लिया जाता है। जब सरकार में रहते हैं तो उनको टैक्स नजर नहीं आता है। तरह-तरह की बात करते हैं। अफवाह फैलाने का काम बंद करें तेजस्वी यादव। जब सरकार में रहते तो समय अफवाह फैलाते तो लोग समझते। अभी जब बेरोजगार हैं तो अफवाह फैला रहे हैं।' सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने कहा- राजद का चेहरा पहले से ही बदनाम तेजस्वी यादव के बिहार में 'डीके टैक्स' चलने के दावे का जवाब देते हुए सासाराम में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि 'राष्ट्रीय जनता दल खुद सिर से पैर तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई पार्टी है।' पूर्व केंद्रीय मंत्री कुशवाहा ने नोखा में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के डीके टैक्स का जिक्र करने के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। तेजस्वी इससे पहले नीतीश सरकार पर हमला करते हुए ये कहा करते थे कि कुछ रिटायर्ड अधिकारी सरकार चला रहे हैं।

अब वो DK से किस नाम की तरफ इशारा दे रहे हैं ये कहा नहीं जा सकता। बिहार में 2017-18 में RCP टैक्स भी सुर्खियों में रहता था।

## मिनी ट्रक से 3600 बोतल शराब बरामद, 2 गिरफ्तार



**नवादा।** भोजपुर के मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम ने बामपाली गांव के समीप आरा-बक्सर हाइवे से एक मिनी ट्रक के तहखाने से करीब 3600 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। इस दौरान टीम ने शराब तस्करी में संलिप्त दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। जब्त की गई शराब यूपी मेड बताई जा रही है, और इसकी अनुमानित बाजार मूल्य लगभग दस लाख रुपए है। उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि बक्सर की ओर से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप लाई जा रही है। इसके बाद टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बामपाली के पास ट्रक को रोककर तलाशी ली। ट्रक के तहखाने में छिपाकर रखी गई शराब की बोतलें बरामद की गईं। तलाशी में 750 एमएल की 324 बोतल, 750 एमएल की 12 बोतल और 180 एमएल की 3264 बोतलें मिलीं। गिरफ्तार आरोपियों में भोजपुर जिले के गजराजगंज ओपी के मिल्की टोला गांव निवासी विशाल कुमार यादव और सारण जिले के मुफस्सिल थाना के नेवाजी टोला निवासी अजीज कुमार साह शामिल हैं। इनमें से एक आरोपी ट्रक का चालक था। पुलिस को देखकर आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उन्हें दबोच लिया।

२२२२उत्पाद विभाग ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने बताया कि जब्त की गई शराब यूपी से लायी जा रही थी और इसका इस्तेमाल गैर कानूनी रूप से किया जा रहा था।

# 500 रुपए से शुरू होता था ठगी का खेल

**नवादा।** पुलिस ने एक बड़े साइबर फ्रॉड का खुलासा किया है। एसपी अभिनव धीमान के निर्देश पर एसआईटी और साइबर थाने की टीम ने बेबी बर्थ सर्विस के नाम से धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नारदीगंज के कहुआरा गांव से पकड़े गए आरोपियों में प्रिंस राज उर्फ पंकज कुमार (20), भोला कुमार (20) और राहुल कुमार (19) शामिल है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन चलाकर लीड करते थे जेनरेट मुख्यालय डीएसपी इमरान परवेज के अनुसार, आरोपी 'ऑल इंडिया प्रेग्नेंट जॉब' और 'प्ले ब्वाय सर्विस' के नाम से सोशल मीडिया पर चलाते थे। इससे वे लोग लीड जेनरेट करते थे। इनका मकसद बांझ महिलाओं को गर्भवती बनाने का झांसा देकर ठगी करना था। आरोपी महिलाओं को गर्भवती करने पर 20 लाख रुपए और असफल होने पर 5 लाख रुपए देने




का लालच देते थे। 7 जनवरी को की गई छापेमारी में पुलिस ने आरोपियों से 6 मोबाइल बरामद किया था। इसमें वॉट्सऐप चैट, फोटो, महिलाओं के ऑडियो-वीडियो और लेनदेन का विस्तृत डेटा मिला। ठग पहले पीड़ितों से आधार कार्ड, पैन नंबर और बैंक अकाउंट नंबर मांगते थे, फिर सेल्फी और बाद में खूबसूरत महिलाओं के ऑडियो-वीडियो भेजकर अपने जाल में फंसाते थ। इसमें उन्हें गर्भवती करने पर 25 लाख रुपए देने का वादा किया जाता था। यहीं से लोग ठगों के जाल में फंसते थे और उनसे ठगी का सिलसिला शुरू हो जाता था। रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर 500 रुपए पहले लेते थे और फिर धीरे-धीरे ठगी का खेल लाखों में पहुंच जाता था। लोगों को जोड़ने की बात करे तो फेसबुक और वॉट्सऐप पर ग्रुप बनाकर जोड़ने का काम चलता था। इसके बाद लोगों से फोन पर बातचीत कर ठगी करने का काम आगे बढ़ता था। 2023 में भी पकड़ाया था एक गिरोह 2023 में भी पुलिस ने एक ऐसे ही गिरोह को पकड़ा था। उस मामले में भी साइबर अपराधी बेबी बर्थ सर्विस और प्ले ब्वाय सर्विस के नाम से ऐड देकर लोगों से ठगी करते थे। इसमें तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। जानकारी के अनुसार अपराधियों का लंबा नेटवर्क बताया गया था। इनका सरगना कोई और था जो ऑडियो और वीडियो से आदेश देता था। मास्टर माइंड दिल्ली में बैठे कर इनको ऑर्डर देता था।गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ में पुलिस को इनके गिरोह के अन्य साथियों के नाम और पता की जानकारी मिली थी।

# क्रेटा पीछे से ट्रक में घुसी 2 की मौत दंपती समेत 3 लोग घायल





**नालंदा।** में क्रेटा कार ने आगे चल रहे ट्रक में टक्कर मार दी जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना बख्तियारपुर रजौली एनएच-20 फोरलेन के चेरो ओपी अंतर्गत धोबा नदी पुल के पास की है। बताया जा रहा कि हादसा कोहरे के कारण हुआ है। ट्रक आगे चल रहा था। कार पीछे से आ रही थी। कार चालक को ट्रक नहीं दिखा और टक्कर हो गई। पटना के रहने वाले हैं सभी मृतक की पहचान पटना के पीरबहोर थाना क्षेत्र अंतर्गत महेंद्रू निवासी रंजीत कुमार की 6 वर्षीय बेटी अंशु कुमारी और लाल बाबू की 50 वर्षीय पत्नी मुन्नी देवी के रूप में की गई है। जबकि इस हादसे में रंजीत कुमार, उनकी पत्नी और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हैं। उनको बेहतर उपचार के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। परिजन ने बताया कि रंजीत कुमार अपनी कार से राजगीर घूमने निकले थे। कार पर कुल पांच लोग सवार थे। बख्तियारपुर-रजौली फोरलेन के चेरो ओपी अंतर्गत धोबा पुल के पास घने कोहरे के कारण आगे चल रहे ट्रक का पता नहीं चल सका। ट्रक में पीछे से कार की टक्कर हो गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। रंजीत कुमार ने नई कार ली थी। उसी पर सवार होकर सभी लोग घूमने निकले थे। कार के अंदर फंसे थे लोग टक्कर इतनी जबरदस्ती थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी के अंदर ही लोग फंसे रह गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बीच ट्रक चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। चेरो ओपी प्रभारी वीकेश कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोहरे की वजह से हादसा हुआ है। शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने कार में मारी टक्कर:पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल, PMCH रेफर चालक मौके से फरार



**पटना। जिले के मोकामा में तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार कृषि विभाग के कर्मचारी और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए स्थानीय लोगों ने रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए दोनों को पीएमसीएच रेफर कर दिया। घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। फरार चालक की तलाश जारी मोकामा थानाध्यक्ष महेश्वर प्रसाद राय ने बताया कि ट्रक रेलवे स्टेशन की ओर से आ रही थी। इस बीच मोड़ पर कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। घायल शख्स की पहचान मोलदियार टोली निवासी अमित कुमार उर्फ सोनू के तौर पर हुई है।**

**ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।**

## संक्षिप्त डायरी

### बख्तियारपुर में आपसी में विवाद में 50 राउंड फायरिंग



**पटना।** जिले के बख्तियापुर में थाने से सिर्फ 200 मीटर दूर आपसी विवाद में 50 राउंड फायरिंग हुई है। एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के घर पर चढ़कर गोलीबारी की है। मौके से करीब 24 खोखे बरामद हुए हैं। एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपी के घर से 12 लाख कैश और रजिस्ट्री का पेपर मिला है। किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। घटना पश्चिम टोला वार्ड नंबर 4 की है। घरों और दरवाजे पर गोली के निशानपीड़िता शारदा शर्मा ने बताया कि पड़ोस में रहने वाली एक महिला से मेरी बातचीत होती थी। उसके बेटे और बहु को मेरे से बात करना पसंद नहीं था। शुक्रवार को इसको लेकर विवाद भी हुआ था। मुझे भद्दी-भद्दी गालियां दी। इससे भी मन नहीं भरा तो देर करीब 20-25 हथियारबंद लोग मेरे घर आ गए। गली में घुसते ही फायरिंग शुरू कर दी। आसपास के घरों और दरवाजों पर भी गोली के निशान मिले हैं। मामले की छानबीन की जा रही है वहीं, बाढ़ एसडीपीओ-2 अभिषेक सिंह ने बताया कि शुक्रवार को दिन में किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। देर रात एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष को डराने के लिए कई राउंड फायरिंग की। एक आरोपी धर्मेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की निशानदेही पर कई ठिकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान मनोज कुमार के घर से 12 लाख 5 हजार कैश, 2 बाइक और रजिस्ट्री का पेपर मिला है। जिसकी जांच की जा रही है।

### बैंक से 50 हजार रुपए निकालने पर सुरक्षा देगी पुलिस



**पटना।** अगर आप बैंक से 50 हजार रुपए या उससे ज्यादा कैश निकालने जा रहे हैं, तो पुलिस आपको सुरक्षा देगी, ताकि आपके साथ लूटपाट जैसी वारदात न हो सके। पुलिस पैसों के साथ आपको घर तक सुरक्षित पहुंचाएगी। ये सुविधा बगहा पुलिस दे रही है। बगहा में लूटपाट की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए आम आदमी से लेकर उरढ संचालकों की सुरक्षा पर खास ध्यान दिया जा रहा है। एसपी सुशांत सरोज ने पुलिस बल को निर्देश दिया है कि 50,000 रुपए से अधिक नकद ले जाने वाले सीएसपी संचालकों और आम लोगों को पुलिस सुरक्षा देगी। कैश निकालने से एक घंटा पहले लोकल पुलिस या स्थानीय थाना को इसकी खबर देनी होगी। बैंक से पैसे निकालने के लिए पुलिस के होमगार्ड के जवान को साथ भेजा जाएगा। पैसा पुलिस की हिजाफत में ही घर तक पहुंचाया जाएगा। लोकल थाने के साथ ही डायल 112 से भी सहायता ली जा सकती है। बगहा पुलिस जिला के एसपी सुशांत सरोज ने इसे लेकर बैंक के ब्रांच मैनेजर्स और पुलिस अफसरों के साथ बैठक की। बता दें कि 5 साल पहले इस दिशा में पहल की गई थी, लेकिन इसे प्रभावी तौर से लागू नहीं किया जा सका था। हालांकि एक बार फिर से पुलिस सीएसपी संचालक के साथ आम लोगों को विशेष सुरक्षा की सुविधा दे रही है। नई पहल के साथ ही एसपी ने आम जनता से अपील की है कि वे पुलिस के निदेशों का पालन करें। अधिक कैश ले जाने या किसी भी संदिग्ध एक्टिविटी की सूचना पुलिस को तुरंत दें। एसपी ने पुलिस कर्मियों को ड्यूटी में लापरवाही नहीं बरतने का आदेश भी दिया है। ऐसा करने पर कार्रवाई होने का संदेश भी दिया है। हाल ही में एक दरोगा समेत दो पुलिसकर्मियों को ड्यूटी से नदारद रहने पर सस्पेंड कर दिया गया था। इसके अलावा एसपी ने सीएसपी संचालकों के साथ बैठक भी की जा रही है। बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए है और बगहा पुलिस लगातार लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है। अपराध पर पूरी तरह से नियंत्रण लगे इसके लिए लगातार काम किया जा रहा है। जब पुलिस रात में जागती है तो जनता चैन से नींद लेती है। इसका भी ख्याल किया जा रहा है। यातायात से लेकर सुरक्षित की जिम्मेदारी बगहा पुलिस अच्छे से निभा रही है।

### 21.5 किलो गांजा के साथ महिला समेत 2 तस्कर गिरफ्तार



**कटिहार।** पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी कर रही एक महिला समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 21.5 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के बताया कि 9 जनवरी को कुरसेला थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि बलथी महेशपुर के रास्ते से एक पुरुष और एक महिला भारी मात्रा में गांजा लेकर भागलपुर जाने वाले हैं। तस्करों की पहचान भागलपुर के एकचारी थाना क्षेत्र के छोटी मोहनपुर निवासी ऋषि गौतम और नवगछिया थाना क्षेत्र के श्रीपुर निवासी अनीता देवी के रूप में हुई है। तलाशी में ट्रॉली बैग से 14.720 किलोग्राम और पिट्ठू बैग से 6.330 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। साथ ही आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## 60 रुपए से 100 तक हुआ दूध मकर संक्रांति को लेकर दूध और दही की कीमतों में बढ़ोतरी



**भागलपुर।** में मकर संक्रांति को लेकर दूध और दही की बढ़ती मांग के कारण दूध के दामों में तेजी देखी जा रही है। पहले जहां दूध की कीमत 60 रुपए प्रति किलो थी, वही अब इसकी कीमत 90 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है। मकर संक्रांति के दौरान चूड़ा, तिलकुट, गुड़ और दही खाने की परंपरा को देखते हुए दही बनाने के लिए दूध की किल्लत महसूस की जा रही है। स कारण दूध मंडी में लगातार दाम बढ़ रहे हैं और संभावना जताई जा रही है कि दूध की कीमत 100 रुपये प्रति किलो तक पहुंच सकती है। दूध व्यापारियों का कहना है कि एक तरफ जहां पशुओं की संख्या कम हो गई है, वहीं दूसरी तरफ जनसंख्या के बढ़ने और त्योहारों के मौसम में दूध और दही की मांग भी बढ़ी है। दूध व्यापारियों ने बताया कि इस बढ़ती मांग के कारण दूध की कीमतों में उछाल देखा जा रहा है। लोग अभी से ही दही जमाने के लिए दूध की खरीदारी कर रहे हैं, जिसके चलते कीमतों में और वृद्धि हो सकती है। इंद्राज सुधा डेयरी के विपणन पदाधिकारी केके झा ने बताया कि 10 से 14 जनवरी के बीच भागलपुर में 3.35 लाख लीटर दूध और 35 हजार किलो दही बेचने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस बार दही एक्सप्रेस चलाने की तैयारी की जा रही है, ताकि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में डिमांड के हिसाब से दही उपलब्ध कराया जा सके।

# जिस गांव तक सीएम की यात्रा उसे और चमकाया

**पटना।** दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में 18 जनवरी को बेगूसराय के मटिहानी ब्लॉक के मनियप्पा पंचायत जाना है। वे यहां के मनियप्पा गांव जाएंगे और 'पंचायत सरकार भवन' समेत जिले भर की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद आसपास के इलाकों में भी घूमेंगे। सरकार की ओर से चल रही योजनाओं की जानकारी लेंगे। उसके बाद समाहरणालय में समीक्षा बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर मनियप्पा गांव तक की सड़कें चकाचक हो गईं हैं। रास्ते के ट्रांसफॉर्मर की घेराबंदी, चापाकल का प्लास्टर निर्माण, सड़क के किनारे यातायात चिन्ह लगाने की प्रक्रिया करने के साथ-साथ पेड़ों की भी रंगाई की गई है। पंचायत भवन में ही डाकघर भी खोले जा रहे हैं। फूलों से सजाने के बाद अब पीसीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। पूरा सिस्टम मनियप्पा गांव को चकाचक करने में लगा हुआ है। जो बिजली विभाग ग्रामीणों की ओर से शिकायत करने पर तार-पोल को महीने भर में ठीक नहीं करते थे, उसे बस एक फोन पर ठीक किया जा रहा है। पीएचडी के अधिकारी सूचना मिलते ही तुरंत चापाकल की मरम्मत कर रहे हैं। जिला प्रशासन के सभी अधिकारी ही नहीं स्थानीय विधायक भी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। अधिकारियों को सभी काम जल्दी पूरा करने का निर्देश दिया जा रहा है। सत्तारूढ़ दल के सचेतक और स्थानीय विधायक राजकुमार सिंह ने कहा कि तैयारी जोर-शोर से चल रही है। 18 जनवरी को मुख्यमंत्री आ रहे हैं, पंचायत सरकार भवन परिसर में खेल ग्राउंड बन रह है।




पोखर, आंगनबाड़ी केंद्र और सामुदायिक केंद्र बन रहा है। गुप्ता-लखमिनियां बांध चौड़ीकरण, रिंग बांध, शाम्हो में डिग्री कॉलेज समेत सभी योजनाओं पर चर्चा होगी। विकास कार्य हमेशा चलता है, लेकिन जब सूबे के मुखिया का आगमन हो रहा है तो निश्चित रूप से कार्यों में तेजी आती है। बहुत योजनाओं की घोषणा होने की संभावना है। मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम की तैयारी होते ही रामदीरी से वाजितपुर होते हुए लाखो तक रिंग बांध की सड़क चकाचक हो गई। जो सड़क वर्षों से बदहाल थी, कमर भर के गड्ढे थे। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने बताया कि आने जाने में काफी परेशान होती थी, अब मुख्यमंत्री का कार्यक्रम हो रहा है तो एक सप्ताह पहले यह सड़क चकाचक हो गई है। रंगरोगन और बदलाव का काम सिर्फ मनियप्पा गांव तक ही हो रहा है। मनियप्पा गांव से आगे और पंचायत के अन्य गांव में न तो कोई काम हो रहा है और न ही उस ओर कोई अधिकारी या जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं। इसी पंचायत में बखड्डा गांव की मुख्य सड़क गड्ढे के समीप डेढ़ वर्षों से टूटी हुई है। दर्जनों लोग इस गड्ढे में गिरकर चोटिल हो चुके हैं। ग्रामीण मुखिया से लेकर जिला तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उसे किसी का ध्यान नहीं है। मनियप्पा में मुख्यमंत्री जिस जगह आएंगे, वहां गड्ढा को पोखर का स्वरूप दिया जा रहा है। लेकिन वहां से करीब 500 मीटर दूरी पर स्थित मनियप्पा पंचायत के ही बखड्डा में पोखर बदहाल पड़ी हुई है। पोखर में फैली गंदगी न केवल स्वच्छता अभियान की पोल खोल रहा है, जबकि बल्कि वहां की स्थिति ऐसी है कि छठ में भी लोग अर्घ्य नहीं दे पाए थे। बखड्डा के लोगों ने कहा कि हमारे राज्य के राजा जहां आ रहे हैं, उस जगह से 500 मीटर की दूरी पर स्थित हमारा गांव बदहाल है।

कोई सुनने को तैयार नहीं है। परेशान होकर हम लोग 11 जनवरी को मटिहानी प्रखंड कार्यालय पर धरना देंगे। 18 जनवरी को जब मुख्यमंत्री आ रहे हैं तो एक ओर हम उनका स्वागत करेंगे तो दूसरी ओर इस अनदेखी के लिए विरोध भी करेंगे। बखड्डा गांव के लोग बोले- विकास की पहुंच सिर्फ मनियप्पा गांव तक ही है मनियप्पा पंचायत से 500 मीटर दूर बखड्डा गांव के रहने वाले राजेंद्र कुंवर ने कहा कि हमारे गांव में विकास का कोई काम नहीं हुआ। मुखिया ने जो भी विकास किए हैं, सिर्फ मनियप्पा में किए हैं। यहां सड़क की स्थिति बहुत खराब है, पोखर की स्थिति बदहाल है।

# ये दोस्ती है कमाल की!

## बाघ के बच्चे के साथ अंजना



अमेरिका के एक अभयारण्य में रहने वाली चिम्पैंजी है अंजना। वह इतनी दयालु है कि उसने बहुत से जानवरों के बहुत से अनाथ बच्चों को अपनाया है। अब वह मां की तरह एक बाघ के बच्चे की देखरेख कर रही है और उसकी अठखेलियों में खुश भी हो रही है। वैसे चिम्पैंजी काफी बुद्धिमान और समझदार होते हैं और वे अपने साथ रहने वालों का भी ख्याल रखते हैं।

## थेंबा का साथी एल्बर्ट



मां के मर जाने से नन्हा थेंबा (हाथी) बहुत दुखी हुआ और कई दिनों तक इसका शोक मनाता रहा। दक्षिण अफ्रीका के एक अभयारण्य में लाए जाने के बाद भी उसने खाना-पीना छोड़ रखा था। इसी दौरान उसे एल्बर्ट नाम की भेड़ के रूप में एक अच्छा दोस्त मिला। जल्द ही दोनों में गहरी दोस्ती हो गई। खेलने के साथ दोनों झपकियां भी साथ ही लेते। नए दोस्त ने इतनी खुशियां दीं कि थेंबा अपने दुख भूल गया और फिर से खाना-पीना शुरू कर दिया।

## बालू-लियो और शेर खान की तिकड़ी



शेर खान दरअसल शेर नहीं, बल्कि एक बाघ है और उसके साथ बालू नाम का भालू और लियो नाम का शेर है। इन तीनों के साथ इनके मालिक ने बुरा सलूक किया था, जिस कारण बालू को चोट भी लग गई। इस मुश्किल की घड़ी में ये एक-दूसरे का सहारा बन गये और अब अमेरिका के एक अभयारण्य में ये अपना सारा वक्त साथ ही गुजारते हैं।

# दुश्मन के भी दोस्त बनो

**अमित लगातार कोशिश करता था कि किसी भी तरह करण को नीचा दिखा सके और दूसरे बच्चों के सामने उसकी खिल्ली उड़ा सके। लेकिन उसकी लाख कोशिशों के बावजूद करण अपनी पढ़ाई में और बेहतर होता जा रहा था। चाहे बात पढ़ाई की हो या खेल की, करण हर किसी में बाजी मारता और हर जगह उसकी खूब तारीफ होती। फिर आखिर ऐसा क्या हुआ जो अमित को नीचा देखना पड़ा और वह बदल गया।**

बहुत पहले की बात है। एक गांव था राजनगर। वहां पर करण नाम का एक लड़का रहता था। वह लड़का स्वभाव का बहुत अच्छा था। पढ़ाई में भी होशियार था। वह बहुत आज्ञाकारी और अपने मां-बाप का कहना मानता था। स्कूल में वह ज्यादातर बच्चों की तुलना में होशियार था। स्वभाव से वह विनम्र था और सभी के साथ अच्छा व्यवहार करता था। उसके स्कूल में चाहे उससे बड़े लड़के हों या फिर छोटे, सभी उसे पसंद करते थे। लेकिन इस कारण बहुत से लड़के करण से जलते भी थे। करण की ही क्लास में एक लड़का पढ़ता था, जिसका नाम था अमित। अमित पढ़ाई में तेज नहीं था। उसका स्कूल में खेलने में बहुत मन लगता था। वह अपने माता-पिता की बात नहीं सुनता था और उनसे रूखे तरीके से बात करता था। अपनी क्लास के लड़कों को वह चिढ़ाया करता था। यहां तक कि करण को भी वह खूब परेशान करता था। वह लगातार कोशिश करता था कि किसी भी तरह करण को नीचा दिखा सके और दूसरे बच्चों के सामने उसकी खिल्ली उड़ा सके। लेकिन उसकी लाख कोशिशों के बावजूद करण अपनी पढ़ाई में और बेहतर होता जा रहा था। चाहे बात पढ़ाई की हो या खेल की, करण हर किसी में बाजी मारता और हर जगह उसकी खूब तारीफ होती।

अपने आठवें जन्मदिन पर करण को अपने पिता की तरफ से गिफ्ट के तौर पर एक सुंदर सा पेन मिला। करण स्कूल में नोट्स लिखने के लिए वह पेन ले जाने लगा। वह पेन दिखने में तो सुंदर था ही, लिखता भी तेज था। जब अमित ने करण का पेन देखा तो उसे बहुत जलन हुई। अमित ने नजरें तिरछी करके करण से पूछा, 'यह पेन तुम्हें कहां से मिला? क्या तुमने इसे खरीदा है?'

'नहीं, मुझे यह पेन मेरे मम्मी-पापा ने बर्थ डे गिफ्ट में दिया है।' करण ने जवाब दिया।

इस बात से अमित का गुस्सा और भी ज्यादा भड़क गया। अपने माता-पिता से वह खुद इतना बुरा सलूक करता था कि अब तक उसे उनसे शायद ही कोई गिफ्ट मिला हो। जब लंच का वक्त हुआ, तो उसने करण का पेन चुराने का फैसला कर लिया। जब हर कोई लंच के लिए बाहर निकल गया, तो अमित ने चुपके से करण के बैग से पेन चुरा लिया। इसके बाद उसने पेन अपने बैग में छिपा लिया और लंच करने बाहर चला गया।

जब करण वापस लौटा तो उसे बैग में अपना पेन नहीं मिला। उसने अपने टीचर को इस बारे में बताया। इसके बाद पूरी क्लास में पेन खोजा गया, लेकिन वह नहीं मिला। तब टीचर ने क्लास के मॉनीटर से कहा कि वह सबके बैग की तलाशी ले। जल्द ही अमित के बैग से पेन मिल गया। उसे गुस्से से देखते हुए टीचर ने पूछा, 'अमित, पेन तुम्हारे बैग से निकला है, इस बारे में तुम्हें कुछ कहना है?'

अमित की आंखों में आंसू आ गए। वह कुछ नहीं बोला।

जब करण ने अमित को रोते हुए देखा, तो उसे अमित पर दया आ गई। उसके दिल में अमित के लिए कोई गिला-शिकवा नहीं था। उसने टीचर से कहा कि उसका खोया हुआ पेन वापस मिल गया है, अब वे अमित को सजा न दें। करण के इन शब्दों ने अमित की आंखें खोल दीं। वह हमेशा करण को परेशान करता था, लेकिन करण ने हमेशा उससे अच्छा व्यवहार किया। इस समय उसे एहसास हो रहा था कि करण कितना अच्छा लड़का है। उसने तुरंत करण और क्लास टीचर से माफी मांगी। इसके बाद करण और अमित दोस्त बन गए। फिर तो अमित का व्यवहार बदल गया और सभी उसे पसंद करने लगे। करण को अपने नए दोस्त पर नाज था।






# हंसने वाला कोका

साथियों, क्या तुमने ऑस्ट्रेलिया के हंसने वाले कोका के बारे में सुना है? आजकल ऑस्ट्रेलिया में यह खूब चर्चित हो रहा है। हंसने वाले कोका का दरअसल राज यह है कि इसका मुंह इस तरह का बना होता है, मानो खुशी से हंस रहा हो। छोटे चूहे जैसा यह जानवर आजकल ऑस्ट्रेलिया में पर्यटकों के बीच खूब लोकप्रिय हो रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि यह बेहद सेल्फी फ्रेंडली जानवर है। इसके साथ सेल्फी आती भी बड़ी मस्त है। इसकी स्माइलिंग वाले जबड़े की बनावट के कारण कुछ समय पहले इसे दुनिया के सबसे खुश जानवर की उपाधि भी मिल चुकी है। कोका वैसे तो एक साथ रहना पसंद करते हैं। आमतौर पर ये पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के दलदली इलाकों और जंगलों में रहते हैं। ऑस्ट्रेलिया के रॉटनेस्ट आइलैंड पर ये खूब पाए जाते हैं।

# एक है कैट आइलैंड

तुमने वह कहानी तो सुनी ही होगी, जिसमें एक राजा ने मक्खियों को उड़ाने की नौकरी एक बंदर को दी थी। एक दिन राजा की नाक पर बैठी मक्खी को उस बंदर ने डंडे से ऐसा भगाया कि राजा की नाक ही टूट गई। उसके बाद राजा ने ऐसे दोस्तों से तौबा कर ली थी। कुछ ऐसा ही माजरा हुआ है दक्षिण जापान के एक दूर के द्वीप पर। वहां पर अधिकतर मछुआरे रहते हैं। बेचारों ने काफी समय पहले एक ऐसे दोस्त से दोस्ती कर ली, जो अब उनकी जान की मुसीबत बन गया है। दक्षिणी जापान के आओशिमा नामक द्वीप पर मछुआरों की दोस्त बनकर आई बिल्लियां अब संख्या में इतनी ज्यादा हो गई हैं कि जिधर नजर घुमाओ, बिल्लियां ही बिल्लियां नजर आती हैं। ये इतनी ज्यादा हो गई हैं कि यहां हर एक आदमी पर छह बिल्लियों का अनुपात बन गया है। बेचारे इस द्वीप के रहने वाले। हर वक्त उन्हें भगाते ही रहते हैं। कुछ उन्हें खाना भी खिलाते हैं। कुछ वर्षों पहले जब यहां चूहे बहुत ज्यादा हो गए थे और वे आए दिन मछुआरों की नाव काटने लगे, तो बिल्लियों को इस द्वीप पर लाया गया। अब चूहे तो नहीं रहे, लेकिन चारों तरफ बिल्लियां ही बिल्लियां हैं। इस द्वीप पर कुछ बुजुर्ग और युवा ही रहते हैं। बाकी सभी बड़े शहर चले गए हैं। अब यहां इतनी बिल्लियां हैं कि कोई रेस्टोरेंट या खोमचा नहीं खोला जा सकता। यहां केवल इस 'कैट आइलैंड' को देखने आने वालों को लाने-ले जाने वाली मोटरबोट ही ज्यादा दिखती हैं। हालांकि कुछ लोगों को इस द्वीप पर बिल्लियों को देखने में खूब मजा आता है।





# रूबिक क्यूब्स का तोड़ा रिकॉर्ड

**अगर इंटेलिजेंट होने की बात आती है, तो रूबिक क्यूब्स में महारत की बात भी जरूर उठती है। आपको पता है कि रूबिक क्यूब्स क्या होते हैं?**

दोस्तों, तुम सभी ने आकार में चौकोर कई रंग-बिरंगे खानों वाला यह क्यूब कभी न कभी खेला जरूर होगा। उसे हल करना आमतौर पर लोगों के लिए बहुत कठिन होता है। इसीलिए उसे जो सही-सही खेल ले, वह बड़ा बुद्धिमान माना जाता है। इस क्यूब को पसंद करने वालों में बहुत से ऐसे भी हैं, जो इसे सबसे जल्दी हल करने की प्रतियोगिता भी करते हैं। उन्हें 'स्पीड क्यूबर्स' के नाम से जाना जाता है। बहुत से लोग इसके लिए प्रसिद्ध हैं, जैसे कि भारत के भार्गव नरसिम्हन। वह एक जाने-माने स्पीड क्यूबर हैं। उनके नाम रूबिक क्यूब के दो नेशनल रिकॉर्ड हैं और अब खबर है कि उन्होंने 5 रूबीस क्यूब का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। यह उन्होंने एक मिनट के अंदर हल कर दिया। यह काम उन्होंने केवल एक हाथ से ही कर दिखाया। वैसे भार्गव केवल 22 साल के हैं और अभी पढ़ाई कर रहे हैं। इनसे प्रेरणा लेकर तुम भी रूबिक क्यूब्स को जल्द से जल्द हल करने का मुकाबला रख सकते हो। तुम्हें बहुत मजा आएगा।

# विराट कोहली इस रिकॉर्ड पर यशस्वी जायसवाल की नजरें, इंग्लैंड के खिलाफ कर सकते हैं कमाल

**राजकोट (एजेंसी)।** युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद से लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया है। फिर चाहे वो टेस्ट हो या टी20, दोनों ही फॉर्मेट में यशस्वी का प्रदर्शन काबिले तारीफ है। वनडे क्रिकेट में भी वह जल्द ही टीम इंडिया के लिए खेलते हुए दिख सकते हैं। कई रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि शायद उन्हें आगामी इंग्लैंड सीरीज में खेलने का मौका मिल सकता है। इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से भारतीय टीम टी20 सीरीज खेलेगी, जिसमें जायसवाल बतौर ओपनर खेलते हुए दिख सकते हैं। वहीं इस सीरीज में सबसे तेज एक हजार रन पूरे करने का उनके पास सुनहरा मौका होगा।

यशस्वी के पास इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान सबसे तेज एक हजार रन पूरा करने वाला भारतीय बल्लेबाज बनने का मौका है। बाएं हाथ के बल्लेबाज के नाम 23 मैचों में 723 रन हैं। यशस्वी 1000 टी20 रन पूरा करने से सिर्फ 277 रन दूर हैं। अगर वह अगली चार पारियों में इस उपलब्धि को हासिल कर सकते हैं तो वह विराट कोहली के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं और सबसे तेज ये कारनामा करने वाले भारतीय बन सकते हैं। अगर वह पांच पारियां लेते हैं तो वह विराट कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी करेंगे।

विराट ने 27 पारियों में एक हजार रन पूरे किए थे। भारत के पूर्व कप्तान ने 2010 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना टी20 डेब्यू किया था। केएल राहुल इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने 29 पारियों में ये कारनामा किया है। इंग्लैंड के डेविड मलान ने 24 पारियों में ये उपलब्धि अपने नाम की।



## रानी रामपाल को उम्मीद, भविष्य के सितारों को तैयार करेगी महिला हॉकी लीग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान रानी रामपाल का मानना है कि महिला हॉकी इंडिया लीग (डब्ल्यूएचआईएल) खेल पर वैसा ही प्रभाव डाल सकती है जैसा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने क्रिकेट पर डाला है। रांची में 12 से 26 जनवरी तक होने वाले पहले डब्ल्यूएचआईएल में चार टीमें दिल्ली एसजी पाइपर्स, ओडिशा वॉरियर्स, श्राची रारह बंगाल टाइगर्स और सूरमा हॉकी क्लब भाग लेंगी। सूरमा क्लब की मेंटर और कोच रानी ने साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया से कहा कि इस बार केवल चार टीमें हो सकती हैं लेकिन लीग शुरू होने में काफी समय लग गया है। इसके लिए हॉकी इंडिया की सराहना की जानी चाहिए।

भारत की पूर्व हॉकी कप्तान ने कहा कि पुरुष हॉकी टीम ने तोक्यो और पेरिस में ओलंपिक में कांस्य पदक जीते। इसकी नींव वर्षों पहले पुरुष हॉकी इंडिया लीग ने रख दी थी। उन्होंने कहा कि अब महिला एचआईएल की शुरुआत के लिए धन्यवाद। इससे 2032 और 2036 ओलंपिक में बहुत सारी प्रतिभाशाली युवा महिला खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा। यह मंच बेहद उपयोगी साबित होगा। इस संदर्भ में महिला क्रिकेट का उदाहरण देते हुए रानी ने कहा कि महिला क्रिकेट के बारे में कोई भी ज्यादा नहीं जानता था, लेकिन अब आप देख रहे हैं कि यह खेल देश में इतना लोकप्रिय कैसे हो गया है। महिला आईपीएल (डब्ल्यूपीएल) से लोगों को इसके बारे में पता चला और उन्होंने इसका अनुसरण करना शुरू कर दिया।

## अश्विन ने ऋषभ को बल्लेबाजी में संतुलन बनाने को कहा

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने ऋषभ पंत को एक अहम सलाह दी है। अश्विन ने कहा कि अगर ऋषभ अपने आक्रामक और रक्षात्मक खेल के बीच संतुलन बना लेते हैं तो हर मैच में शतक लगा सकते हैं। अश्विन ने कहा कि इस बल्लेबाज में अपने बल पर मैच का रुख पलटने की क्षमता है। साथ ही कहा कि वह कई बार वह ऐसे शॉट खेल जाते हैं जिस पर अपना विकेट बेवजह ही खो देते हैं जिससे उन्हें बचना चाहिये।

इस बल्लेबाज ने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें मैच की पहली पारी में अपने रक्षात्मक खेल का शानदार नमूना पेश करते हुए 40 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में उन्होंने भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया। अश्विन ने कहा, 'हमें उसे ठीक से बताना होगा कि अगर उसे ठोस बल्लेबाजी करनी है या किसी इरादे के साथ बल्लेबाजी करनी है तो उसे क्या करना है। उसने बहुत सारे रन नहीं बनाए हैं पर ऐसा भी नहीं है कि उसने रन नहीं बनाए हों। उसके पास अभी बहुत समय है।




उन्होंने कहा, 'ऋषभ अभी तक भी अपनी पूरी क्षमता का अंदाज नहीं हुआ है। उसके पास सभी तरह के शॉट हैं - रिवर्स स्वीप, स्लॉग स्वीप, सब कुछ - लेकिन समस्या यह है कि ये सभी शॉट बहुत खतरे वाले हैं। अगर वह अपने रक्षात्मक खेल पर भी ध्यान दे और 200 गेंद का सामना करें तो वह हर मैच में बड़ा स्कोर बना सकता है। अश्विन ने कहा, 'मुख्य मसला संतुलन बनाने का है। अगर वह ऐसा करने में सफल रहता है तो फिर प्रत्येक मैच में शतक बना सकता है। उसे बीच का रास्ता तलाशना होगा।

अश्विन ने कहा, ''इस क्रिकेटर ने सिडनी टेस्ट में विपरीत अंदाज वाली दो पारियां खेली। उन्होंने पहली पारी में रक्षात्मक बल्लेबाजी करते हुए 40 रन बनाए जिसकी कोई चर्चा नहीं हुई। यह सही नहीं है। दूसरी पारी में उन्होंने जोरदार अर्धशतक बनाया, जिससे उन्हें काफी प्रशंसा मिली। हर कोई उस पहली पारी को भूल गया और दूसरी पारी के लिए उनकी प्रशंसा की।

# मोहम्मद शमी की वापसी ! इंग्लैंड श्रृंखला के लिए भारतीय टी20 की संभावित टीम

**मुम्बई (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से कोलकाता में शुरू होने वाले पांच मैचों की टी20 सीरीज के दौरान भारत में वापसी करेंगे। शमी ने आखिरी बार भारत के लिए अहमदाबाद में 2023 विश्व कप फाइनल में खेला था जिसके बाद टखने की चोट के कारण वह टीम से बाहर रहे। उन्होंने सर्जरी करवाई और एक साल बाद घरेलू क्रिकेट से मैदान पर वापसी की। 34 वर्षीय खिलाड़ी ने रणजी ट्रॉफी के बाद टी20 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खेली और अभी विजय हजारे ट्रॉफी में सक्रिय हैं। वह चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया भी जा नहीं पाए थे।

चयनकर्ताओं ने ध्रुव जुरेल को टीम में दूसरे विकेटकीपर के रूप में चुना है, जिसमें फॉर्म में चल रहे संजू सैमसन पहली पसंद हैं। हालांकि ऋषभ पंत एक स्थान से चूक गए। जितेश शर्मा की जगह ज्यूरेल को शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टेस्ट टीम की खोज ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी भी रमनदीप सिंह की जगह टी20 टीम का हिस्सा हैं। एक और ऑलराउंडर शिवम दुबे को टीम से बाहर कर दिया गया है, इस बीच शीर्ष क्रम में अभिषेक शर्मा की जगह यशस्वी जयसवाल को लिया गया है।



**इंग्लैंड श्रृंखला के लिए भारतीय टीम (टी20)**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन, यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, नितीश रेड्डी, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, ज्यूरेल, रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, वरुण, वाशिंगटन सुंदर।

**भारत बनाम इंग्लैंड टी20 सीरीज शेड्यूल**

पहला टी20: 22 जनवरी, 2025, कोलकाता (ईडन गार्डन्स)

दूसरा टी20 = 25 जनवरी, 2025, चेन्नई (एमए चिदंबरम स्टेडियम)

तीसरा टी20: 28 जनवरी, 2025, राजकोट (सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम)

चौथा टी20 : 31 जनवरी, 2025, पुणे (महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम)


5वां टी20 : 2 फरवरी, 2025, मुंबई (वानखेड़े स्टेडियम)

## तय कार्यक्रम के अनुसार पाकिस्तान में ही खेला जाएगा टूर्नामेंट : पीसीबी

नई दिल्ली । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों के जवाब में स्पष्ट किया है कि टूर्नामेंट तय कार्यक्रम के अनुसार पाकिस्तान में ही खेला जाएगा। पीसीबी ने उन खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया जा रहा था कि देश में चल रहे स्टेडियमों के नवीनीकरण में देरी के चलते 19 फरवरी से शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान से बाहर आयोजित हो सकती है। पीसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्टेडियमों के नवीनीकरण पर लगभग 1200 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं और आईसीसी की निरीक्षण टीम की मौजूदगी इस बात की पुष्टि करती है कि आयोजन को लेकर सभी तैयारियां सही दिशा में चल रही हैं। उन्होंने कहा, 'मीडिया द्वारा तथ्यों की जांच किए बिना अफवाहें फैलाई जा रही थीं, इसलिए हमने स्थिति स्पष्ट करने के लिए बयान जारी किया।' चैंपियंस ट्रॉफी के मैच तीन प्रमुख स्टेडियमों में आयोजित किए जाएंगे—लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम, रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम और कराची का नेशनल बैंक स्टेडियम। टूर्नामेंट का पहला मैच 19 फरवरी को कराची में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान के राजनीतिक संबंधों को ध्यान में रखते हुए, भारत के सभी मैच दुबई में आयोजित किए जाएंगे। भारत का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ होगा। लाहौर को दूसरे सेमीफाइनल की मेजबानी दी गई है, जबकि फाइनल कराची में खेला जाएगा।

## स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को मिल सकती है टीम इंडिया में जगह

मुम्बई । मिस्ट्री स्पिनर के तौर पर लोकप्रिय वरुण चक्रवर्ती के पास इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय और उसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का अवसर है। भारतीय टीम 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज खेलेगी। इसके बाद वह चैंपियंस ट्रॉफी होगी। वरुण को विजय हजारे ट्रॉफी में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 टीम में जगह मिल सकती है। बांग्लादेश और दक्षिण अफीका के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले इस स्पिनर ने विजय हजारे ट्रॉफी के प्री क्वार्टर फाइनल मैच में तमिलनाडु के लिए 52 रन देकर 5 विकेट लिए थे। उनका प्रदर्शन आईपीएल में भी काफी अच्छा रहा है। स्पिनर कुलदीप यादव हर्निया सर्जरी से उबरने के अभी भी प्रतिस्पर्धी मैचों में वापसी नहीं कर पाये हैं। ऐसे में वरुण के पास इंग्लैंड सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की एकदिवसीय टीम में जगह बनाने का मौका है। वहीं केएल राहुल को इंग्लैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों से आराम दिया जाएगा, क्योंकि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उन्हें तरोताजा रखने का फैसला किया गया है।



## कोन्स्टास अपने ही तरीके से खेलें : शास्त्री



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि 19 साल के ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज सैम कोन्स्टास को अपने तरीके से ही खेलना चाहिये। जब कॉन्स्टास ने भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में अपने पदार्पण मैच में ही आक्रामक अर्धशतक लगाया था। कोन्स्टास ने इस दौरान जसप्रीत बुमराह का मुकाबला भी बिना डरे शॉट लगाये। शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि उनमें युवावस्था का उत्साह था। वह तुरंत खुद की घोषणा करना चाहते थे कि वह ऐसा व्यक्ति है जो विपक्ष पर आक्रमण करेगा। उसने बात आगे बढ़ानी चाही और उसने ऐसा किया भी। शास्त्री ने एमसीजी में कॉन्स्टास की पारी देखने के बाद कहा कि उन्होंने मेलबर्न में भारत को परेशान कर दिया, इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन मेरी उन्हें सलाह होगी कि उनके पास प्रतिभा है, इसलिए उनका ध्यान किसी भी चीज से अधिक रन बनाने पर होना चाहिए। आप अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करें। आप खेलें जैसा आप चाहते हैं। शास्त्री के अनुसार, अपने घरेलू मैदान से दूर खेलने से कोनस्टास को परिपक्व होने और कई अन्य चीजें सीखने में मदद मिलेगी क्योंकि वह सफलता की यात्रा जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि श्रीलंका दौरा उनके लिए कई मायनों में अहम रहेगा। ऑस्ट्रेलिया से बाहर जाना और विदेशों में खेलना उनके करियर के लिए अच्छा रहेगा।

# स्मृति मंधाना के नाम जुड़ा विश्व रिकॉर्ड, वनडे में 4 हजार रन पूरे

**राजकोट (एजेंसी)।** शीर्ष क्रम की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को यहां सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में 3 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की पहली सीरीज में आयरलैंड को छह विकेट से हरा दिया। मेजबान टीम ने 50 ओवरों में 238/7 रन बनाए थे। जवाब में प्रतिका रावल (89) और तेजल हसब्निस (नाबाद 53) ने मिलकर 116 रनों की साझेदारी करके भारत को 241/4 तक पहुंचाया और मैच 93 गेंद रहते जीत लिया। यह कप्तान स्मृति मंधाना के लिए भी एक ऐतिहासिक रात थी क्योंकि वह महिला क्रिकेट में 4,000 रन के मील के पत्थर तक पहुंचने वाली सबसे तेज भारतीय बल्लेबाज और कुल मिलाकर तीसरी सबसे तेज खिलाड़ी बन गईं। स्मृति ने 95 खेलों में यह मुकाम हासिल किया।



आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। सलामी बल्लेबाज सारा फोर्ब्स (9) और गैबी लुईस (92) ठोस शुरुआत करते दिख रहे थे, लेकिन पांचवें ओवर में सारा फोर्ब्स तितास साधु के हाथों हार गईं। ऊना रेमंड-होए (5), ओर्ला प्रेंडरगैस्ट (9) और लौरा डेलानी (0) के विकेट जल्द गिरे और स्कोर 56/4 हो गया। लेह पॉल ने 73 गेंदों पर 59 रन बनाए। दीप्ति शर्मा ने लुईस की पारी का अंत किया। क्रिस्टीना कूल्टर रीली (नाबाद 15) और अर्लीन केली (28) ने स्कोर 238/7 तक पहुंचाया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए स्मृति मंधाना (41) और प्रतीका ने भारत को तेजतर्रार शुरूआत दी। 10वें ओवर में स्मृति (41) आऊट हो गईं। हरलीन देयोल (20) और जेमिमा रोड्रिग्स (9) ने स्कोर 119/3 तक पहुंचाया। अंत में तेजल और रावल ने गेम को मेहमानों से छीन लिया। प्रतिका का विकेट लक्ष्य से सिर्फ सात रन पीछे था, इससे पहले ऋचा घोष (नाबाद 8) ने उनकी शुरुआती दो गेंदों पर दो चौकों के साथ खेल समाप्त कर दिया।

रावल ने प्लेयर ऑफ द मैच जीतने के बाद कहा कि मैं (खेलते समय) सहज हूं! इससे (मंधाना के होने से) बहुत मदद मिलती है। मुझे दूसरे छोर से देखने में मजा आता है। इससे मुझे आसानी होती है। हम बस इसे सरल रखने की कोशिश कर रहे थे। हमने वास्तव में अच्छी शुरुआत की। हमने बस अंत में, तेजल ने वास्तव में अच्छा खेला। मैं बस एक समय में एक मैच में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहा हूं शॉट्स; अन्यथा, मैं एकल लेना चाहता हूं।

## फार्म खो चुके विराट अब अध्यात्म के जरिए फॉर्म वापस पाने कर रहे कोशिश

### –पत्नी अनुष्का और बच्चों के साथ वृंदावन में प्रेमानंद महाराज से ली शिक्षा



नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटते ही विराट कोहली अपनी पत्नी अनुष्का और दोनों बच?चों के साथ वृंदावन में प्रेमानंद जी महाराज से मिलने पहुंचे। खेल में अपना फार्म खो चुके विराट अब अध्यात्म और भक्ति के जरिए खोई हुई फॉर्म वापस पाने की कोशिश कर रहे हैं। विराट के सामने सबसे बड़ी चुनौती चैंपियंस ट्रॉफी 2025 है, जिसकी मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है। अब सवाल यह है कि क्या स्वामी प्रेमानंद की शरण में पहुंचने के बाद विराट ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद को बेवजह खेलने की अपनी आदत से बाज आ जाएंगे। पहले भी विराट कोहली खेल के बीच अध्यात्म के मार्ग पर चलकर अपनी खोई फॉर्म वापस पा चुके हैं। साल 2020-21 में विराट कोहली की खराब फॉर्म का सिलसिला फैन्स को याद ही होगा। यह वह दौर था जब विराट की टीम में मौजूदगी पर कई क्रिकेट दिग्गजों ने ही सवाल उठाए थे। तीन साल से उनके बल्ले से कोई शतक नहीं लगा था। तब विराट अपनी पत्नी अनुष्का सहित बाबा नीम करोली के दरबार में पहुंचे थे। उन्हें इसका फायदा मिला और एशिया कप 2022 में उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान छक्के के साथ शतक पूरा कर इस सूखे का अंत किया था। विराट इसके बाद यहीं नहीं रुके। साल 2022 और 2023 में उनके बल्ले ने खूब धूम मचाई। साल 2023 में विराट इंटरनेशनल क्रिकेट में वनडे, टेस्ट और टी20 सभी फॉर्मेट में मिलाकर भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में शुभमन गिल के बाद दूसरे नंबर पर रहे। 2022 में भी विराट इस मामले में 1,348 रनों के साथ चौथे स्थान पर रहे रहे थे। साल 2024 में भी विराट इस सूची में पांचवें स्थान पर खिसक गए। क्या अध्यात्म का रास्ता अपनाने के बाद विराट को ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद को छोड़ने की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। स्वामी प्रेमानन्द महाराज ने विराट को शिक्षा दी है कि वह क्रिकेट खेल की प्रैक्टिस को ही अध्यात्म समझें। वह अपनी प्रैक्टिस को आगे जारी रखें और धैर्य रखें। खेल में जरूरी नहीं कि हर बार सफलता ही मिले। कई बार असफलताएं भी हाथ लगती हैं। अगर वह ऐसे ही प्रैक्टिस को जारी रखेंगे तो निश्चित ही उन्हें सफलता मिलेगी। ऐसे में विराद के फैन्स उम्मीद कर सकते हैं कि वह फिर वापसी करेंगे और ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों को खेलने से परहेज करेंगे।

# बीबीएल की पिछली 7 पारियों में स्टीव स्मिथ का तीसरा शतक, टीम जीती



**खेल डैस्क।** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के नतीजा स्टीव स्मिथ को टी20 प्रारूप में भी देखने को मिल रहा है। सिडनी सिक्सर्स की पर्थ स्कॉर्चर्स पर शानदार जीत के दौरान स्टीव के बल्ले से तीसरा शतक निकला। स्मिथ ने सिर्फ 64 गेंदों पर 121* रन बनाए, जो उनकी पिछली सात बीबीएल पारियों में तीसरा शतक है। करीब 31 हजार दर्शकों की मौजूदगी में स्मिथ ने अपनी शानदार पारी में सात गगनचुंबी छक्के और 10 चौके लगाये जिसके चलते सिडनी सिक्सर्स ने तीन विकेट 220 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

सीन एबॉट ने आगामी श्रीलंका दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम अपना दावा मजबूत करने के इरादे से 43 रन पर 4 विकेट झटके। उधर एस्टन टर्नर की 32 गेंदों में 66 रनों की शानदार पारी के बावजूद स्कॉर्चर्स सात विकेट पर 206 रन ही बना सकी। स्मिथ की पारी, जिसे बीबीएल इतिहास की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक रही जिन्होंने सतर्क शुरुआत के बाद अपनी रफ्तार बढ़ाई। 5 ओवर के बाद सिडनी का स्कोर एक विकेट पर 24 रन था, लेकिन स्मिथ ने आखिरी 40 गेंदों पर 95 रन बनाने के लिए बाउंड्री की झड़ी लगा दी। स्मिथ ने स्विच-हिट और दुस्साहसिक फ्लिक सहित कई नए शॉट्स खेले।

# गंभीर को भारतीय कोच नियुक्त करना गलत था : पूर्व भारतीय क्रिकेटर

**कोलकाता (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने कहा है कि गौतम गंभीर को उनके आईपीएल रिकॉर्ड के आधार पर भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त करना गलत था। गंभीर को जुलाई 2024 में भारत का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था, उन्होंने राहुल द्रविड़ की जगह ली थी जिन्होंने टी20 विश्व कप 2024 के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

गंभीर के कार्यकाल में भारत ने कई अभूतपूर्व हार देखी हैं, क्योंकि उन्होंने 1997 के बाद से श्रीलंका में अपनी पहली एकदिवसीय श्रृंखला खो दी। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा और हाल ही में 2015 के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला हार गई।

गंभीर की नियुक्ति के बाद कई रिपोर्ट सामने आईं, जिनमें दावा किया गया कि दो बार के विश्व कप विजेता भारत के कोच के लिए पहली पसंद नहीं थे। तिवारी ने इस मामले पर अपने विचार भी साझा किए और सवाल किया कि जब वीवीएस लक्ष्मण और साईराज बहुतुले भारत के कोच बनने की दौड़ में सबसे आगे थे, तो बीच में गंभीर का नाम कैसे आया।

तिवारी ने कहा, 'मुझे लगता है कि वीवीएस लक्ष्मण और साईराज बहुतुले... ये लोग अगले मुख्य कोच बनने की कतार में थे। और ये लोग इतने सालों से एनसीए के साथ हैं। जब राहुल द्रविड़ उपलब्ध नहीं थे, तो अगला कोच एक स्वचालित विकल्प था। इसलिए उस प्रक्रिया का पालन किया जा रहा था। इस बीच गंभीर कैसे आ गए, कोई नहीं जानता। इसलिए, यह परिणाम होना तय है।' आगे बोलते हुए तिवारी ने उल्लेख किया कि कैसे गंभीर को अकेले आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की हालिया सफलता का श्रेय नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'जब कोई ऐसा व्यक्ति जिसके पास कोई अनुभव नहीं है और वह आता है और नौकरी लेता है... और उसे जानता है, वह कुछ पहलुओं में एक व्यक्ति के रूप में कितना आक्रामक है, यह परिणाम होना तय है। इसलिए सिर्फ (आईपीएल) नतीजों को देखकर उन्हें मुख्य कोच नियुक्त करने का फैसला गलत था। मेरी राय में, यह सही फैसला नहीं था। क्रिकेट पंडित, अन्य लोग भी केकेआर के बदलाव के लिए श्रेय के हकदार हैं।'



## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 टूर ने क्रिकेट दिग्गजों के साथ दर्शकों का किया मनोरंजन

नई दिल्ली । चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगामी नौवां संस्करण, 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में खेला जाना है। इस दौरे के दौरान ट्रॉफी टूर ने मेलबर्न और सिडनी में प्रतिष्ठित स्थानों का दौरा किया, जहां प्रशंसकों ने कई गतिविधियों और क्रिकेट दिग्गजों की प्रस्तुतियों के साथ दर्शकों का मनोरंजन किया। ऑस्ट्रेलिया ने प्रशंसकों और मीडिया को पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन से बातचीत करने का मौका मिला। इस आयोजन की अनूठी प्रकृति और आगामी संस्करण के लिए अपनी भविष्यवाणियों के बारे में बताया। ट्रॉफी को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान भी प्रदर्शित किया था, जो मेलबर्न और सिडनी में चौथे और पांचवें टेस्ट में दिखाई दी थी, जहां इरफान पठान, एडम गिलक्रिस्ट, माइकल वॉन और जस्टिन लैंगर जैसे पूर्व क्रिकेट सितारों ने ट्रॉफी के साथ पोज़ दिया था।

## एक नजर

### तेलंगाना के कोंडापोचम्मा सागर बांध में डूबने से पांच युवकों की मौत

**सिद्दीपेट :** तेलंगाना के सिद्दीपेट जिले के मार्कूक मंडल के कोंडापोचम्मा सागर बांध में गिरने से हैदराबाद के पांच युवकों की शनिवारको जान चली गई। बताया गया कि शहर के सात युवक आज कोंडापोचम्मा सागर में तैराकी करने गए थे। इसी दौरान इनमें से पांच युवक सागर के पानी में डूब गए और उनकी मौत हो गई। सभी युवकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सात युवक सागर में तैराकी के लिए आए थे। इनमें से दो युवक सुरक्षित बाहर निकल आये जबकि पांच अन्य युवक डूब गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी कर बचाव अभियान चलाया। पुलिस ने सिंचाई और अन्य लोगों की मदद से सागर में डूबे हुए पांच युवकों के शव बरामद कर लिया। इन युवकों की पहचान हैदराबाद के धनुष (20), लोहित (17), दिनेश्वर (17), जतिन (17) और श्रीनिवास (17) के रूप में हुई है। मरने वाले धनुष और लोहित दोनों भाई थे। शवों को स्थानीय सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। स्थानीय पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम के पश्चात अंतिम संस्कार के लिए मृतकों के शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

### मातृभाषा को बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की : रामनाथ कोविन्द

**नई दिल्ली :** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने शनिवार को कहा कि भाषा संस्कृति की वाहक होती है और संस्कृति की विरासत को सुलभता से पहुंचाने के लिए मातृभाषा को बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद और वैश्विक हिन्दी परिवार के सहयोग से कला केन्द्र के प्रांगण में तीन दिवसीय अंतराष्ट्रीय भारतीय भाषा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आज इसके उदघाटन कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मनोज श्रीवास्तव, इंदिरा गांधी कला केन्द्र के सदस्य सचिव सच्चिदानंद जोशी, अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद के श्याम परांडे, वैश्विक हिन्दी परिवार के अध्यक्ष अनिल जोशी, ऑक्सफोर्ड बिजनेस कालेज के प्रबंध निदेशक पद्मेश गुप्त और पद्मश्री तोमियो मिजोकामि मौजूद रहे। इस दौरान एक स्मारिका का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर कोविन्द ने कहा कि प्रवासी भारतीयों ने विश्वभर में अपना एक स्थान बनाया है। वे राष्ट्रपति रहते हुए दुनिया में जहां भी गए उन्होंने मातृभाषा पर जोर दिया और कहा कि अगली पीढ़ी में अगर भाषा नहीं पहुंची तो वे अपने जड़ों से अलग हो जायेंगे।

# प्रधानमंत्री 13 जनवरी को प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना 'जेड-मोड़' सुरंग का करेंगे उद्घाटन

एजेंसी

**गांदरबल :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 जनवरी को जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे और सोनमर्ग के दर्शनीय हिल स्टेशन को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई एक प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना 'जेड-मोड़' सुरंग का उद्घाटन करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गगनगीर और सोनमर्ग के बीच 6.5 किलोमीटर लंबी दो लेन वाली सड़क सुरंग 'जेड-मोड़', हिमस्खलन-प्रवण गगनगीर-सोनमर्ग सड़क को बाइपास करेगी। सुरंग का नाम सड़क के ह्यजेड-आकार वाले हिस्से के नाम पर रखा गया है जो पिछले मार्ग पर घंटों की तुलना में यात्रा के समय को घटाकर सिर्फ 15 मिनट कर देती है। स्थानीय निवासियों सलीम कादरी, मीर आफताब और मोहम्मद असगर ने इसके लिए अपना आभार व्यक्त किया और कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि इसके निर्माण के बाद सोनमर्ग-लद्दाख सड़क अब पूरे साल खुली रहेगी। उन्होंने कहा कि सर्दियों में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए ऐसे मार्ग पहाड़ी राज्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि लोग खुश हैं और हम केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हैं। लद्दाख एक सीमावर्ती क्षेत्र है, इसलिए रक्षा के लिए सामान्य सामान जो हवाई मार्ग से ले जाया जाता था। अब इस सुरंग के निर्माण और उद्घाटन के बाद इसे सड़क मार्ग से ले जाया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री 13 जनवरी को इसका उद्घाटन करने जा रहे हैं। केंद्र सरकार विशेष रूप से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इसके साथ कई पहल की हैं। यह सुरंग, आसन्न जोजी-ला सुरंग के साथ, बालटाल (अमरनाथ गुफा), कारगिल और लद्दाख जैसे क्षेत्रों को मौसम-प्रूफ कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। बुनियादी ढांचा न केवल सैन्य रसद को बढ़ाएगा बल्कि पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। वर्ष 2018 में शुरू हुई जेड-मोड़ सुरंग इस क्षेत्र में विकसित की जा रही 31 सड़क सुरंगों में से एक है जो 20 जम्मू और कश्मीर में और 11 लद्दाख में। जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन क्षेत्र में संपर्क सुधारने और विकास को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर है जो इसके भू-रणनीतिक और आर्थिक महत्व को और मजबूत करता है।



# पंजाब में विधायक की गोली लगने से मौत पिस्टल साफ करते समय हुआ हादसा

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** पंजाब के लुधियाना जिले में आम आदमी पार्टी (आआपा) से विधायक गुरप्रीत सिंह बस्सी उर्फ गोगी की गोली लगने की मौत हो गई। गोगी लुधियाना वेस्ट विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे। घटना शुक्रवार रात करीब 12 बजे उस समय हुई जब गोगी एक कार्यक्रम से लौटने के बाद अपना लाइसेंसी पिस्टल साफ कर रहे थे। गोली उनके सिर के आर-पार हो गई। परिजन व सुरक्षा कर्मी गोगी को लुधियान के डीएमसी अस्पताल में लेकर भी गए, जहां करीब दो बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक गोगी शुक्रवार रात बुड्ढा दरिया पर पार्टी के राज्यसभा सांसद संत बलवीर सिंह सीचेवाल से मुलाकात करने के साथ ही कई अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद घर पहुंचे थे। गोगी ने अपने घरेलू सहायक से कहकर खाना भी तैयार करवाया। इस बीच अचानक गोगी के कमरे से गोली चलने की आवाज आई। पत्नी डॉ. सुखचैन कौर, बेटा और घरेलू सहायक कमरे में पहुंचे तो गोगी खून से लथपथ जमीन पर गिरे हुए थे। परिवार के सदस्यों ने तुरंत शोर मचाकर सुरक्षा कर्मियों को सूचना दी। पुलिस कर्मचारी और परिवार के सदस्य उन्हें लेकर दयानंद मेडिकल अस्पताल पहुंचे, जहां कुछ समय बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। विधायक को गोली लगने की जानकारी मिलते ही जिला उपायुक्त जितेन्द्र जोरवाल और पुलिस कमिश्नर कुलदीप चहल अस्पताल पहुंचे। इसके बाद पुलिस अधिकारी गोगी के घर भी गए। घटना की जांच कर रहे एडीसीपी जसकरण सिंह तेजा ने बताया कि पिस्टल 25 बोर का था। विधायक की मौत किन हालातों में हुई है यह कहना जल्दबाजी होगी। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। इस घटना की सूचना मिलने के बाद आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा शनिवार सुबह करीब पांच बजे लुधियाना में मृतक गोगी के आवास पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। अरोड़ा ने कहा कि पुलिस सभी बिन्दुओं पर काम कर रही है। परिवार के साथ उनकी संवेदना है। गुरप्रीत सिंह बस्सी उर्फ गोगी लंबे समय तक कांग्रेस में रहे। गोगी 2022 में चुनाव से पहले आम आदमी में शामिल हुए थे। वह लुधियाना नगर निगम में तीन बार पार्षद रहे। उनकी पत्नी डॉ. सुखचैन कौर भी एक बार पार्षद रह चुकी हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में गोगी ने कांग्रेस के उम्मीदवार पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु को हराया था। चुनाव के दौरान वह तब सुर्खियों में आए जब अपनी पत्नी के साथ एक पुराने स्कूटर पर नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे।



### अयोध्या में सालभर में रामलला के 3.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**अयोध्या :** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन के एक वर्ष पूरा होने पर शनिवार को प्रतिष्ठा द्वादशी का तीन दिवसीय उत्सव धूमधाम के साथ शुरू हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब तक 3.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक प्राण प्रतिष्ठा के दिन से आज तक श्रद्धालुओं के आंकड़ों पर नजर डालें तो यह 3 करोड़ 50 लाख को पार कर गया है। प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी के अवसर पर शनिवार सुबह साढ़े 6 बजे से ही राम मंदिर में भक्तों की लंबी कतार लगी हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### वेनेजुएला : विवादित चुनावी नतीजे के बीच निकोलस मादुरो तीसरी बार बने राष्ट्रपति



**काराकास (वेनेजुएला) :** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने शुक्रवार को सत्तारूढ़ पार्टी की ओर से नियंत्रित नेशनल असेंबली के समक्ष तीसरे कार्यकाल की शपथ ली। विपक्ष ने मादुरो पर चुनावी धांधली से जीत का आरोप लगाते हुए दावा किया कि चुनाव में उसे जीत मिली है। विपक्ष के राष्ट्रपति पद के दावेदार एडमंडो गोंजालेज को अमेरिका सहित कई देशों द्वारा निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में मान्यता दी गई। मादुरो के शपथ ग्रहण से एक दिन पहले ही विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिए जाने का मामला सामने आया है। हालांकि सरकार ने इसका खंडन किया है। वेनेजुएला की राजनीतिक अस्थिरता की तरफ हाल ही में तब विश्व भर की नजरें गई जब 28 जुलाई 2024 में मतदान समाप्त होने के कुछ घंटों बाद चुनाव अधिकारियों ने मादुरो को विजेता घोषित कर दिया लेकिन उन्हें कितना मत मिला, उसकी संख्या नहीं बताई। वेनेजुएला के चुनाव प्राधिकरण और शीर्ष अदालत ने मादुरो को चुनाव में विजेता घोषित किया। हालांकि विपक्ष ने दावा किया कि उसने 80 प्रतिशत से अधिक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से मतों की गणना एकत्र किए, जिसमें पता चला कि गोंजालेज को मादुरो से दोगुने वोट मिले हैं। मादुरो शासन के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन होते रहे हैं। 2011 में मादुरो के पहली बार चुने जाने के बाद से ही वैश्विक तेल की कीमतों में भारी गिरावट आई और पूरी तरह तेल राजस्व पर निर्भरता के चलते वेनेजुएला आर्थिक संकट के दलदल में धंसता चला गया। मुद्रास्फीति आसमान छूने लगी और जरूरी चीजों की भारी कमी हो गई। जिसके बाद 2014 और 2017 में मादुरो शासन के खिलाफ जनता सड़कों पर उतरी जिसे सरकार ने सख्ती से नियंत्रित किया। इन प्रदर्शनों में काफी संख्या में प्रदर्शनकारियों की मौत हुई।

### शिवसेना यूबीटी अकेले लड़ेगी नगर निगम चुनाव

**मुंबई :** महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी के अपने दम पर नगर निगम चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद महाविकास आघाड़ी (मविआ) गठबंधन में फूट की संभावना बढ़ गई है। शिवसेना यूबीटी ने नेता संजय राऊत ने कहा कि इससे सभी पार्टियों को स्थानीय स्तर पर विस्तार का अवसर मिलेगा। लेकिन शिवसेना यूबीटी की यह घोषणा मविआ छोड़ने का संकेत माना जा रहा है। संजय राऊत ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने हमें अपने दम पर लड़ने का निर्देश दिया है। इसलिए हम मुंबई से लेकर नागपुर तक सभी चुनाव अपने दम पर लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हम इसे बस एक बार देखना चाहते हैं, जो भी होगा, यह हमारा निर्णय है। गठबंधन में चुनाव लड़ने से पार्टी का विकास प्रभावित होता है क्योंकि कार्यकर्ताओं को अवसर नहीं दिए जाते। मुंबई, ठाणे और नागपुर के कार्यकर्ताओं को कब मौका दिया जाएगा? उन्होंने कहा कि सभी दलों को स्थानीय निकाय चुनाव अपने दम पर लड़ना चाहिए और अपने कार्यकताओं को अवसर देना चाहिए। संजय राऊत के इस व्यक्तव्य पर राकांपा एसपी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है।

# नेपाल के प्रधानमंत्री ने एक ही दिन में चार अध्यादेश लाने का किया फैसला



एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा 'ओली' ने कैबिनेट की बैठक में एक साथ चार अध्यादेश लाने का फैसला किया है। शुक्रवार रात 10 बजे से शुरू हुई कैबिनेट बैठक 12 बजे समाप्त हुई। इस दौरान चार अध्यादेश जारी करने के लिए राष्ट्रपति के समक्ष सिफारिश करने का फैसला किया गया है। केंद्रीय कानून मंत्री अजय चौरसिया ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि सरकारी कामकाज की गति को चुस्त दुरुस्त करने के लिए सरकार ने एक अध्यादेश लाने का फैसला किया है। इस नए अध्यादेश में किसी भी सरकारी कर्मचारी के पास कोई भी फाइल अटकाए रखने पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। नए अध्यादेश के जारी होने के साथ ही अब कोई भी सरकारी कर्मचारी अपने पास आए किसी भी परियोजना की फाइल को सात दिनों से अधिक नहीं रोक सकेगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह दूसरा अध्यादेश गैर आवासीय नेपाली नागरिकों के लिए लाया गया है। इस अध्यादेश में गैर आवासीय नेपाली नागरिकों के लिए 10 साल तक फ्री वीजा देने का प्रावधान रखा गया है। गैर आवासीय नेपाली नागरिकों की सहूलियत के लिए यह अध्यादेश लाया गया है। ऐसे ही सरकार ने नेपाल के आईटी क्षेत्र की कंपनियों को विदेश में अपनी शाखा विस्तार करने, विदेशों में दफ्तर खोलने, वहां की कंपनियों में निवेश करने और मुनाफा को नेपाल लाने के लिए भी अध्यादेश लाया गया है। कानून मंत्री ने बताया कि जिस तरह से नेपाल में आईटी क्षेत्र का विस्तार हो रहा है उसको वैश्विक स्तर तक पहुंचाने के लिए सरकार ने यह अध्यादेश लाया है।

# हम धरती के मालिक नहीं, बल्कि संरक्षक हैं : शेखावत

एजेंसी

**कोलकाता :** केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की दूरदर्शी नीतियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानकों से परे, भारत अपने लक्ष्यों पर अडिग रहेगा और हर हाल में इसे सुनिश्चित करेगा। केन्द्रीय मंत्री शनिवार को कोलकाता के साइंस सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि बीते एक दशक में भारत में जितने बड़े स्तर पर वृक्षारोपण और हरित कार्य हुए हैं, वह दुनिया के कुछ ही देशों में देखने को मिलता है। इसे बनाए रखने के लिए सभी को संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने से केवल तापमान में वृद्धि, समुद्र स्तर का बढ़ना और अनियमित वर्षा जैसे खतरे ही नहीं, बल्कि ऋतुओं के चक्र में भी बदलाव होने की संभावना है। यह परिवर्तन पूरी मानव जाति को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने चेताया कि विज्ञान और तकनीक के जरिए प्रकृति पर विजय पाने का प्रयास किया जा सकता है, लेकिन पर्यावरण असंतुलन मानव अस्तित्व पर संकट ला सकता है। शेखावत ने कहाकिहमें यह समझना होगा किहम धरती के मालिक नहीं, बल्कि केवल संरक्षक हैं इसलिए धरती का सावधानी और संवेदनशीलता के साथ उपयोग करना होगा। इसे मां के रूप में अनुभव करना होगा। उन्होंने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि घर से बाहर निकलते समय बिजली के स्विच बंद करना, कंप्यूटर में केवल आवश्यक डेटा को सुरक्षित रखना और एसी का तापमान 16 डिग्री की बजाय उपयुक्त स्तर पर रखना जैसे छोटे-छोटे कदम हर व्यक्ति को अपनाने चाहिए। कोलकाता के साइंस सिटी में ह्यएट द एज नामक एक गैलरी का उद्घाटन करते हुए मंत्री ने संबंधित विषय पर एक पुस्तिका का विमोचन भी किया। उन्होंने इस गैलरी को जन-उपयोगी बनाने और देश के अन्य चार क्षेत्रीय साइंस सिटी में भी ऐसी उच्चस्तरीय गैलरी बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त सचिव संजय कौल, नेशनल काउंसिल ऑफ साइंस म्यूजियम्स के महानिदेशक डॉ. अरिजीत दत्ता चौधरी, बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के निदेशक डॉ. ए.ए. माओ और कोलकाता साइंस सिटी के निदेशक अनुराग कुमार मौजूद थे। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने देशभर में चल रहे 38 वैज्ञानिक परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए साइंस सिटी में बैठक की।



NATIONAL HEALTH MISSION
मोतियाबिन्द
मोतियाबिन्द के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम

मोतियाबिन्द के लक्षण
- दृष्टि में धुंधलापन या अस्पष्टता।
- बुजुर्गों में निकट दृष्टि दोष में निरंतर बढ़ोत्तरी।
- रंगों को देखने की क्षमता में बदलाव, क्योंकि लेंस एक फिल्टर की तरह काम करता है।
- रात में वाहन चलाने में दिक्कत आना।
- दिन के समय आँखें चौंधियाना
- दोहरी दृष्टि (डबल विजन)।
- चश्मे के नंबर में अचानक बदलाव आना।

मोतियाबिन्द का उपचार
- मोतियाबिन्द का एक मात्र उपचार ऑपरेशन है।
- इस ऑपरेशन में आँख से धुंधला लेंस निकाल दिया जाता है और कृत्रिम लेंस लगाया जाता है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन सुरक्षित एवं सरल है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किसी भी मौसम में करवा सकते हैं।

मोतियाबिन्द की रोकथाम
- चालीस वर्ष के पश्चात नियमित रूप से आंखों की जांच कराएं।
- अपना वजन सामान्य बनाएं रखें।
- रंग-बिरंगे फलों और सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करें।
- धूम्रपान छोड़ें और शराब का सेवन कम से कम करें।

सभी सरकारी अस्पतालों में नेत्र जाँच एवं उपचार की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है।

PR- 343759 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**